राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 79
लखनऊ, बुधवार 06 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए सरकार संकल्पबद्ध : केशव मौर्य 03

एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका पर चर्चा की जरूरत : मुर्मु 12

# वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट में 45 लाख से अधिक नामांकन के साथ उत्तर प्रदेश देश में अव्वल

## खुद की पीठ थपथपाने वाली दिल्ली सरकार को दूसरा स्थान, छात्रों में वीरता के प्रति बढ़ा सम्मान बल्कि उनकी रचनात्मकता और प्रेरणा का भी हुआ विकास

विकास तिवारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर देश में पहला स्थान अर्जित कर एक बार फिर खुद को अव्वल साबित किया है।

45 लाख से अधिक छात्रों के नामांकन के साथ पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त करते हुए खुद की पीठ थपथपाने वाली दिल्ली सरकार को आईना दिखाया है। इस मामले में दिल्ली सरकार को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा है। योगी सरकार की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के साथ, उत्तर प्रदेश ने वीरगाथा प्रोजेक्ट में एक नया मानक स्थापित किया है, जिससे न केवल छात्रों में वीरता के प्रति सम्मान बढ़ा है, बल्कि उनकी रचनात्मकता और प्रेरणा का भी विकास हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में यूपी के इस प्रयास से उत्तर प्रदेश ने 45 लाख 24 हजार 559 छात्रों के नामांकन के लक्ष्य को प्राप्त किया है। यूपी ने पिछले वर्ष के वीरगाथा 3.0 प्रोजेक्ट में 39 लाख के नामांकन की संख्या को पार करते हुए इस वर्ष 6 लाख 24 हजार 559 की वृद्धि दर्ज कराई है। इस वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि हर जिले ने भागीदारी में वृद्धि की है, जिससे यह सफलता सम्भव हुई है।

**यूपी ने पिछले वर्ष के वीरगाथा 3.0 प्रोजेक्ट में 39 लाख के नामांकन की संख्या को पार करते हुए इस वर्ष 6 लाख 24 हजार 559 की वृद्धि दर्ज की।**

वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट में दिल्ली ने 18 लाख 08 हजार 556 नामांकन के साथ द्वितीय स्थान और बिहार ने 13 लाख 91 हजार 187 नामांकन के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उत्तर प्रदेश ने दिल्ली से 27 लाख 16 हजार 03 और बिहार से 31 लाख 33 हजार 372 अधिक नामांकन कर यह उपलब्धि प्राप्त किया है। आंकड़े बता रहे हैं कि इस वर्ष का नामांकन अब तक का सर्वाधिक है और उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक नामांकन हुए हैं। योगी सरकार की अगुवाई में इस वर्ष यूपी ने अपने सभी जिलों में भागीदारी बढ़ाकर न केवल एक नया रिकॉर्ड बनाया।

### यूपी ये जनपद हैं, देश के शीर्ष 50 में शामिल

आंकड़ों के अनुसार, देश के 50 सर्वाधिक भागीदारी वाले जिलों में उत्तर प्रदेश के 18 जिलों ने अपनी जगह बनाई है। देश के शीर्ष पर रहने वाले उत्तर प्रदेश के 18 जिलों में पीलीभीत (2,92,756), बुलन्दशहर (2,68,852), सन्त कबीर नगर (2,35,934), लखीमपुर खीरी (1,32,414), सिद्धार्थनगर (1,24,950), हरदोई (1,22,973) और लखनऊ (1,19,908) शामिल हैं। इनके अलावा देश के 50 शीर्ष जनपदों में महराजगंज (1,14,227), प्रयागराज (1,12,041), वाराणसी (1,04,460) ने भी जगह बनाने में सफलता अर्जित की है। सूची में यूपी के चित्रकूट (95,583), सम्भल (92,953), उन्नाव (89,358), देवरिया (83,292), बिजनौर (82,300), रामपुर (79,180), कानपुर देहात (78,641) और मुजफ्फरनगर (69,086) ने भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

### सभी विद्यालयों की भागीदारी से मिली सफलता : शिक्षा राज्यमंत्री

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि इस वर्ष वीरगाथा 4.0 के अंतर्गत ऑनलाइन नामांकन 16 सितंबर से 31 अक्टूबर तक किए गए। इस परियोजना में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को शौर्य पुरस्कार विजेताओं पर आधारित रचनात्मक गतिविधियों जैसे कविता, निबंध, कहानी, पेंटिंग और वीडियो प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिएरक्षार्थ ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किये गये थे। प्रदेश के सभी विद्यालयों की भागीदारी से यह सफलता अर्जित हुई है।

### क्या है वीरगाथा 4.0 प्रोजेक्ट

वीरगाथा प्रोजेक्ट, रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय का एक संयुक्त कार्यक्रम है, जिसे 2021 में Gallantry Awards Portal (GAP) के अंतर्गत शुरू किया गया था। इसका प्रमुख उद्देश्य, छात्रों को सशस्त्र बलों के वीर जवानों की प्रेरक कहानियों से जोड़ना है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीआई ने झारखंड के तीन स्थानों पर की छापेमारी

**साहिबगंज/रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध खनन मामले में झारखंड के तीन जिलों साहिबगंज, पाकुड़, राजमहल में छापेमारी की है। सीबीआई ने जिन लोगों के यहां रेड मारी है, वे सभी पंकज मिश्रा के करीबी बताए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि साहिबगंज में सीबीआई ने सात ठिकानों पर छापेमारी की। सीबीआई की यह कार्रवाई राजमहल उधवा के बड़े कारोबारी महताब आलम, मिर्जाचौकी के रंजन वर्मा, संजय जायसवाल, बरहरवा के सुब्रतो पाल, पत्थर व्यवसायी टिंकल भगत, अवध किशोर सिंह उर्फ पतरु सिंह और बरहरवा के भगवान भगत के यहां हुई। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने अवैध खनन मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और बिहार के 17 ठिकानों पर छापेमारी की है।

### सलमान को फिर मिली धमकी पांच करोड़ की मांगी रंगदारी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी ने 5 करोड़ रुपये की रंगदारी न देने पर फिर से जान से मारने की धमकी दी है। मुंबई पुलिस को मिले धमकी वाले मैसेज के बाद पुलिस ने सलमान खान की सुरक्षा की दोबारा समीक्षा की है। पुलिस के अनुसार मुंबई ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन को बीती रात अज्ञात शख्स ने धमकी भरा मैसेज भेजा है। जिसमें शख्स ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई होने का दावा किया है। मैसेज में कहा गया है कि अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं तो उन्हें बिश्नोई समुदाय के मंदिर में जाकर माफी मांगनी होगी या फिर 5 करोड़ रुपये की रकम चुकानी होगी। मैसेज भेजने वाले शख्स ने कहा है कि सलमान खान इस मैसेज का पालन करने में विफल रहते हैं तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

### बाजार हरे निशान पर बंद निवेशकों को तगड़ा नुकसान

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। कारोबार की शुरुआत लाल निशान पर हुई जब कि कारोबार के अंत में बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। इस बीच टायर बनाने वाली कंपनी एमआरएफलिमिटेड आज फोकस में रहे। मंगलवार को कंपनी के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। एमआरएफके शेयर आज कारोबार के दौरान करीब 3300 रुपए तक टूट गए। कंपनी के शेयर आज करीबन 3 प्रतिशत यानी 3,295 रुपए तक टूटकर 118000.80 रुपए के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए थे।

# यूपी मदरसा एक्ट की वैधता बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को किया खारिज, 17 लाख छात्र नहीं भेजे जाएंगे सरकारी स्कूल

समृद्धि न्यूज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट की वैधता बरकरार रखी है। यानी उत्तर प्रदेश में मदरसे चलते रहेंगे और 16000 मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया, जिसमें मदरसा एक्ट को असंवैधानिक बताया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा यूपी मदरसा एक्ट के सभी प्रावधान मूल अधिकार या संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का उल्लंघन नहीं करते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट के उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें मरदसों को पीजी और रिसर्च का सिलेबस तय करने का अधिकार था। यानी अब मदरसा बोर्ड हायर एजुकेशन का सिलेबस और किताबें तय नहीं कर पाएंगे। 5 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट को असंवैधानिक करार देने वाले फैसले पर रोक लगा दी थी। केंद्र और यूपी सरकार से इस पर जवाब भी मांगा था। इस मामले में 22 अक्टूबर 2024 को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई हुई थी।



▸ सुप्रीम कोर्ट ने मरदसों को पीजी और रिसर्च का सिलेबस तय करने के अधिकार पर लगाई रोक

चीफ जस्टिस ने कहा था धर्मनिरपेक्षता का मतलब है- जियो और जीने दो। 2004 में मुलायम सरकार ने मदरसा एक्ट 2004 लागू किया। इसके खिलाफ पहली बार 2012 में याचिका दायर हुई। ये याचिका दारुल उलूम वासिया मदरसा के मैनेजर सिराजुल हक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दाखिल की थी। फिर 2014 में माइनॉरिटी वेलफेयर लखनऊ के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज, 2019 में लखनऊ के मोहम्मद जावेद ने याचिका दायर की थी। इसके बाद 2020 में रैजुल मुस्तफा ने दो याचिकाएं दाखिल की थीं।

2023 में अंशुमान सिंह राठौर ने याचिका दायर की। सभी मामलों का नेचर एक था। सभी ने एक्ट को रद्द करने की मांग की थी। कहा था धार्मिक शिक्षा से समाज में भेदभाव पैदा हो रहा। इसके बाद कोर्ट ने सभी याचिकाओं को मर्ज कर दिया। 22 मार्च, 2024 को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 86 पेज का फैसला सुनाया। कोर्ट ने मदरसा को असंवैधानिक घोषित कर दिया। इसके साथ ही यूपी सरकार को स्कीम बनाकर मदरसों के बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने को कहा था। कोर्ट ने कहा- यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन है। विभिन्न धर्मों के बच्चों के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता। धर्म के आधार पर उन्हें अलग-अलग प्रकार की शिक्षा मुहैया नहीं कराई जा सकती। अगर ऐसा किया जाता है तो यह धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा।

### शीर्ष अदालत संविधान की रक्षा करने में सक्षम : मौलाना मदनी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मदरसा एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मुस्लिम संगठनों, बुद्धिजीवियों और मदरसों से जुड़े लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त करते हुए यूपी मदरसा एक्ट-2004 को संवैधानिक करार दिया है। जमीअत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश के मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों को काफी राहत मिली है। उनका कहना है कि यह फैसला दर्शाता है कि हमारे देश की सर्वोच्च अदालत संविधान की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है और इस फैसले से अदालत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। मरकजी जमीअत अहले हदीस के अमीर मौलाना असगर अली इमाम सल्फी मेहदी ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि धार्मिक शिक्षा बेहद जरूरी है, चाहे वह मदरसों की शिक्षा हो या गुरुकुल की। उनका कहना है कि धार्मिक शिक्षा से मानव के अंदर संस्कार पैदा होते हैं और वह आपसी मेल, मोहब्बत और भाईचारे के साथ रहना सिखाती है। इस फैसले से लाखों ऐसे लोगों को फायदा पहुंचा है जो मदरसा शिक्षा से जुड़े हुए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मायावती ने किया स्वागत



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम-2004 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। मायावती ने उम्मीद जतायी कि इस फैसले से अब मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद एवं हजारों मदरसों की अनिश्चितता समाप्त हो जाएगी।

### सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को सरकार नहीं कर सकती अधिग्रहित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को अधिग्रहित नहीं कर सकती है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत से यह फैसला सुनाया।

पीठ ने हालांकि स्पष्ट किया है कि समुदाय के पास सामान के रूप में मौजूद उन संसाधनों पर सरकार दावा कर सकती है, जो सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य से हो। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह के लिए बहुमत का फैसला लिखा।

# आरओ-एआरओ और पीसीएस प्री परीक्षा की तारीख घोषित



1- प्रदेश के 41 जिलों में 7 व 8 दिसम्बर को दो पॉलियों में होगी पीसीएस प्री की परीक्षा

2- 22 और 23 दिसम्बर को तीन पॉलियों में होगी आरओ-एआरओ की परीक्षा

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** योगी सरकार ने लम्बे समय से आरओ-एआरओ प्री और पीसीएस प्री की परीक्षा की नई तारीख का इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अनुसार आरओ-एआरओ की परीक्षा 22 और 23 दिसम्बर को तीन शिफ्टों में होगी, जबकि पीसीएस प्री परीक्षा 7 और 8 दिसम्बर को दो सत्रों में होगी।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन 7 और 8 दिसम्बर को किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश के 41 जिलों में दो सत्रों में होगी। परीक्षा का पहला सत्र सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगा। वहीं आरओ-एआरओ (समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी) प्री की परीक्षा 22 और 23 दिसम्बर को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कुल तीन शिफ्टों में आयोजित कराई जाएगी। आरओ-एआरओ प्री की परीक्षा पहली और दूसरी शिफ्ट 22 दिसम्बर को होगी, जिसमें पहली शिफ्ट सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं तीसरी शिफ्ट 23 दिसम्बर को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक होगी।

इस परीक्षा के लिए 10.76 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार, यदि एक पाली में 5 लाख से अधिक परीक्षार्थी होते हैं तो परीक्षा को कई पालियों में आयोजित करना अनिवार्य हो जाता है। इसी कारण इस परीक्षा को तीन शिफ्टों में बांटा गया है

# पति ने पत्नी, दो बेटे व बेटी की गोली मारकर की हत्या

▸ तांत्रिक ने पत्नी को तरक्की में बताया था बाधा, करता था झगड़ा

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी ।** यूपी के वाराणसी में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई है। दरअसल, पति ने ही पत्नी, 2 बेटे और 1 बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी राजेंद्र गुप्ता मौके से फरार है। मंगलवार दोपहर हत्या की जानकारी किराएदारों को हुई। तब पुलिस को सूचना दी गई। वहीं अब पुलिस को आरोपी की लाश मिली है, परिवार को खत्म कर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है।

पूरा मामला जिले के घटना भेलूपुर थाना के भदैनी क्षेत्र का है। यहां पर अपने पत्नी और बच्चों को मारने वाला आरोपी पहले भी गार्ड और अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर चुका था। देर रात राजेंद्र ने पत्नी नीतू गुप्ता (45), बेटे नवनेंद्र गुप्ता (25), सुबेंद्र गुप्ता (15) और बेटी गौरंगी गुप्ता (16) को गोली मारी। राजेंद्र के मकान में करीब 20 किराएदार रहते हैं। लेकिन, किसी को इसकी भनक तक न लगी। वहीं, इस घटना के बाद यह भी बताया जा रहा है कि हत्यारा राजेंद्र रोज अपनी पत्नी से झगड़ा करता था ताकि वह दूसरी शादी कर ले। उसे किसी तांत्रिक ने बताया था कि पत्नी तरक्की में बाधा है। इस वजह से वह अक्सर पत्नी से झगड़ता रहता था।

### बुलेट ट्रेन के लिए बन रहा पुल ढहा, चार मजदूर दबे

**आणंद।** गुजरात के आणंद में मंगलवार को बुलेट ट्रेन के लिए बनाए जा रहे ट्रैक का एक पुल गिर गया है. जानकारी के अनुसार, वासद के पास यह हादसा हुआ। इसमें 4 मजदूरों के दबे होने की आशंका है। हादसे की खबर मिलते ही आणंद पुलिस, फायर ब्रिगेड समेत आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। आणंद के एसपी गौरव जासानी ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वासद गांव के पास बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के काम के दौरान यह हादसा हुआ है। इसमें 2 लोगों का रेस्क्यू किया गया है 1-2 लोगों के दबे होने की आशंका है। अधिकारी ने बताया कि अभी तक कोई डेड बॉडी नहीं मिली है। मलबे को हटाया जा रहा है। बता दें कि बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर पुल का निर्माण कार्य 29 अक्टूबर को पूरा हो गया था।

# यमुना नदी को प्रदूषित करने में आगरा नगर निगम पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया 58.39 करोड़ का जुर्माना

समृद्धि न्यूज

**आगरा ।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आगरा नगर निगम को यमुना नदी को प्रदूषित करने के मामले में 58.39 करोड़ रुपये पर्यावरणीय मुआवजा देने का आदेश दिया। एनजीटी ने आगरा निवासी चिकित्सक डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ की याचिका पर यह जुर्माना लगाया था, जिसके खिलाफ नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम अदालत ने पीएमएलए कानून के आदेश को हटाकर याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने यमुना में प्रदूषण को लेकर नाराजगी भी जताई।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने आगरा नगर निगम की याचिका पर कड़ी असहमति व्यक्त की। निगम ने एनजीटी के आदेश के खिलाफ पीएमएलए कानून हटाने और जुर्माना हटाने की मांग की थी। पीठ ने कहा कि नगर निगम अथॉरिटी ने अनुपचारित अपशिष्टें को यमुना को प्रदूषित करने की अनुमति देकर नरक बना दिया है। निष्कर्ष बहुत परेशान करने वाले हैं। इन लोगों ने नरक बना दिया है। अनुपचारित सीवेज जाने के कारण सभी नदियां प्रदूषित हो रही हैं। अप्रैल में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश के निष्कर्षों का हवाला देते हुए, शीर्ष अदालत ने बताया कि पर्यावरण मानकों का पालन करने में विफल रहने के लिए नगर निगम के लोग जवाबदेही से बच नहीं सकते।




### तर्क को किया खारिज


सुप्रीम कोर्ट ने एनजीटी के इस निष्कर्ष को खारिज कर दिया कि कथित पर्यावरण उल्लंघन को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपराध माना जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायाधिकरण का अधिकार क्षेत्र धन शोधन निवारण कानून के तहत अपराधों के पंजीकरण का आदेश देने तक विस्तारित नहीं है। एनजीटी ने 24 अप्रैल को आगरा के चिकित्सक डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ की याचिका पर तीन माह के अंदर 58.39 करोड़ रुपये की पर्यावरण क्षतिपूर्ति देने के आदेश दिए थे।

# डूब रही है झामुमो की नैया, बन रही है एनडीए की सरकार : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**रांची ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज हटिया और लोहरदगा में आयोजित चुनावी जनसभा में लोगों को छठ पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने राज्य में एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है।

रक्षा मंत्री ने झामुमो के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि, अब झामुमो की नैया डूब रही है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी दिवाली के दबे हुए पटाखे है। इनकी हालत फुस्स पटाखे जैसी हो गई है। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई उंचाईयों पर ले जाने का काम करेगी। झारखंड को अलग राज्य बनाने का काम भाजपा ने ही किया था, लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार के राज में झारखंड राज्य लगातार जूबता चला गया। राज्य में 13 मुख्यमंत्री रहे, जिनमें से कई जेल भी गए। लेकिन आज तक भाजपा का कोई भी मुख्यमंत्री जेल नहीं गया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार सिर्फ अपना घर भरने के लिए सत्ता में आती है, लेकिन भाजपा विकास करने के लिए सत्ता में आती है। श्री सिंह ने कहा भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहे जिनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकारों पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते आ रहे है। उन्होने कहा कि झामुमो का अर्थ है, जेएमएम यानी जमकर मलाई मारो- झामुमो आदिवासी विरोधी पार्टी है। कहा कि इन्होंने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। सिंह ने कहा, झारखंड से हमारा आत्मीय रिश्ता है।




जनसभा

सीएम ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर हुई जनसभा में एनडीए के संकल्प पत्र को दोहराया

# बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**हजारीबाग/जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के अखाड़े में उतरे। उन्होंने जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि ताकत का अहसास कराइए। पत्थरबाज सड़कों पर झाड़ू लगाकर रास्ता साफ करेंगे और हर घर पर बजरंगी पताका फहराती दिखाई देगी। साथ ही कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। योगी ने कहा कि झामुमो, राजद और कांग्रेस का गठबंधन झारखंड के विकास के लिए नहीं है। ये विनाश के दूत हैं। भ्रष्टाचार के फरिश्ते हैं। यहां की सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट बैंक के लिए प्रश्रय दिया है।



योगी आदित्यनाथ ने एनडीए के संकल्प पत्र को दोहराया और कहा कि एनडीए की सरकार बनी तो गोगो दीदी योजना से हर महीने महिलाओं को 2100 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही 21 लाख लोगों को पक्का घर दिया जाएगा। बालू फ्री में दी जाएगी। ये सभी लाभ झारखंडवासियों को दिए जाएंगे, बांग्लादेशी घुसपैठियों को नहीं।योगी ने कहा कि जो लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बन पाएगा, वे देख रहे हैं कि मंदिर भी बन गया और रामलला विराजमान भी हो गए हैं। नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निर्दोष नागरिकों-हिंदुओं को छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर बने, इसके लिए रामभक्तों ने संघर्ष किया। लाखों रामभक्तों ने बलिदान भी दिया। योगी ने कहा कि कांग्रेस, राजद, झामुमो राम मंदिर निर्माण के मार्ग में बाधक थे। यूपी में भाजपा सरकार बनी, तो 500 वर्ष की समस्या का समाधान हो गया।

### झामुमो का संरक्षण पाकर झारखंड में फल-फूल रहे माफिया

योगी ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो व राजद ने गरीबों के पेट पर लात मारा। किसानों को आत्महत्या और नौजवानों को पलायन के लिए मजबूर किया। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर यह क्षेत्र अभ्रक की खदानों के लिए जाना जाता है। घर बनाने के लिए गरीब को एक ट्राली बालू नहीं मिलता लेकिन सरकार का संरक्षण प्राप्त करके बालू माफिया, वन माफिया, शराब माफिया, भूमाफिया फल-फूल रहे हैं। माफिया का उपचार केवल भाजपा है। पहले यूपी भी माफिया सीना तानकर चलते थे लेकिन 2017 के बाद जब बुलडोजर ने चलना प्रारंभ किया तो दुर्दांत से दुर्दांत माफिया भी उत्तर प्रदेश को छोड़ चुके हैं। खनन, वन, पशु, संगठित अपराध में लिप्त माफिया, शराब, भूमाफिया आदि यूपी से ऐसे ही गायब हो गए हैं, जैसे गधे के सिर से सींग।

### कांग्रेस के समय चीन भारत में घुसता था, आज वह पीछे हट रहे

योगी ने कहा कि अब देश की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं होगा। कांग्रेस की सरकार होती थी तो चीन हमारे देश के अंदर घुसता था और अब चीन की सेना पीछे हट रही है। वहां भारत की सेना गश्त कर रही है। भारत का नाम सुनकर पाकिस्तान को कंपकंपी शुरू हो जाती है। पाकिस्तान को सपने आते हैं। वह यूएन में कहता है कि भारत हमला कर सकता है, बचाओ। सरकार ऐसी ही होनी चाहिए, जो दुश्मन के दिल को दहला सके।

# बैठक में विधायक ने सोलर प्लांट व सरकारी अनुदान की दी जानकारी

**पांच करोड़ की लागत से निर्मित परियोजनाओं का किया गया लोकार्पण**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




मंगलवार को ब्लॉक कुंभी सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवधेश मिश्र ने किया। जिसमें विधायक अमन गिरि ने रुफटॉप सोलर प्लांट की उपयोगिता का महत्व बताते हुए सोलर प्लांट को लगवाने के लिए सरकारी अनुदान व कम निवेश में आवेदन कर इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। ब्लॉक सभागार में विधायक अमन गिरि की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सौर ऊर्जा को लेकर लोगों को तमाम जानकारियां दी। बैठक में 15वां (केंद्रीय वित्त) आयोग टाइड फंड 2024-25 के अंतर्गत 5 करोड़ की धनराशि से निर्मित परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, ब्लॉक प्रमुख कुंभी विमल वर्मा, खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्रा, ग्राम प्रधान लाल्हापुर जनार्दन गिरि, ग्राम प्रधान गोला देहात राजेश गिरि, ग्राम प्रधान लंदनपुर ग्रंट आलोक जायसवाल, ग्राम प्रधान अहमदनगर मुकेश गुप्ता, ग्राम प्रधान रायपुर ग्रंट दीपक कुमार, ग्राम प्रधान मूड़ा पासी अभय भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य तौहीद खान, सभासद आनंद सोनी, राजेश वर्मा, हरिओम वर्मा, पंकज गुप्ता, आशीष मिश्र, केके शुक्ल सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# निघासन चेयरमैन ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

**चेयरमैन ने उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य को क्षेत्रीय समस्याओं से कराया रूबरू**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन नगर पंचायत अध्यक्ष ने लखनऊ पहुंचकर डिप्टी सीएम से मुलाकात कर निघासन नगर पंचायत सहित क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए निस्तारण कराए जाने की मांग की।

निघासन इलाके सहित नगर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य ने लखनऊ स्थित आवास पर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर बताया कि नगर में जल निकासी की भीषण समस्या को देखते हुए लगभग 4 से 5 किलोमीटर नाला निर्माण, नगर में झुग्गी झोपड़ी डालकर रहने वाले गरीब पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ, नगर क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रोडवेज बसों के संचालन के साथ साथ रोडवेज बस अड्डा, सहित नगर पंचायत निघासन बनने के उपरांत भी अभी तक बिजली की सप्लाई ग्रामीण रोस्टर के अनुसार ही की जा रही को परिवर्तित कर नगरीय क्षेत्र के अनुसार करना, के साथ साथ बीते दिनों प्राकृतिक आपदा के तहत आई भीषण बाढ़ के चलते ग्राम पंचायत लुधौरी में रानीगंज पुल से बैलहा तक पूर्व में बनाने बांध के कट जाने से नगर क्षेत्र के साथ साथ इलाके के सैकड़ो गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे, इस विकराल समस्या के समाधान हेतु क्षतिग्रस्त बांध का निर्माण कार्य कराए जाने जनहित में मांग का मांग पत्र सौंपा, मांगपत्र में अंकित समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चेयरमैन पुत्र विनोद मौर्य, सहित विपिन कुमात मौर्य भी मौजूद रहे।

# सुविधाशुल्क न देने से नाराज लाइनमैन वापस ले गया विद्युत मीटर

**विद्युत मीटर लगाने को लाइनमैन ने मांगा 500 रुपए सुविधा शुल्क**

**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विद्युत विभाग पलिया क्षेत्र में उपभोक्ताओं से अवैध उगाही करने एवं वित्तीय नियमितताओं का खेल लम्बे अरसे से जारी है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं से सेवा के नाम पर अवैध धन उगाही की जा रही है।

शिकायतकर्ता ज्ञान प्रकाश पुत्र स्व0 करुणा शंकर अवस्थी निवासी मोहल्ला काकुपुरियान पलिया कलाँ खीरी ने उच्चाधिकारियों को प्रेषित शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि उसने घरेलू विधुत कनेक्शन का आवेदन किया था जिसकी प्रक्रिया पूर्ण होने पर लाइनमैन विवेक नया विधुत लेकर उपभोक्ता के घर आये और उपभोक्ता से कनेक्शन हेतु तार मंगवाकर खम्भे से विधुत तार खींचकर मीटर फिट करने के बदले पाँच सौ रुपये सुविधाशुल्क की माँग की गई। उपभोक्ता द्वारा सुविधा शुल्क देने में असमर्थता जाहिर करने पर आरोपी लाईनमैन ने बिना विधुत मीटर लगाये उपभोक्ता का तार जोड़ दिया और सुविधा षुल्क की मांग पुरी न होने पर कनेक्शन हेतु निर्गत मीटर को अपने साथ लेकर वापस चले गये। पीड़ित उपभोक्ता ने बताया की लाइनमैन का कहना है कि जब ?500 हो जाए तब बताना तुम्हारा मीटर लगा देंगे उपभोक्ता ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही तो लाइनमैन ने अधिकारियों को अपनी जेब में रखने की बात कही। पीड़ित ने बताया की घटना के समय स्थानीय नागरिक उपस्थित थे जिन्होंने लाइनमैन को समझाते हुये आरोपी से मीटर फिट करने का अनुरोध किया बदले में दीपावली की मिठाई खाकर जाने को कहा, लेकिन विद्युत विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त उक्त लाइनमैन ने बिना सुविधाशुल्क लिये मीटर लगाने को तैयार नहीं हुआ।

मोहम्मदी नगर में दिन दहाड़े मीटर रीडर के बहाने से आये तीन लुटेरों ने तमंचे की नोक पर 5000 रुपये सहित सोना चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए। नगर के गुलौली रोड स्थित विनोद कुमार पाल पुत्र जयपाल सिंह एक प्राइवेट विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। पत्नी घर में अकेली थी कि तीन व्यक्ति अपाचे मोटर साइकिल से लगभग 12:30 बजे आये और अपने को मीटर रीडर बताकर दरवाजा खुलवाते हुए एक व्यक्ति वही खड़ा रहा एवं दो व्यक्ति अन्दर घुसते ही पत्नी के कनपटी पर तमंचा रखकर 5000 रुपये नगद सोने के कुंडल, अगूंठी, पैंडल, मंगलसूत्र दो जोड़ी चाँदी की पायल उड़ा ले गए। कस्बा इंचार्ज बाबू राम ने प्रार्थना पत्र लेकर विवेचना शुरू कर दी है किन्तु अभी तक रिपोर्ट अंकित नही है।

# राकिशसं ने मांगा नए पेराई सत्र का 14 दिन में गन्ना भुगतान

**बजाज मिल के महाप्रबंधक बोले- बैंक से लिमिट बनाने का हो रहा प्रयास**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



किसान शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन से संबद्ध राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन की किसान पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के चालू होने वाले पेराई सत्र में खरीदे गए गन्ने का 14 दिन में भुगतान किए जाने, प्रति पर्ची दस हजार रुपये एडवांस दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के महाप्रबंधक गन्ना पी,एस चतुर्वेदी ने कहा कि वह अपने उच्च अधिकारियों को इस निर्णय से अवगत कराएंगे। साथ ही कहा कि हमारा बैंकों से सीसीएल क्रेडिट लिमिट बनने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके बाद ही संभव हो सकेगा। किसान पंचायत में खांडसारी उद्योग क्रेशरों का भुगतान उनके लाइसेंसिंग आदेश 1967 की धारा 5 के अंतर्गत सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य का करवाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

बता दें कि सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड प्रांगण में हुई पंचायत में प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने कहा कि गन्ना किसान भुगतान पाने के लिए तरस रहा है। सरकार और उसके मंत्री, सांसद, विधायक, चुप्पी साधे है। सरकार और विपक्ष इस मुद्दे पर मौन धारण किए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को नए भुगतान को 14 दिन में लेने के लिए प्रयास करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया तो सत्याग्रह होगा। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि शाहजहांपुर के किसान मेले में प्रदेश शासन की प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी विकास बीना कुमारी मीणा को क्रेशरों का भुगतान उनके अनुबंध के अनुसार सरकारी दर पर करने का ज्ञापन दिया था। जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया था, कि सरकारी दर पर ही भुगतान करवाया जाएगा। इसलिए किसान क्रेशर पर सरकारी दर पर ही गन्ना बेचें। पंचायत में गन्ना समिति के डेलीगेट हरिकरन लाल, अनिल कुमार, ओमप्रकाश वर्मा, राधेश्याम, शिवदयाल, नरायन लाल, विजय शुक्ला, राम भरोसे, मानसिंह, सुमित कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा, सतीश कुमार, जगदीश प्रसाद, जीवनलाल, दिनेश शुक्ला, जय सिंह, विपिन कुमार, श्याम किशोर, राम लड़ैते अवस्थी सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने लोहन्ना गौशाला का किया औचक निरीक्षण



**मितौली खीरी।** एसडीएम विनीत कुमार उपाध्याय ने लोहन्ना गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण, के दौरान गोवंशीय पशु ओ को शीतकालीन व्यवस्थाओं तथा कमजोर पशुओं की देख रेख सुनिश्चित किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी मितौली गोवंश पशुओं के चारे पानी की व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की गौशाला की विशेष रूप से देखभाल किए जाने के निर्देश दिए गए।

# बढ़ने लगी ठंड, न्यूनतम पारा पहुंचा 16 डिग्री, दिन पर दिन बदल रहा मौसम का मिजाज

**बिजुआ खीरी।** दीपावली के बाद से मौसम का मिजाज दिन पर दिन बदल रहा है। ठंड का असर दिनों दिन बढ़ने लगा है। रात और सुबह के समय ठंड बढ़ गई है। सुबह के समय धुंध भी छाने लगी है। न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक पहुंच गया है। ठंड से बचने के लिए लोग सुबह शाम गर्म कपड़ों में नजर आने लगे हैं।दिन में तेज धूप निकलने से ठंड का असर कम हो जाता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री रहा। तापमान में गिरावट होने के साथ ही सुबह कोहरे का असर भी दिखने लगा है। शनिवार सुबह आठ बजे तक कोहरा छाया रहा। मौसम जानकारों के मुताबिक तापमान में अभी और गिरावट आएगी। मध्यम गति से हवाओं के चलने से मौसम में निरंतर गिरावट हो रही है जिससे आने वाले दिनों में ठंड में इजाफा होना तय है।



# गाजियाबाद में वकीलों पर लाठीचार्ज से गोला के वकील आक्रोशित

**कार्य वहिष्कार करते हुए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



गाजियाबाद में वकीलों पर हुए बर्बर लाठी चार्ज से आक्रोशित सेंट्रल बार एसोसिएशन गोला के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कार्य वहिष्कार किया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। एसोसिएशन के महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने अधिवक्ता साथियों के साथ एसडीएम विनोद गुप्ता को ज्ञापन दिया। जिसमें वकीलों ने प्रतुखता से मांग की है। कि गाजियाबाद के जिला न्यायालय में वकीलों पर हुए बर्बर लाठी चार्ज की निष्पक्ष जांच कराई जाए। तथा दोषी पुलिसकर्मियों व अधिकारियों का तत्काल निलंबन किया जाए। वहीं गाजियाबाद के जिला जज को तत्काल हटाकर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। घायल वकीलों को तत्काल पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता व सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री राकेश त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष लाल बिहारी वर्मा, विमल श्रीवास्तव, संतराम भारती, रजनी सिन्हा, संदीप अवस्थी, राजेश गिरि, संजय मिश्रा, महेंद्र शुक्ला, सत्यनारायण पांडे सहित कई वकील मौजूद रहे।

# कुंभी चीनी मिल ने नवीन पेराई सत्र का पहला भुगतान भेजा

**अमीरनगर खीरी।** बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल ने किसानों को राहत देते हुए नवीन पेराई सत्र 2024 –25 का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया ।कुंभी चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कुंभी चीनी मिल ने दो नवम्बर से लेकर चार नवम्बर तक खरीद किए गए गन्ने का भुगतान 665 किसानों के बैंक खाते में 58.80 लाख रुपए का भुगतान भेज दिया है ।बताते चलें किसी भी किसान का चीनी मिल में गन्ना संबंधी पूर्व पेराई सत्र का भुगतान बकाया नहीं है चीनी मिल पूर्व सत्र का शत प्रतिशत भुगतान पहले ही कर चुकी है। मुख्य महाप्रबंधक ने किसानों से अपील की है कि किसान अपना गन्ना औने पौने दामों पर कोल्हू क्रशर पर न बेचें , किसान अपना गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें जिससे उनका बेसिक कोटा मजबूत हो सके ।साथ ही कहा नवीन पेराई सत्र में आवंटित शिफ्ट में दर्ज अपने–अपने ग्रामों के अनुसार ही जड़ ,पत्ती,अगौला रहित ताजा गन्ना मिल गेट पर आपूर्ति करें ताकि उन्हे तौल संबंधी होने बाली असुविधाओं से बचाया जा सके।

# दिव्यांग यूनियन ने हक के लिए आवाज बुलंद करने का लिया संकल्प

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक का आयोजन विकास खंड कुंभी परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष विकास कुमार ने की। बैठक में प्रमुख रुप से दिव्यांगों की उपेक्षा का मन मुद्दा प्रमुख रहा। यहां विकास कुमार ने क्षेत्र से आए दिव्यांगों को संबोधित करते हुए कहा। कि दिव्यांगों को ग्राम प्रधान से लेकर लोकसभा तक पूरे पांच साल जनप्रतिनिधियों द्वारा केवल वोट लेने का काम किया जाता है। इसके बाद कोई उनका दुख दर्द नहीं पूंछता। उनका आरोप है कि अधिकारी दिव्यांग समाज के लोगों के लिए कार्य करने को तैयार नहीं। महापर्व दीपावली पर दिव्यांगों को एक पेंशन का सहारा होता था, वह भी मौजूदा सरकार नहीं दे सकी। दिव्यांगों का कहना है, कि जिले में लगभग 20 हजार दिव्यांग पेंशन धारक हैं। उसमें से लगभग 15 हजार दिव्यांगों की पेंशन आई। जिसमें 5000 दिव्यांग पेंशन पाने से वंचित रह गए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था, कि दिव्यांगजन को 1500 मासिक पेंशन दी जाएगी, लेकिन वह वादा भी झूठा निकला। सरकार एक फैसला लेकर एक विशेष कार्ड बनाए ताकि उस कार्ड पर सभी योजनाओं का लाभ मिले सके। दिव्यांगजनों को पेंशन दी जाए, राशन दिया जाए, रोडवेज बसों व रेलवे सफर के लिए पास दिया जाए। बैठक में सभी दिव्यांगजनों ने एकजुट होकर अपनी हक की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संजेश कुमार राठौर, तिलकराम वर्मा, मिथिलेश कुमार, सर्वेश कुमार अर्कवंशी, जाहिर, जगपाल, राजेश मौर्य, राहुल वर्मा, इसरार, नरेंद्र, रियाजुद्दीन इदरीसी नगर अध्यक्ष, सभासद मनीराम, पुष्पा, आरती, पृथ्वी पाल, दिनेश वर्मा सहित तमाम दिव्यांगजन मौजूद रहे।

# अब 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का भी बनने लगा आयुष्मान कार्ड

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

70 वर्ष या उससे से अधिक उम्र के लोगों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी लाभ देने के लिए सरकार ने योजना की शुरुआत कर दी है। इसके अंतर्गत पहला आयुष्मान कार्ड भी जनपद में बन गया है। यह कार्ड जिला महिला चिकित्सालय में बनवाया गया है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ अमितेश दत्त द्विवेदी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे से अधिक आयु वर्ग के वयोवृद्ध जनों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जनपद में भी शासन के निर्देश के बाद सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर शुरू हो गई है। इसी क्रम में जिला महिला चिकित्सालय में तैनात आयुष्मान मित्र राधा द्वारा गिरीश कुमार सिंह का पहला कार्ड बनाया गया है, जो लखीमपुर के शास्त्री नगर मोहल्ले के रहने वाले हैं और उनकी जन्मतिथि 1950 है। उन्हें आयुष्मान कार्ड सोमवार को प्रदान भी कर दिया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ अक्षत अग्रवाल, जिला सूचना प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।



# मिल चलते ही लंबी कतारों के जाम से जूझने लगे किसान

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



किसानों की लंबी प्रतीक्षा के बाद सोमवार को गुलरिया चीनी मिल में पेराई सत्र प्रारंभ हो गया। इससे राजमार्ग पर गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रालियों के आने से लंबी कतार लग गई। चीनी मिल में अपना गन्ना ले जाने वाले किसान अक्सर वाहनों को आडा तिरछा खड़ा कर देते हैं जिससे जाम की समस्या से राहगीरों को जूझना पड़ता है। किसानों को गन्ना पर्ची उपलब्ध कराने के बाद किसान अपना गन्ना लेकर चीनी मिल में जाते हैं जहां वह अपना वाहन सड़क किनारे आडा तिरछा खड़ा कर देते हैं जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई बार किसान लाइन तोड़कर आगे जाने के प्रयास में भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न कर देते हैं जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना का कारण बनते हैं। लेकिन मिल प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता। राजमार्ग पर वाहनों की कतार लग जाती है जिससे लोग घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं जाम के चलते गंतव्य तक पहुंचने में काफी देर हो जाती है।

# महिला पंचायत सहायक से अभद्रता, बीडीओ को कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

**पंचायत सहायकों ने लामबंद होकर कार्रवाई की मांग की**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन इलाके की महिला पंचायत सहायक से गांव के ही कुछ दबंगों ने अभद्रता कर खींच तान की, मामले में बीच बचाव करने आए भाइयों को मारा पीटा, मामले में ब्लॉक की पंचायत सहायकों ने लामबंद होकर खंड विकास अधिकारी निघासन को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है।

मामला निघासन ब्लॉक की ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 12 का है, जहां की पंचायत सहायक फूलन देवी के साथ दर्जनों पंचायत सहायक निघासन विकास खंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ जयेश कुमार सिंह को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 31 अक्टूबर को छु?ट्टी के दिन सरकारी आदेशानुसार पंचायत स्तर पर बैठकर फैमिली आई. डी. बना रही थी, तभी गांव के ही हरिश्चंद्र, रामकिशुन, पुत्रगण प्रहलाद, अनुज कुमार पुत्र रामकिशुन, अनेक पुत्र रामकिशुन, सूरज पुत्र अज्ञात, विपिन पुत्र राधे, मंजीत पुत्र रमेश अपने अन्य साथियों के साथ आये और कहने लगे कि मेरी फैमिली आईडी बनाओ, जिस पर पंचायत सहायक राशन कार्ड का हवाला देते हुए कहा कि आपकी फैमिली आईडी नही बन पायेगी, इस दबंग आग बबूला होकर अभद्रता करने लगे, लेकिन मामला शांत हो गया, अगले दिन 01 नवम्बर को शाम करीब 7‑00 बजे अपने घर के सामने लगे नल पर पानी लेने गयी थी, तभी मौके पर पहले से मौजूद उक्त दबंग पंचायत सहायक को जबरन पकड़कर खींचने लगे, शोर शराबा करने पर पिता व भाई प्रमोद बीच बचाव करने लगे, जिस पर दबंगों ने पंचायत सहायक सहित भाई और पिता को लात घूतो से मारा पीटा जिससे सभी को अन्दरूनी चोटे आयी है। जाते-जाते दबंग ऐलानिया धमकी देते हुए कही मुंह दिखाने के लायक नहीं रहने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद पंचायत सहायक रिजवान, अमरजीत, रजनी, ज्योती, प्रीती, निदा, पूनम, दीपा, दीपू, जगदीश, तबस्सुम, खुशनुमा, राफिया बानो आदि सहित ब्लॉक की समस्त पंचायत सहायक मौजूद रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 से 20 नवंबर तक होंगे कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 नवम्बर, 2024 को ''जनजातीय गौरव दिवस'' के अवसर पर 'जनजाति भागीदारी उत्सव' का वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा।

इस आयोजन के सफल आयोजन हेतु समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में एक बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम में जनजातीय जीवन की स्पष्ट झलक आनी चाहिए। इस कार्यक्रम में आने वाले कालाकारों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में भारत के 22 राज्यों-उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, झारखण्ड, जम्मूकश्मीर, बिहार, मिजोरम, मेघालय, पश्चिम बंगाल एवं दिल्ली के अतिरिक्त विदेशों की दो टीमों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति कराया जायेगा। जनजातीय कलाकारों के साथ-साथ घुमन्तु जातियों, नट, बीन, बहरूपिया एवं भपंग वादन, कच्ची घोड़ी, लॉगमैन, कठपुतली के कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

## नहाए-खाए के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व, कलाकारों ने गाए छठ गीत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । महापर्व छठ मंगलवार से नहाय-खाय से शुरू हुआ। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत के लिए लखनऊ में तैयारियां जोरों पर हैं। लक्ष्मण मेला मैदान में छठ घाट पर लोग बेदियां बना रहे हैं। वहीं नगर निगम कर्मचारी सफाई में लगे हुए हैं। नगर निगम की ओर से 20-20 कर्मचारियों की तीन शिफ्ट यहां लगाई गई है।

अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि शासन स्तर पर उनकी वार्ता चल रही है। 7 तारीख को अवकाश घोषित करने की मांग की है। छठ पर्व के पहले दिन लक्ष्मण घाट पर लोक कलाकार पहुंचे और पर्व से जुड़े लोक गीत गाए। यहां पुलिस कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इसके अलावा एक खोया पाया विभाग का भी टेंट लगा है। सुबह कमिश्नर रोशन जैकब ने घाट पहुंचीं और तैयारियों का जायजा लिया। कमिश्नर रोशन जैकब ने कहा- छठ पूजा घाटों पर हेल्थ एटीएम, फायर की गाड़ी, गोताखोर और पुलिस मौजूद रहेगी। कमिश्नर ने कहा- घाट तक जाने वाली सड़क की 24 घंटे में मरम्मत की जाएगी। लखनऊ में छठ पूजा में करीब 5 लाख लोग शामिल होते हैं। हालांकि गोमती नदी के अलावा यह लोग अपने-अपने इलाके, स्थानीय कॉलोनी और घर की छतों पर भी पूजा करते हैं। छठ पूजा में सीएम योगी आदित्यनाथ भी शामिल होते हैं।

### मंत्री ने छठ पूजा घाटों पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लोक आस्था के छठ महापर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी लखनऊ एवं नगर आयुक्त को जनपद के विभिन्न घाटों एवं पूजा स्थलों पर व्यापक सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि लखनऊ के विभिन्न घाटों पर आयोजित होने वाले छठ पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं एवं उपासकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ प्रकाश का समुचित प्रबंध अनिवार्य रूप से कराया जाए। घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु शुद्ध पेयजल के प्रबंध हेतु भी उन्होंने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए, जिससे छठ महापर्व के उपासकों को अपने व्रत, पूजा एवं अर्घ्य की प्रक्रिया और पवित्रता में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो। श्री खन्ना ने निर्देश दिए हैं कि छठ पूजा घाटों व पूजा स्थलों एवं उनके आसपास और पहुंच मार्गों पर बेहतर सफाई व्यवस्था को विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए।

### कमिश्नर रोशन जैकब पहुंची घाट, देखी तैयारियां

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में छठ पूजा घाटों पर हेल्थ एटीएम, फायर की गाड़ी, गोताखोर और पुलिस मौजूद रहेगी। घाट तक जाने वाली सड़क की 24 घंटे में मरम्मत की जाएगी। मंगलवार को कमिश्नर रोशन जैकब ने इस बाबत निर्देश जारी किया। कमिश्नर छठ पूजा घाट के दौरे पर निकली थीं। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार उनके साथ रहे। कमिश्नर सबसे पहले लक्ष्मण मेला मैदान पहुंचीं। यहां गोमती नदी घाट की साफ-सफाई का जायजा लिया। उसके बाद नदी के जिस हिस्से में लोग पानी के अंदर खड़े होंगे, उसकी विशेष सफाई कराने का आदेश दिया। उन्होंने नदी के दोनों तरफलगे हाई मास्क लाइट जलाने, चिकित्सा कैंप की व्यवस्था, अस्थायी शौचालय बनाने, सड़क का निर्माण, गोताखोर, स्टीमर-नाव की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा की अनुमति, फॉगिंग, पानी का छिड़काव, रास्ते को वन वे करने, टूटे हुए रेलिंग की मरम्मत करने समेत सभी कार्यों को 6 नवंबर तक पूरा करने का आदेश दिया। लखनऊ में छठ पूजा में करीब 5 लाख लोग शामिल होते हैं। हालांकि गोमती नदी के अलावा यह लोग अपने-अपने इलाके, स्थानीय कॉलोनी और घर की छतों पर भी पूजा करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे : अखिलेश यादव

**लखनऊ/गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां कहा कि पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे। अपनी-अपनी सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि उपचुनाव हारने के डर से भाजपा ने चुनाव टाल दिया, क्योंकि यह चुनाव महाराष्ट्र चुनाव के लिए भी निर्णायक होगा। अखिलेश यादव यहां हापुड़ रोड स्थित एक फॉर्म हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अदालत में हुए लाठीचार्ज के विरोध में कहा कि वकील न्यायालय में पिट रहे हैं, तो लोगों को न्याय कैसे मिलेगा। उन्होंने कहा भाजपा पार्टी प्रदेश की सबसे बड़ी भूमाफिया पार्टी है। नदी सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला कर रहे हैं। हिंडन नदी साफ करने के नाम पर भी बड़ा घोटाला किया है। भाजपा राज में हर कोई त्रस्त है। श्री यादव ने गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सिंह राज जाटव के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे उपचुनाव में पूरी शक्ति झोंक दी और गठबंधन प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाएं।

### हिन्दू महासभा त्रिदंडी ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक मंगलवार की भांति अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के तत्वाधान में यहां मजरा बीबियापुर के ग्राम पैकरामऊ स्थित शिव मन्दिर में सामूहिक रूप में हनुमान चालीस का पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान राम मनोहर यादव द्वारा हुये इस धार्मिक आयोजन के मौके पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र मौली शुक्ला, प्रदेश विशेष सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष बाराबंकी शिवम वर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यलय मंत्री प्रामोद कुमार सहित क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद थे। हनुमान चालीसा के पाठ के उपरान्त राश्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने सम्बोधित करते हुये लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक मंगलवार को देश-प्रदेश के विभिन्न मन्दिरों में सामूहित रूप से हनुमान चालीसा, एवं आरती कर देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। जैसे मुसलमान शुक्रवार को जुम्मे के दिन सभी मस्जिद को जाते हैं और नमाज अदा करते हैं इस रूप में हिंदू मंगलवार की शाम को नजदीकी मंदिर में जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करें और हिंदुओं को संगठित होने का संदेश दें।

### साइबर सेल ने पीड़ित के खाते में वापस कराएं एक लाख 72 हजार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के नाम पर एक व्यक्ति के खाते से एक लाख 72 हजार 638 रुपये साइबर ठगों ने निकाल लिए थे। मामले में साइबर क्राइम सेल ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते में ठगी की गई सारी धनराशि वापस करायी है। प्रभारी निरीक्षक सतीश चन्द्र साहू ने मंगलवार को बताया कि 29 जून को एक शिकायत दर्ज करायी थी। इसमें पीड़ित ने बताया कि उसके खाते से साइबर ठगों ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के नाम पर उनके खाते से एक लाख 72 हजार 638 रुपये निकाल लिए। जब इसकी जानकारी उन्हें हुई तो उन्होंने साइबर पुलिस से सम्पर्क किया। मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करते हुए साइबल सेल ने पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करायी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किसी भी अंजान व्यकित द्वारा कस्टमर सपोर्ट अधिकारी बताकर आपका यूपीआई पिन या ओटीपी मांगता है तो उसे न बताएं। सावधनी बरतें।

### बाइक से टकराया सियार, बाइक सवार मां-बेटे हुए घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधापी लखनऊ के महिंगवा थाना इलाके में तेज रफ्तार बाइक से वन्यजीव सियार टकरा गया। घटना में सियार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार मां-बेटे गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार सीतापुर के महमूदाबाद तहसील के मोतीपुर गांव निवासी आशीष (26) पुत्र जगजीवन राजपूत अपनी मां मीरा राजपूत (50) के साथ बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदार के यहां से वापस अपने गांव जा रहा था। बख्शी का तालाब के करीम नगर गांव के पास कुर्सी रोड पर अचानक बीच सड़क पर आए सियार से बाइक टकरा कर बेकाबू होकर गिर गई। इससे आशीष और उसकी मां को सिर, हाथ और पैर में चोट आई। राहगीरों की सूचना पर महिगंवा थाने से सब इंस्पेक्टर अभिषेक राय और कांस्टेबल लाल बहादुर मौके पर पहुंचे। घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। थानाध्यक्ष शिव मंगल सिंह ने बताया कि मां-बेटा बाइक से अपने रिश्तेदार के घर से वापस अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान दुर्घटना हुई। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### गाजियाबाद की घटना के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में वकीलों की हड़ताल जारी है। सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ के सदस्यों ने स्वास्थ्य भवन चौराहे पर मंगलवार को गाजियाबाद जनपद न्यायाधीश का पुतला फूंक कर विरोध जताया। लखनऊ बार एसोसिएशन और सेंट्रल बार एसोसिएशन की तरफसे गाजियाबाद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी ने कहादृ कोर्ट रूम में निहत्थे वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया। यह दुखद है। इसका रोष प्रदेश भर के वकीलों में है। लखनऊ बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि गाजियाबाद बार एसोसिएशन के वकीलों से मिलने गए हैं। जज को हटाने की मांग की गई है। लखनऊ बार एसोसिएशन के मंत्री बृजभान सिंह भानु ने कहा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को वकीलों की तरफसे एक मांग पत्र सौंपा जाएगा। इसके साथ ही शासन और प्रशासन से इस विषय पर तुरंत निर्णय लेने की मांग की गई है।

### 27000 स्कूलों के मर्जर का आप ने किया विरोध, 9 को प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी में 27000 स्कूलों के मर्जर का मामला तूल पकड़ने लगा है। विपक्ष सरकार के फैसले का लगातार विरोध कर रहा है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। वंशराज ने कहा कि योगी सरकार लगभग 27,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बना रही है। इसके विरोध में 9 नवंबर को आम आदमी पार्टी यूपी के 75 जिलों में विरोध प्रदर्शन करेगी। वंशराज दुबे ने कहा, योगी सरकार ने 2020 तक 26,000 स्कूलों को बंद किया है। अब एक नया कदम उठा कर 27000 स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर रही है, जिससे छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। स्कूलों को बंद करने का फैसला न केवल सरकार की नीतियों को संदिग्ध बनाता है, बल्कि यह सीधे तौर पर गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है। सरकार स्कूलों को पास के स्कूलों में विलय करने की योजना बना रही थी। चारों तरफसे विरोध शुरू हुआ तो इसे सरकार की तरफसे भ्रामक और निराधार करार दिया है।


### आउट सोर्सिंग कर्मियों ने किया चीफ इंजीनियर कार्यालय का घेराव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के विरोध में लखनऊ चीफइंजीनियर कार्यालय का घेराव किया गया। लखनऊ में सर्किल 3, 4, 7 और 8 को मिलाकर 34 लोगों को बाहर कर दिया गया। इसको लेकर चौक स्थित कार्यालय पर हंगामा किया। संविदा कर्मचारियों के नेता देवेन्द्र पांडेय ने कहा कि सीएम के आदेश के बाद कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं दिया गया। 28 अक्टूबर को मध्यांचल कार्यालय में कई जिले के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया था। उस दौरान एमडी मध्यांचल की तरफसे यह आश्वासन भी मिला था कि किसी कर्मचारी को निकाला नहीं जाएगा। उसके बाद भी कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। अगर कर्मचारियों की छटनी को नहीं रोका गया तो आने वाले दिनों में कर्मचारी पूरी तरह से कार्य बहिष्कार के लिए विवश होंगे। कर्मचारियों ने बताया अधिकारी और सरकार में बैठे हुए लोग बार-बार आश्वासन देते हैं की सैलरी आ जाएगी। अवनी परिधि कंपनी के माध्यम से हम लोग नौकरी कर रहे थे। अब अधिकारी कह रहे हैं कि वह कंपनी भाग गई।नई कंपनी आई है उसे सब कर्मचारी अपने कागजात जमा कर दें उसके बाद सैलरी को लेकर चर्चा होगी।

## महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए सरकार संकल्पबद्ध : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुये हैं और देश इस क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के लिए विश्वस्तरीय मानक स्थापित करने की ओर लगातार अग्रसर है।



उत्तर प्रदेश में भी खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं, और नई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में किसानों व उद्यमियों को विभिन्न सुविधाएं व अनुदान सरल तरीके से उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है, जिसके तहत लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र, (आर-फैक), लखनऊ द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को चाय वाला फाउंडेशन, मुख्यालय दोव डेक टावर सी-204, वदोद्रा गुजराज एवं लोकल पता विभव खण्ड-4/24 नीयर मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ द्वारा संचालित मॉडल आउटलेट्स पर स्ट्रीट वेंडर के रूप में समस्त सरकारी दफ्तर (समस्त कलेक्ट्रेट डिस्ट्रिक्स हास्पिटलस नगर पालिका एवं नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले स्थान विकास प्राधिकरण ब्लॉक आवास विकास चौराहा एवं कालोनी तथा प्राइवेट स्थान पर भी) विक्रय करने के लिए समझौता किया गया। आर फ्रैंक के निदेशक एस के चौहान ने बताया कि क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र, (आर-फैक) द्वारा महिलाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों को खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद निर्माण में विभिन्न विभागों को सौजन्य से प्रशिक्षण प्रदान करेगा। चाय वाला फाउंडेशन द्वारा संचालित मॉडल आउटलेट्स पर क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र, (आर-फैक) द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं के उत्पाद स्ट्रीट वेंडर मॉडल के तहत विक्रय किए जाएंगे। ये आउलटलेट (समस्त कलेक्ट्रेट डिस्ट्रिक्स हास्पिटलस नगर पालिका एवं नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले स्थान विकास प्राधिकरण ब्लॉक आवास विकास चौराहा एवं कालोनी तथा प्राइवेट स्थान पर भी) खोले जायेगें।

### मोटे अनाजों के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को दें बढ़ावा

उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की बेहतर कार्यप्रणाली व सरकार के प्रयासों से लोगों को अच्छे व पौष्टिक खाद्य पदार्थ तो प्राप्त होंगे ही, खाद्य प्रसंस्कृत पदार्थों के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं कि मोटे अनाजों के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के उत्पादों को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों कुछ दीदियों खाद्य प्रसंस्करण के कार्यों से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षित करने की दिशा में ठोस व प्रभावी कदम उठायें। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु मंगलवार को क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केन्द्र, (आर-फैक) उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा चाय वाला फाउंडेशन के बीच एमओयू किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के उत्पादों को बाजार में लाना और उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त करना एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

## यूपी के 22 जिलों से होकर गुजरेगा गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भाग से पूर्वांचल को जोड़ने के लिए गोरखपुर-शामली एक्सेस कंट्रोल ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण इसी साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के बीच यात्रा को सुविधाजनक बनाना है।

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को जोड़ने की कवायद की जा रही है। इस परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश के 22 जिलों के बीच एक मजबूत कनेक्टिविटी के लिए गोरखपुर से शामली तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे करीब 700 किमी लंबा होगा, जो इसे यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे बना देगा. इसका निर्माण गंगा एक्सप्रेसवे से भी बड़ा होगा। दिसंबर 2024 में बनने वाला गंगा एक्सप्रेसवे भी यूपी का सबसे लंबा सड़क मार्ग होगा, जिसे प्रयागराज महाकुंभ से पहले जनता को समर्पित किया जाएगा।इससे

### गांवो की जमीन अचानक हो गई बहुत कीमती

हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों के साथ उत्तर प्रदेश की दूरी काफी कम होगी। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 35000 करोड़ रुपये है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लखनऊ में इसकी घोषणा की थी। इस लागत से गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक 6-लेन का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा। गोरखपुर से शामली तक के लिए भी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का प्रस्ताव है, जिससे क्षेत्र का विकास होगा।गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे गोरखपुर, संतकबीरनगर, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, बहराइच, लखनऊ, अयोध्या, सीतापुर, शाहजहांपुर, हरदोई, बदायूं, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, बिजनौर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, और शामली जिलों से होकर गुजरेगा। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का तीसरा सबसे बड़ा आर्थिक कॉरिडोर होगा, जो राज्य के 22 जिलों और 37 तहसीलों से होकर गुजरेगा।

## टैक्स नहीं देने पर दुकानें सील, 150 साल पुराने बाजार में चला अभियान



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । राजधानी लखनऊ में हाउस टैक्स नहीं जमा करने पर दुकानों को सील किया जा रहा है। निगम द्वारा यह कार्रवाई जोन के यहियागंज और जोन चार के गोमती नगर इलाके में की गई। सुबह 10 बजे से पहले दुकानों को सील कर दिया गया। यहियागंज में 150 साल पुराना बाजार है। अभियान तब चला जब बाजार में कोई नहीं था। दुकान मालिक को भी इस कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

नगर निगम ने इससे पहले सोमवार को भी यह कार्रवाई की थी। इसमें 13 जगहों पर यह कार्रवाई की गई थी। इस दौरान 4 लाख 50 हजार रुपए से ज्यादा की वसूली भी हुई थी। यहियागंज शहर का सबसे पुराना बाजार है। यहां दो दिन से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल, बाजार खुलने के बाद यहां व्यापार मंडल की टीम नगर निगम का घेराव कर लेती है। ऐसे में टीम सुबह-सुबह पहुंच रही है। मुख्य कर अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि 3 हजार से ज्यादा बड़े बकाएदारों के यहां कुर्की करने की तैयारी है। इसके अलावा बाकी बकाएदारों के यहां नोटिस चस्पा और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य कर अधिकारी अशोक सिंह का कहना है कि शहर में मौजूदा समय में 3 लाख 20 हजार लोगों ने हाउस टैक्स जमा नहीं किया है। 50 फीसदी लोगों ने हाउस टैक्स जमा किया है। 6 लाख 40 हजार हाउस टैक्स जमा करने वाले लोग हैं। नगर निगम में अगर शतप्रतिशत हाउस टैक्स वसूली की जाए तो 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व आएगा। मुनाफा बढ़ाने के लिए नगर निगम लगातार अभियान तेज कर रहा है।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर राहुल गांधी की कार्यकर्ताओं से चलते-चलते हुई मुलाकात

**लखनऊ** । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार सुबह दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान चलते-चलते उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद एयरपोर्ट से ही सड़क मार्ग से रायबरेली के लिए रवाना हुए। रायबरेली पहुंचकर राहुल बचत भवन में दिशा की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद राहुल का अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में तीसरा और यूपी का 5वां दौरा है। राहुल गांधी रायबरेली में पार्टी संगठन से जुड़ी कई अहम बैठकों में शामिल होंगे। साथ ही, वह स्थानीय मुद्दों और आगामी चुनावी रणनीतियों पर भी चर्चा करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह का कहना है कि राहुल गांधी के दौरे से उत्तर प्रदेश कांग्रेस में नई ऊर्जा आएगी। चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा। एयरपोर्ट पर राहुल गांधी को रिसीव करने आए कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा राहुल गांधी एक जागरूक और जिम्मेदार नेता है। वे रायबरेली संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थिति जानने के लिए दिशा की बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी नौ सड़कों का लोकार्पण भी करेंगे। इससे पहले एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ पहुंची।

## यातायात के नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं से बचाव संभव : अमित वर्मा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । राजधानी लखनऊ में पांच नवंबर को यातायात माह-2024 की शुरुआत पुलिस लाइन में यातायात जागरूकता रैली से की गई। जेसीपी लॉ एंड आर्डर अमित वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिसमें महिला सिपाही और यातायात सिपाहियों के साथ स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट और ट्रैफिक वार्डन शामिल हुए। रैली रवाना होने से पहले जेसीपी अमित वर्मा ने कहा कि लोगों को यातायात नियम जानने के साथ उनको पालन करना और अपने परिचित से पालन कराना जरूरी है। क्योंकि एक दुर्घटना से पूरा परिवार बिखर जाता है।

यातायात नियम का पालन करने से ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। हर साल की तरह इस बार भी यातायात माह में यातायात पुलिस के साथ थाना पुलिस को भी यातायात नियम तोड़ने वालों पर नजर रखेगी। साथ ही सीसीटीएनएस के कैमरों की मदद ली जाएगी। वहीं यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता के लिए स्कूलों, चौराहों, ऑफिस और सार्वजनिक स्थलों पर अभियान चलाए जाएंगे। शहर में रॉग साइड गाड़ी चलाने के साथ फर्राटा भरने पर यातायात पुलिस लखनऊ के प्रमुख मार्गों पर लगे स्पीड सेंसर और कैमरे की मदद से चालान करेगी। यह सैंसर कैमरे तय स्पीड से ज्यादा तेज चलने वाले वाहनों का ऑटोमेटिक चालान करेंगे। यह कैमरे लोहिया पथ, खुर्रम नगर-कुकरैल बाईपास, तेलीबाग, जनेश्वर मिश्र पार्क के पास, बंगला बाजार से कैंट रोड, अवध चौराहे से दुबग्गा, आंबेडकर पार्क, अहिमामऊ से सुल्तानपुर रोड, शहीद पथ, रिंग रोड लगे हुए हैं। शहर में यातायात नियम की जागरूकता के लिए जिले के प्रमुख स्कूलों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही यातायात माह के दौरान सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी जगह-जगह आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान लोगों को शपथ दिलाकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही बस स्टेशनों, कार्यशालाओं में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। यातायात एडीसीपी अशोक सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि लोगों को यातायात के बेसिक नियम जरूर पाल करने चाहिए। जिसमें वाहन चलाते वक्त हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के साथ ट्रैफिक लाइट, रफ्तार और अपनी दिशा में वाहन चलाने का ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान आरटीओ संजय तिवारी और डीसीपी मुख्यालय अनिल कुमार यादव समेत यातायात विभाग के पुलिस कर्मी और अधिकारी मौजूद रहे।



जेसीपी लॉ एंड आर्डर अमित वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को किय रवाना

### सेंट्रल पार्क में नौ को होगी सीएम योगी की जनसभा

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा अब मुख्यमंत्री योगी की जनसभा की तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि सीसामऊ क्षेत्र के सेंट्रल पार्क में नौ नवम्बर को मुख्यमंत्री की जनसभा होगी। जनसभा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी को कोर्ट से सजा होने बाद रिक्त हुई सीसामऊ विधानसभा सीट को भाजपा हर हाल में उपचुनाव में जीतना चाहती है। मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कहा कि नौ नवंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की एक विशाल जनसभा सीसामऊ विधानसभा के दर्शन पुरवा सेंट्रल पार्क में होने जा रही है।

समारोह

राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय का 27वां स्थापना दिवस समारोह

## महाकुम्भ में मुक्त विवि अपनी भूमिका का करे निर्वाह

### मुक्त विवि युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित : जेपी नड्डा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 27वें स्थापना दिवस समारोह को वीडियो संदेश के माध्यम से सम्बोधित करते हुए कुलाधिपति एवं उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शिक्षा सभी नागरिकों का मूलभूत अधिकार है। किसी भी देश के विकास का पैमाना वहां के लोगों के शैक्षिक होने की दर है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो संस्कारित हो और देश प्रेम के सद्गुणों को विकसित करे। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में मुक्त विवि को अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए।

मंगलवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा रूपी प्रकाश की रश्मि से जीवन को प्रकाशमान करने का कार्य कर रहा है। अभी हमने दीपावली का पर्व मनाया है। सभी जगह प्रकाश फैलाकर अंधकार को दूर किया है। उसी प्रकार हमें शिक्षा का प्रकाश फैला कर अशिक्षा बेरोजगारी एवं अज्ञान का अंधकार मिटाना है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, भारत सरकार जगत प्रकाश नड्डा ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि शिक्षा में तकनीक, प्रौद्योगिकी और भारतीय ज्ञान परम्परा के समागम की परिणति राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के जरिए उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि युवाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के जरिए अमृत काल में देश का युवा विकसित भारत का निर्माण कर सकता है। तिलक सभागार में स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में मुक्त विश्वविद्यालय सिर्फ योजनाओं का निर्माण ही नहीं कर रहा है, बल्कि नई शिक्षा नीति के अनुरुप योजनाओं एवं शिक्षण प्रक्रिया का क्रियान्वयन भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा आवश्यक है। वर्तमान समय में रोजगार परक एवं कौशल विकास के पाठ्यक्रमों के जरिए जन जन तक उच्च शिक्षा का प्रचार प्रसार आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक एवं भाषाई विरासत पर गर्व करना चाहिए। उच्च शिक्षा की विसंगतियों को दूर करने के लिए वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा एक सजग माध्यम है। उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक तथ्यों के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परम्परा के बारे में शिक्षकों को अपने छात्रों को जानकारी देनी चाहिए।

# निपुण परीक्षा में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति होना अनिवार्यः डीएम

## जिलाधिकारी ने की बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित निपुण परीक्षा के संबंध में बैठक

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।




मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित निपुण परीक्षा आयोजित होने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी से निपुण परीक्षा आयोजित होने के संबंध में विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों तथा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की तैयारी एवं जनपद में कितने विद्यालयों में परीक्षा आयोजित होनी है तथा विषयवार छात्र-छात्राओं की संख्या आदि के संबंध में गहनता पूर्वक समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा आयोजन से पहले सभी महत्वपूर्ण तैयारी समय से कर ली जाएं, परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्राओं की तैयारी अच्छी तरह से कर दी जाए, परीक्षा संपन्न करने के लिए विभाग द्वारा जितने भी निर्देश प्राप्त हुए हैं उन सभी निर्देशों की तैयारी सभी विद्यालयों एवं अध्यापकों के द्वारा समय से पहले कर ली जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के समय छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शतप्रतिशत हो इसके लिए आप अपने स्तर से सभी विद्यालयों को निर्देश जारी कर दिया जाए।

ताकि परीक्षा के दौरान बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए। निपुण परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समाज कल्याण विभाग से संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित मदरसा तथा माध्यमिक विद्यालय आदि के छात्र-छात्राओं को निपुण परीक्षा में सम्मिलित होना है। जिसके लिए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आप सभी लोग अपने-अपने विभाग से संबंधित विद्यालयों में निपुण परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां परीक्षा आयोजन से पहले पूर्ण कर ली जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही ना की जाए। जनपद में आगामी 22 एवं 23 नवम्बर, 2024 को आयोजित होगी निपुण की परीक्षा तथा बीएसए आफिस में कन्ट्रोल रुम स्थापित किया जायेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, डायट प्राचार्य दर्जीकुंआ गोण्डा, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, फादर फातिमा स्कूल, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 25 लाख का गांजा बरामद कर अभियुक्त को भेजा जेल

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



जनपद गोण्डा में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल ने जनपद के समस्त प्र.नि./थानाध्यक्षों व प्रभारी एसओजी को मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में 04/05 नवम्बर की रात्रि थाना को. नगर व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर महादेवा रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज के पास से मादक पदार्थ तस्कर रवि चौहान उर्फ सुड्डू व एक बालअपचारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे व निशानदेही से 101 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा व परिवहन में प्रयुक्त 01 अदद टीवीएस. राइडर मोटरसाईकिल को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त व बालअपचारी के विरुद्ध थाना को नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि ये लोग अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कम दामों में बिहार, उड़ीसा व असम राज्य से अवैध गांजा खरीदकर मांग के अनुसार विभिन्न जनपदों में अधिक दामों में सप्लाई करते है।

तथा अवैध गांजे की बिक्री से प्राप्त पैसों से अपना व अपने परिवार का जीवन यापन करते है तथा अन्य भौतिक सुख सुविधाओं का लाभ लेते है।

# जिला अस्पताल में दिमागी बुखार से पीड़ित दो बच्चे भर्ती

- प्राइवेट अस्पतालों व निजी क्लीनिकों पर डेंगू रोगियों की भरमार

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



जिले में बुखार के मामलों में वृद्धि हो रही है,बड़े ही नहीं छोटे बच्चे भी बुखार की चपेट में हैं। बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में दिमागी बुखार के लक्षणों वाले दो बच्चे भर्ती हैं। डेंगू के 190 मामले सामने आए हैं। बाबू ईश्वर शरण अस्पताल के पीकू वार्ड में दिमागी बुखार के लक्षणों वाले दो बच्चे भर्ती कराए गए हैं। दोनों का सैंपल जांच के लिए सेंटीनल लैब भेजा गया है। बच्चों को तेज बुखार के साथ ही झटके भी आ रहे हैं। जिले में गांव-देहात में निजी क्लीनिकों से लेकर यहां मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में भी बुखार रोगियों की तादात बढ़ी है। प्राइवेट अस्पतालों में भी बुखार पीड़ितों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं डेंगू मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। इस सीजन में अब तक डेंगू के 190 मरीज मिल चुके हैं। हालांकि, लोगों का कहना है कि प्राइवेट अस्पतालों व निजी क्लीनिकों पर डेंगू रोगियों की भरमार है।

वहीं बाबू ईश्वर शरण अस्पताल के पीकू वार्ड में विपिन पुत्र गंगाराम निवासी खरगूपुर व शिफा पुत्री प्यार मोहम्मद निवासी उमरीबेगमगंज दिमागी बुखार के लक्षणों के कारण भर्ती किए गए हैं। वहीं प्रतिभा पुत्री लालसाहब निवासी धानेपुर, रामू पुत्र कल्पनाथ निवासी सोनौली मोहम्मदपुर, शिखर पुत्र रविशंकर निवासी कटराबाजार तेज बुखार के कारण चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती हैं। इसके अलावा तेज बुखार से अंकुर पुत्र जगदीश, अनन्या पुत्र रितेश बुखार का इलाज करा चुके हैं। पीकू वार्ड में भर्ती बच्चों की मुश्किलें बढ़ा रहा खराब वेंटीलेटर बाबू ईश्वर शरण अस्पताल के पीकू वार्ड में आठ वेंटीलेटर लगाए गए थे,जो पिछले साल से ही काम नहीं कर रहे हैं। बताया जाता है कि वेंटीलेटर खराबी को दूर करने के लिए मेंटीनेंस करने वाली फर्म के इंजीनियर भी आए लेकिन खराबी दूर नहीं कर सके। इस संबंध में अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर एम.डब्ल्यू. खान ने बताया कि वेंटीलेटर खराबी ठीक कराने के लिए लिखा-पढ़ी की गई है। जल्द ही वेंटीलेटर ठीक हो जाएगा। बुखार पीड़ितों का समुचित इलाज किया जा रहा है।

## बदमिजाज बेटी बोली पुत्री को मारकर पूरे परिवार को फंसा दूंगी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र वजीरगंज के ग्राम न्यौडार निवासी मारूक पुत्र जुम्मन ने जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में गुहार लगाई है कि वह अपनी विवाहित पुत्री से बहुत परेशान हैं। उसका कहना है कि पुत्री जहरुन्निसा की शादी वर्ष 2020 में रहमान निवासी डुमरियाडीह वजीरगंज थाना क्षेत्र में हुई थीं। पिता का कहना है कि शादी के कुछ वर्ष बाद पुत्री की मानसिक हालत गड़बड़ हो गई। और वह बहुत उदण्ड किस्म की हो गई। पिता ने कहा कि उसे काफी समझाया गया। लेकिन पुत्री ने किसी की बात नहीं मानी। और पति से तलाक ले लिया। और ससुराल से अपनी तीन वर्षीय पुत्री को लेकर माइके चली आई। और पिता के घर में जबरियन रहने लगीं हैं। और परिवार के अन्य सदस्यों से रोजाना झगड़ा लगाई करती है। पिता का आरोप है कि वह धमकी देती है कि अपनी पुत्री को मारकर परिवार वालों को फंसा दूंगी। जिससे परिवार सहमा और भयभीत होकर डीएम को आरोप पत्र देकर,न्याय की गुहार लगाई है।

# खैरा भवानी मंदिर परिसर व घाट का एसपी ने किया निरीक्षण

- सार्वजनिक स्थानों पर बालिकाओं/महिलाओं के साथ छेड़छाड के दृष्टिगत सादे वस्त्रों में महिला/पुरुष जवानों को लगाया गया

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



मंगलवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा छठ पूजा पर्व के दृष्टिगत थाना को0 नगर क्षेत्रांतर्गत खैरा भवानी मंदिर परिसर व घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा मंदिर परिसर/घाट में भ्रमण कर प्रकाश एवं साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर सम्बन्धित अधि./कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रनि को0 नगर को बैरिकेटिंग, रूट चार्ट, पार्किंग व गोताखोरों की व्यवस्था व अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।

महोदय द्वारा बताया गया कि जनपद में छठ पूजा पर्व को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए है। पुलिस एवं प्रशासन के उच्चाधिकारीगणों द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर निरतंर प्रभावी पेट्रोलिंग की जा रही है। बस स्टाप/स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगायी गयी है। सार्वजनिक जगहों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गयी है। सार्वजनिक/भीड़-भाड़ वालें स्थानों पर बालिकाओं/महिलाओं के साथ छेड़छाड की सम्भावना के दृष्टिगत सादे वस्त्रों में महिला/पुरूष जवानों के अतिरिक्त एण्टी रोमियों की टीम को भी लगाया गया है। पूजा अर्चना वाले स्थलों (नदियों/ तालाब/ जलाशयों) पर पर्याप्त प्रकाश/साफ-साफ/गोताखोर की समुचित व्यवस्था की गयी है। श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत सुदृढ सुरक्षा/पुलिस प्रबन्ध/ यातायात/ पब्लिक एड्रेस सिस्टम की समुचित व्यवस्था की गयी है।

स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जा रही है। इस अवसर पर प्रशिक्षु. उपाधीक्षक उदित नारायण पालीवाल, प्रनि मनोज कुमार पाठक सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# धान क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा दो दिन से नही हुई बोहनी



विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर सोमवार से धान की खरीद शुरू हो गई है। ब्लाक में कुल छह क्रय केंद्र बनाए गए है। बी पैक्स विशेश्वरगंज,सहकारी संघ विशेश्वरगंज, बी पैक्स सेमरा,बी पैक्स पुरैना पर धान की खरीदारी को लेकर तैयारियां पूरी है। लेकिन अभी तक एक भी किसान केंद्र पर धान को लेकर नहीं पहुंचे हैं। जिससे केंद्र पर बोहनी तक नहीं हुई है। राजकीय धान क्रय केंद्र विशेश्वरगंज के प्रभारी विनीत पाल सिंह ने बताया कि अभी धान का क्रय लक्ष्य निर्धारित नहीं हो पाया है। बी पैक्स विशेश्वरगंज के सचिव ने बताया कि धान की खरीदारी को लेकर केंद्र पर तैयारियां पूरी है। अभी तक एक भी किसान अपनी धान को लेकर केंद्र पर नहीं आया है। पंजीकरण किया जा रहा है। लगातार किसान भाईयों से संपर्क भी किया जा रहा है। इस बार एमएसपी 2300 रु प्रति कुंटल निर्धारित की गई है। इसके बारे में किसानों को जानकारी दी जा रही है। बोरा ,नमी मापक यंत्र और डेसटर समितियों को उपलब्ध करा दिया गया है।

## ब्लाक खेल प्रतियोगिता संपन्न, प्रमुख प्रतिनिधि ने किया समापन

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़। विशेश्वरगंज ब्लाक क्रीड़ा प्रतियोगिता में दौड़ प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर पर नेवलापुर के अंकित यादव और पटना की बालिका राधा तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक में पटना के अनूप और बालिका वर्ग में सिम्मी शुक्ला छाए रहे। इस अवसर पर आर एस एम जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा,पू मा अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा,प्राथमिक अध्यक्ष उमा कांत तिवारी मंत्री अमित मिश्रा सहित सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे।ब्लॉक संसाधन केंद्र विशेश्वरगंज के मैदान पर खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित ब्लॉक क्रीड़ा प्रतियोगिता का नौ न्याय पंचायतों के विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ अंकित यादव प्रथम और साहिबे आलम और बालिका वर्ग में राधा प्रथम और अंतिमा तिवारी द्वितीय रहे।



# श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार ने निकाली पुरानी हनुमानगढ़ी से निशान शोभायात्रा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। शहर में श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार गोंडा द्वारा सप्तम श्री बालाजी महोत्सव कार्यक्रम में मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे मालवीय नगर स्थित पुरानी हनुमानगढ़ी से निशान शोभायात्रा निकाली गई ,जो नगर में भ्रमण करते हुए चौक बाजार,महिला अस्पताल, गुरु नानक चौक ,स्टेशन रोड होते हुए अग्रसेन चौराहा तक पहुंच कर वहां से वापसी होते हुए नूरामल मंदिर के प्रांगण में पहुंच कर निशान यात्रा संपन्न हुई। निशान यात्रा में भगवान श्री राम और हनुमान जी की दरबार सजा हुआ था और साथ में कथा वाचक श्रद्धेय श्री रवि शंकर जी महाराज गुरु भाई भी निशान यात्रा में शामिल हुए। निशान यात्रा संपन्न के बाद सभी लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और बुधवार 06 नवंबर से 12 नवंबर तक प्रात: 7:00 बजे से9.30 बजे तक हनुमंत पूजन का कार्यक्रम होगा और सायंकाल 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक श्री रामकथा होगी। कार्यक्रम में कथा वाचक श्रद्धेय श्री रवि शंकर जी महाराज गुरु भाई के मुख से होगा। निशान यात्रा में श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार गोंडा के सभी सदस्यो के अलावा शहर के समस्त जनमानस मौजूद रहें।

# प्रशासन की शिथिलता से नहीं मिली खाद-बीजः मनोज चौबे

- सपा नेता ने एसडीएम को मांगपत्र देकर उठाई आवाज

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के तरबगंज तहसील व विधानसभा क्षेत्र में रबी फसल की बुआई के लिए किसानों को उर्वरक व बीज सुलभता से उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को उप जिलाधिकारी से भेंट कर खाद बीज की समस्या दूर कराने का मांग पत्र सौंपा है।

उप जिलाधिकारी विशाल कुमार से मिलकर सपा नेता मनोज चौबे ने आरोप लगाया कि प्रशासन की शिथिलता से किसानों को रबी की बुआई में खाद बीज के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने मांग पत्र में कहा है कि तहसील क्षेत्र में इन दिनों रबी फसल की बुआई के लिए उन्नतिशील प्रजाति के बीज व उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरक की आवश्यकता है। साधन सहकारी समितियों व कृषि विभाग के बीज उर्वरक केंद्रों पर पर्याप्त खाद बीज की उपलब्धता न होने से किसानों को बाजार में महंगे दामों पर प्राइवेट दुकानों से खाद बीज खरीदना पड़ रहा है। सपा नेता ने मांग किया कि प्रशासन की ओर से तहसील क्षेत्र के सभी साधन केंद्रों व कृषि विभाग बीज भंडारों पर डीएपी एनपीके फास्फेटिक व यूरिया के साथ ही गेहूं,चना, मटर सरसो के बीज उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इसके साथ ही सभी लाइसेंसी उर्वरक विक्रेताओं को पर्याप्त स्टाक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान प्रमोद चौबे,राकेश सिंह, बबलू चौबे, दिलीप पाण्डेय, रोहित चौबे, अंकित पाण्डेय, रमेश चौबे आदि उपस्थित रहे।

# प्रशासन ने कुर्क की गब्बर सिंह की कोठी

- यूपी के टॉप 50 अपराधियों के सूची में है नाम

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



प्रदेश के टॉप 50 अपराधियों की सूचा में शामिल जेल में बंद पयागपुर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह की कोठी को मंगलवार को जिला प्रशासन ने कुर्क कर लिया।

बता दें कि जिला प्रशासन की तरफ से एक सप्ताह पूर्व ही कोठी पर कुर्की की नोटिस चस्पा की गई थी। कुर्की की कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

बता दें कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का अभियान जलाया जा रहा है। उसी के तहत शहर के मोहल्ला रायपुर राजा में जिला पंचायत सदस्य गब्बर सिंह के मकान को जिला प्रशासन ने कुर्क किया है। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर एक सप्ताह पूर्व गब्बर सिंह के मकान पर नोटिस चस्पा कर कुर्की की चेतावनी दी गई थी। समय पूरा होने पर मंगलवार को टीम पहुंची। नगर मजिस्ट्रेट के साथ सीओ सिटी रमेश कुमार पांडेय, देहात कोतवाल परमानंद तिवारी की अगुवाई में पुलिस फोर्स ने मकान को कुर्क कर दिया। ढोल नगाड़े के बीच मकान की कुर्की की गई। इसको लेकर जिले के माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## गाजे-बाजे के साथ मसुरिहा मंदिर से निकली कलश यात्रा

बहराइच समृद्धि न्यूज। विष्णु पुराण यज्ञ एवं रामलीला के आयोजन से पूर्व मंगलवार को मसुरिहा समय माता मंदिर से बौंडी के सिलौटा घाट स्थित घाघरा नदी तक कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मसुरिहा ,जिहुरा मरौचा ,कोदही, सेमगढा,साईगांव,बंधामोड,बौंडी कस्बा होते हुए सिलौटा घाट पहुंची। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। रामलीला कामेटी अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि विष्णु पुराण यज्ञ एवं रामलीला के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई है। छह नवंबर से 11 नवंबर तक चलेगा। सेमगढा चौराहे पर हरीश शुक्ला ने समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी, जय-जय राम,काली प्रसाद त्रिवेदी को माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

# सड़क दुर्घटनाओं में प्रधानाचार्य समेत दो की मौत, एक घायल

- जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसे
- महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेजा

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के तीन थाना क्षेत्रों में सड़क हादसे हो गए। इन हादसों में एक प्रधानाचार्य समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि मृतक महिला का बेटा घायल हुआ है। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लखीमपुर खीरी जिले के कोतवाली धौरहरा अंतर्गत लाखीपुर गांव निवासी राधेश्याम तिवारी (48) पुत्र बाबूराम तिवारी बहराइच के विकास खंड मिहीपुरवा के ग्राम गिरगिट्टी में संचालित सावित्री देवी जगदीश प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात थे। वह सोमवार शाम को मोतीपुर थाना क्षेत्र के नैनिहा सब्जी मंडी आए थे। पैदल चलते समय नानपारा लखीमपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे प्रधानाचार्य की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र ग्राम खासेपुर गांव निवासी राधा देवी पत्नी बालक राम अपने बेटे अमरेश बहादुर के साथ बाइक से रात में घर के लिए जा रही थी। लखनऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मारी। इसके बाद पीछे से दूसरे वाहन ने महिला को रौंद दिया।

महिला की मौत हो गई। जबकि बेटा घायल हो गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेज दिया है। उधर राम गांव थाना क्षेत्र के नानपारा बहराइच बाईपास मार्ग पर तमाचपुर सब्जी मंडी के पास पिकअप वाहन में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप वाहन नाले में गिर गया। ट्रक भी पीछे से लुढ़क गया। हालांकि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है।

# पूर्ण परियोजनाएं एक सप्ताह में हैण्डओवर करें कार्यदायी संस्थाएंः डीएम

## जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए दिया निर्देश बोले, अपेक्षित सुधार लाया जाये

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



50 लाख रुपए से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों खरे उतरें।

सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या डीएम को उपलब्ध कराई जाये तथा समीक्षा बैठक में निरीक्षण आख्या के साथ सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित होंगे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में कुल रू. 749.04 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत की कुल 96 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। अब तक रू. 456.80 करोड़ की धनराशि का व्यय कर 86 प्रतिशत वित्तीय एवं 63 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हैं। माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रोजेक्ट अलंकार, मल्टीपरपज हॉल, कम्प्यूटर लैब आदि कार्यों में जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लाया जाय। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्य की प्रगति के फीडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखना सुनिश्चित करें एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें।

कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि यदि निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान हेतु अवगत कराया जाए। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएं जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं तथा निर्माण कार्य से सम्बन्धित माइल स्टोन का माहवार लक्ष्य का चार्ट उपलब्ध कराएं, जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य की मासिक प्रगति की समीक्षा की जा सके। डीएम ने निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैं, उन्हें एक सप्ताह में प्रशासकीय विभागों के हैण्डओवर करा दिया जाए।

# फूस के दो मकानों में लगी आग, हजारों का नुकसान

- हरदी और खैरीघाट थाना क्षेत्र में लगी आग

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के हरदी और खैरीघाट थाना क्षेत्र में आग लगने से दो मकान जलकर राख हो गए। आग में झुलसकर एक भैंस घायल हो गई। आग लगने से दो मकानों में हजारों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवादापूरे कस्वाती का मजरा महतौपुरवा निवासी राजू यादव पुत्र जमींदार के फूस के मकान में मंगलवार की सुबह 10:30 अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। घर के सभी लोग खेत में धान की फसल काटने गए थे। आस पास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया गया सूचना राजस्व विभाग को दे दिया गया है। उधर हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करेहना के माधवपुरवा मजरा में एक पशु सेट में अज्ञात कारणों से आग लगने से एक भैंस झुलस गई। मकान मालिक निसार अहमद ने बताया कि सोमवार देर शाम पशु सेट में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे एक भैंस झुलस गई है साथ ही कुछ छुटपुट सामान जल गया है। महसी तहसील के कार्यवाहक तहसीलदार सौरभ सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि अभी हमारे संज्ञान में नहीं आया है, फिर भी क्षेत्रीय लेखपाल से बात कर रहे हैं।

# सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न

- राहुल गांधी ने नवनिर्मित शहीद चौक का किया उद्घाटन
- 5367.88 लाख लागत के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के निर्मित मार्गों का किया लोकार्पण



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायबरेली राहुल गांधी अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान जनपद के डिग्री कॉलेज चौराहे पर नवनिर्मित शहीद चौक का लोकार्पण कर चौराहे पर मौजूद शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इसके पश्चात सांसद राहुल गांधी ने कलक्ट्रेट परिसर के बचत भवन प्रांगण में पहुचकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में स्वीकृत एफडीआर एवं कन्वेंशनल तकनीक द्वारा विधानसभा सरेनी, हरचन्दपुर व बछरावां की कुल लागत 5367.88 लाख से निर्मित 09 मार्गो का लोकार्पण किया। जिसकी कुल लम्बाई 70.900 कि0मी0 है।

**जिलाधिकारी को जल निकासी व जलभराव जैसी समस्याओं का निस्तारण के दिए निर्देशः** अध्यक्ष राहुल गांधी ने जिलाधिकारी को सड़कों की मरम्मत, नहरों की सफाई व जिन-जिन क्षेत्रों व स्थानों में बारिश के समय जलभराव होता है उसी सभी क्षेत्रों व स्थानों पर पहले से जल निकासी व जलभराव जैसी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में निराश्रित गौवंश पशुओं का चिन्हांकन करके उन्हें गौशालाओं में नियमानुसार भेजा जाए तथा गौशालाओं में पशुओं की देखरेख व चारा आदि की व्यवस्था की उपलब्ध बनी रहे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए जो प्रस्ताव शासन के लिए भेजा जाता है उसकी एक प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जाये। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**पुलिस प्रशासन के खिलाफ की नारे बाजीः** राहुल गांधी का काफिला रायबरेली शहर पहुंचा। इससे पहले कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं ने डिग्री कॉलेज चौराहे पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बताया जा रहा है राहुल से मिलने आये कार्यकर्ता बेरिकेटिंग करके रोके जाने से नाराज थे।

## शहीदों को किया नमन, चौक का किया उद्घाटन

राहुल गांधी ने डिग्री कॉलेज चौराहे के लोकार्पण करने से पहले चौक पर मौजूद शहीद स्मारक पर जाकर नमन किया। इसके पश्चात राहुल गांधी कलक्ट्रेट परिसर में बचत भवन पहुंचे और वहां सलामी लेने के बाद कई सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ योगी सरकार में राज्यमंत्री और लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से प्रतिद्वंद्वी रहे दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। इसके पश्चात बचत भवन में दिशा की बैठक में शामिल हुए। दिशा की बैठक में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सदर विधायक अदिति सिंह सहित अन्य विधायक गण व जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



## जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा



इसके पश्चात 'दिशा' समिति के अध्यक्ष राहुल गांधी एवं सह-अध्यक्ष 'दिशा' समिति किशोरी लाल ने बचत भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति 'दिशा' की बैठक की। बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतिकरण किया। अध्यक्ष ने सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री सड़क योजनान्तर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा उठाया इसके अतिरिक्त पेयजल योजनान्तर्गत पाइपलाइन बोरिंग की भी चर्चा की गई। जिस पर राहुल गांधी ने जिलाधिकारी को उक्त कार्यों को कराने के निर्देश दिये।

## चुरुवा बॉर्डर पर हनुमानजी के दर्शन किए



**लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे को लेकर आज अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। बछरावां के चुरवा बॉर्डर पर राहुल गांधी का काफिला रुका और उन्होंने हनुमान जी के पीपलेश्वर मंदिर में दर्शन किये। इस दौरान वे सड़क किनारे स्वागत के लिये खड़े कार्यकर्ताओं से भी मिले। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। राहुल गांधी ने चुरवा मन्दिर में लोकसभा चुनाव के दौरान भी दर्शन किया था। सांसद बनने के बाद यह रायबरेली में यह उनका तीसरा दौरा है।

## 6 माह में मात्र 5 घंटे.. मंत्री दिनेश सिंह ने लहराया पोस्टर

दिशा की बैठक समाप्त होने के बाद सूबे के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने पोस्टर




लहराते हुए स्थानीय सांसद राहुल गांधी पर करारा प्रहार किया। उन्हेंने इसमें राहुल गांधी के अब तक के दौरे का जिक्र करते हुए लिखा है कि 6 माह में मात्र 5 घंटे ही रायबरेली में बिताया है मंत्री दिनेश ने सोशल साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि राहुल जी रायबरेली में एक रात तो गुजारिए। राज्यमंत्री ने पोस्टर पर सांसद राहुल गांधी के चित्र के नीचे लिखा कि अब तक छह माह में मात्र पांच घंटे तो पांच साल में 50 घंटे। मतलब पांच साल में कुल दो दिन। राज्यमंत्री के इस बयान से एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है।

## बीसी सखी की 625 डिवाइस बंद होने से लेन-देन प्रभावित

**डलमऊ रायबरेली।** जिले के सभी ग्राम पंचायत में तैनात बीसी सखी की डिवाइस अचानक बंद कर दिए जाने की वजह से करोड़ों रुपए का लेनदेन प्रभावित हो गया ग्रामीण क्षेत्रों में बी सी सखी द्वारा लोगों को मिल रही बैंकिंग सुविधा अचानक बंद हो जाने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी दीपावली के त्यौहार के मौके पर डिवाइस के बंद कर देने से जनपद के 625 बीसी सखी का कार्य प्रभावित हो गया। ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय आजीविका मिशन से चयनित जनपद के 625 ग्राम पंचायत में बैंकिंग व्यवस्था के लिए बीसी सखी की नियुक्ति की गई है विगत लगभग 3 वर्षों से यह बीसी सखी ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक की सुविधा प्रदान कर रही थी जिससे बुजुर्ग व असहाय लोगों को बैंक के चक्कर नहीं काटने पड़ते थे लेकिन दीपावली के एक दिन पूर्व से अचानक शासन स्तर से निर्देश के बाद इन बीसी सखी के डिवाइस को बंद कर दिया गया एलओ पद्धति से संचालित इन डिवाइस में तकनीकी कमी आ जाने की वजह से इन्हें बंद किया गया अब इन्हें एल1 श्रेणी में अपग्रेड किया जा रहा है हालांकि पहले इन डिवाइस को खरीदने के लिए शासन स्तर से पैसा दिया गया था वक्रांगी के कर्मचारियों की माने तो डिवाइस को अपग्रेड करने के लिए आने वाली लागत को अब बीसी सखी को स्वयं खर्च करना पड़ेगा डलमऊ तहसील क्षेत्र की 46 सखी के साथ जिले की 625 बीसी सखी के काम प्रभावित हो जाने की वजह से लोगों को गांव में अब बैंकिंग सुविधा मिलनी बंद हो गई है वहीं एनआरएलएम के कर्मचारियों की माने तो शासन के निर्देश पर डिवाइस को अपग्रेड करने के लिए बंद किया गया है आगे निर्देश मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के लड़के की अमेठी में हुई मौत

**महराजगंज रायबरेली**

राजापुर मजरे जनई गांव का एक युवक अपने रिश्तेदारी गया था जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई वहीं पिता ने मोहनगंज कोतवाली में लिखित तहरीर देते हुए दो नामजद तथा तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। मोहनगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है रविंद्र कुमार पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी ग्राम पुरे राजा मंजरे जनई थाना महराजगंज जिला रायबरेली का मूल निवासी है प्रार्थी का लड़का कौशल दिनांक 31.10.2024 को समय लगभग 10ः00 बजे सुबह अपनी बुआ शंकरदेई पत्नी रामफेर निवासी ग्राम भुसैला का पुरवा मौजा पीढ़ी थाना फुरसतगंज जनपद रायबरेली के यहां गया हुआ था। वहां से लगभग 11:30 बजे दिन में मेरा लड़का मोहनगंज दूध लेने जा रहा था जैसे लालगंज के पास पहुंचा विपक्षीगढ़ दीपक पुत्र राम प्रकाश निवासी बख्तावर का पुरवा मौजा सिजनी व सबी पुत्र रामफेर निवासी ग्राम चौरा मोहनगंज जनपद अमेठी के रहने वाले हैं विपक्षियों ने तीन अन्य साथियों के साथ मेरे लड़के को लालगंज के पास रोककर उल्टी सीधी गालियां देकर लाठी डंडों से जमकर मारा जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज ले जाया गया वहां से डॉक्टरों ने जिला रायबरेली के लिए रेफर कर दिया जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ ले जाया गया लखनऊ में कौशल की मौत हो गई कौशल की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं मोहनगंज पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और जांच पड़ताल चल रही है।

- दो नामजद सहित तीन पर दर्ज हुआ संगीन धाराओं में मुकदमा

## खबरें एक नजर में

### शिकायत के बाद सड़क को किया गया गड्ढा मुक्त



**डलमऊ रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ विजय यादव की लिखित शिकायत के बाद सड़क को गड्ढा मुक्त व पटरियों की मरम्मत की गई डॉ विजय यादव ने आद्य शशि अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड 2 रायबरेली को पत्र आवार्य करते हुए बताया गया कि सता विकासखंड के शंकरगंज चिलौला भंवरिया संपर्क मार्ग पर कैलाश बाबा मंदिर के पास भाणावे गांव को जाने वाली सड़क मार्ग बरसात के महीने में खराब हो गई थी जिसके चलते सड़क व सड़क की दोनों पटरिया ध्वस्त हो गई है तथा सड़क के दोनों ओर जंगली कटीले पेड़ सड़क पर आ गए हैं जिससे उधर से बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को आवा गमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है डॉ विजय यादव द्वारा जनहित में किए गए प्रयास को लोक निर्माण विभाग ने संज्ञान में लेते हुए सड़क एवं सड़क की पटरियों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया तथा सड़क किनारे पहले जंगली कटीले पेड़ों की कटाई कराई गई सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने के बाद डॉक्टर विजय यादव अपने सहयोगियों के साथ कार्य स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना करते हुए कार्य का निरीक्षण किया।

### सरदार पटेल जयंती पर गोष्ठी आज

**उतरौला (बलरामपुर)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में अधिवक्ता संघ उतरौला के सभागार में आज एक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह गोष्ठी दोपहर बारह बजे शुरू होगी, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल के भारत के निर्माण में दिए गए योगदान और उनके महत्वपूर्ण कार्यों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बार एसोसिएशन के महामंत्री अमित श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान से अवगत कराना है। सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत को एकजुट करने में जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उसकी चर्चा गोष्ठी में प्रमुखता से की जाएगी। गोष्ठी में विभिन्न अधिवक्ता और सम्मानित नागरिक शामिल होंगे, जो सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाओं को उनके विचारों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### लोक आस्था, पवित्रता व सूर्य उपासना के महापर्व 'छठ पूजा' पर व्यापक तैयारी



**बलरामपुर।** लोक आस्था, पवित्रता व सूर्य उपासना के महापर्व 'छठ पूजा' भगवान सूर्य देव के पूजन हेतु घाटों सरोवरों में कार्यक्रम होते हैं, पर्व के महत्व को दृष्टिगत नगर परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के निर्देशन में प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस एवं अधिशाषी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य संबन्धित कर्मचारियों के साथ झारखंडी सरोवर एवं राप्ती घाट पर सफाई, प्रकाश की व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह ने कहा कि लोक आस्था का पर्व छठ पूजा को लेकर राप्ती नदी व झारखण्डी सरोवर के घाटों पर लाइट, पानी में बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था किया गया है।

## डीएपी के लिए हाहाकार, एनपीके दे रही सरकार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




गेहूं की बुआई का समय चल रहा है और इस समय गोदामों से डीएपी खाद नदारद है।जिससे किसानों को भारी परेशानी और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।वही आज जब खाद के गोदाम पर किसानों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम सभी को डीएपी खाद नहीं मिल रही है एनपीके खाद मिल रही है जो की डीएपी के मुकाबले काफी कमजोर होती है डीएपी खाद की बात ही कुछ अलग है डीएपी डालने से गेहूं की पैदावार में काफी बढ़ोतरी आती है और जब गेहूं बोया जाता अगर तब डीएपी डाल दो तो पैदावार बढ़ जाता है। लेकिन डीएपी खाद न मिलने के कारण हम सभी एन पीके का ही प्रयोग कर रहे हैं और इसी से गेहूं की बुआई कर रहे हैं। महराजगंज में दो सेंटर है एक सेंटर खुला हुआ था जबकि एक सेंटर बंद था जब केंद्र प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सितंबर माह में ही खाद खत्म हो गई है क्योंकि लोगों ने स्टॉक लगा लिया और साथ-साथ शासन द्वारा भी खाद नहीं भेजी जा रही है अभी यह समस्या लगभग एक सप्ताह तक बनी रहेगी उन्होंने यह भी बताया कि एनपीके डालकर आप गेहूं की बुआई कर सकते हैं डीएपी खाद अभी इस समय हमारे गोदाम में नहीं है ।किसानों ने भी बताया कि डीपी खाद न मिलने के कारण हम सभी काफी हैरान और परेशान हैं आज रायबरेली जिले में रायबरेली के सांसद राहुल गांधी ने विकास कार्यों का जायजा लिया और बैठक की उनके साथ भाजपा के नेता भी बैठक में शामिल रहे और क्षेत्र के किसानों के बीच एक कौतूहल बना रहा कि आखिर अन्नदाताओं की समस्याओं को कोई ध्यान क्यों नहीं देता और लगातार डीएपी की समस्या बनी हुई है आखिर यह मामला बैठक में क्यों नहीं उठाया गया।

## स्काउट गाइड संस्था के बच्चे हुए सम्मानित

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



भारत स्काउट गाइड संस्था के बच्चों ने दुर्गा पूजा पंडाल एवं दशहरा मेला जैसे पावन पर्व पर अपनी ड्यूटी बखूबी निभाई।इससे प्रसन्न होकर नगर पंचायत अध्यक्ष सलोन चंद्रशेखर रस्तोगी ने बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को थाना परिसर में उप जिला अधिकारी मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कहा धन्य है ऐसे अभिभावक जिन्होंने बच्चों में समाज सेवा की भावना जागृत की। एसडीएम ने कहा समाज का विकास महिला एवं पुरुष दोनों के सहयोग से संभव है।बच्चों द्वारा समाज सेवा का कार्य एक सराहनीय कदम है।कोतवाली प्रभारी जेपी सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।महिला प्रभारी ने मिशन शक्ति की जानकारी उपस्थित गाइड एवं महिलाओं को दी।डायल 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1090,1091 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दिया।जिला ट्रेनिंग कमिश्नर गाइड डॉ.साधना शर्मा ने बताया विभिन्न विद्यालयों के लगभग 75 स्काउट गाइड के बच्चे दीक्षा ले रहे हैं। उनके अभिभावक भी यहां मौजूद हैं। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक मो. इस्माइल खान, सुरेखा देवी गाइड कैप्टन, मो.शादाब, रोशनी, दीपक, अनुज, अभिभावक सरजू देवी, शांति देवी, पुष्पा देवी, सुनीता आदि ने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का संकल्प लिया।

## उतरौला में मुख्य बाजार सड़क पर जाम की समस्या, आमजन परेशान



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर के मुख्य चौराहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से मुख्य मार्ग तक जाने वाली सड़क पर आए दिन जाम की स्थिति गंभीर होती जा रही है। जाम की इस समस्या के पीछे मुख्य कारण बेतरतीब तरीके से चलने वाले ऑटो रिक्शा और सड़क के दोनों किनारों पर फैली दुकानों की अव्यवस्थित व्यवस्था है। इस समस्या के चलते स्कूली बच्चों, कार्यालय जाने वाले लोगों और एम्बुलेंस चालकों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऑटो रिक्शा चालक सवारी बैठाने के लिए सड़क के बीच में ही अपने रिक्शे रोक देते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है। वहीं, दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान सड़क तक फैला देने से स्थिति और भी बदतर हो जाती है। यह अव्यवस्था सड़क को संकरा बना देती है, जिससे वाहनों को निकलने में कठिनाई होती है। इस जाम का सबसे अधिक असर उन एम्बुलेंस चालकों पर पड़ता है जो गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल ले जाने की कोशिश में होते हैं। जाम में फंसने के कारण कई बार मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। स्थानीय लोग इस स्थिति को सुधारने के लिए प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## धान क्रय केंद्र मंडी समिति बलरामपुर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- निर्धारित समयावधि के भीतर किसानों का भुगतान किया जाए सुनिश्चितः जिलाधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पहली नवंबर से जनपद में 28 क्रय केंद्रों पर धान खरीद प्रारंभ हो गई है। धान क्रय केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त हो तथा कृषक सुगमता एवं सरलता से धान क्रय केंद्रो पर बिक्री कर सके इसके लिए डीएम पवन अग्रवाल द्वारा धान क्रय केंद्र नवीन मंडी बलरामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपज की बिक्री करने आए किसानों से वार्ता की व फीडबैक प्राप्त किया तथा विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने क्रय केंद्र पर तौल के लिए कांटा, झरना पंखा डस्टर व पर्याप्त मात्रा में बोरे की उपलब्धता का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को उपज को क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, उन्होंने क्रय केंद्र पर किसानों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था पेयजल व्यवस्था आदि का निर्देश दिया। डीएम ने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि क्रय केंद्र पर धान बिक्री करने वाले किसानों का निर्धारित समयावधि के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए?, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी। डीएम ने कहा कि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए अधिक से अधिक किसान पंजीकरण कराएं। इस दौरान संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## बदलते मौसम में लोगों को अधिक सावधान रहने की जरूरतः डॉ. मंशालाल



**सादुल्लानगर (बलरामपुर)।** मौसम के बदलाव के साथ-साथ ठंडक ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉक्टर मंशालाल ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को अधिक सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्दी, जुकाम, और वायरल फीवर जैसी समस्याएं इन बदलते मौसम में आम हो जाती हैं, खासकर बुजुर्गों और बच्चों में ये समस्याएं तेजी से फैलती हैं। डॉक्टर मंशालाल ने सुझाव दिया कि खास कर बुजुर्गों और बच्चों को इस मौसम में गरम कपड़े पहनने चाहिए और ठंडे पानी का सेवन करने से बचना चाहिए। वे यह भी सलाह देते हैं कि इस मौसम में खाने पीने का खास ख्याल रखना चाहिए, संतुलित आहार लेना चाहिए, जिसमें विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां शामिल हों। इसके अलावा, उन्हें नियमित रूप से व्यायाम करने और पर्याप्त नींद लेने का भी सुझाव दिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में इन्फ्लूएंजा और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को भीड़-भाड़ वाले स्थानों से दूर रहने और मास्क पहनने की सलाह दी जा रही है।स्थानीय प्रशासन ने भी इस मौसम में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों की योजना बनाई है, जिसमें नागरिकों को सही जानकारी और स्वास्थ्य सुझाव दिए जाएंगे। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी बीमारी के लक्षण महसूस होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।इस प्रकार, बदलते मौसम के साथ स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि सभी स्वस्थ रह सकें और सर्दी के मौसम का आनंद उठा सकें।

## विभिन्न मामलों में चार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**उतरौला (बलरामपुर)।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशानुसार वांछित और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस टीम ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस अभियान का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष दुर्विजय सिंह के नेतृत्व में किया गया। गिरफ्तारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजकुमार चौधरी और उपनिरीक्षक अर्जुन कुमार की टीम ने परिवार न्यायालय बलरामपुर के आदेश पर वारंटी मुस्तफा पुत्र शहाबुद्दीन, निवासी इटईरामपुर नव्वा गांव, थाना गैड़ास बुजुर्ग को गिरफ्तार किया। मामला संख्या 496/2023 के अंतर्गत धारा 125(3) भरण-पोषण मामले में मुस्तफा के विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। दूसरी गिरफ्तारी उपनिरीक्षक विजय कुमार यादव, उपनिरीक्षक गोरख यादव, और कांस्टेबल बुद्धिसागर यादव की टीम द्वारा की गई, जिसमें एसीजेएम कोर्ट नंबर 12, बलरामपुर के आदेशानुसार एनबीडब्ल्यू के अनुपालन में ग्राम मझौवा कुरथुवा के निवासी राम विचार पुत्र जगन्नाथ और कल्लू पुत्र राममिलन को गिरफ्तार किया गया। ये दोनों आरोपी धारा 336, 323, 504, और 506 के मामले में वांछित थे। इसी क्रम में उपनिरीक्षक रामकृपाल वर्मा और कांस्टेबल श्रीकांत वर्मा ने सीजेडीडी/जेएम कोर्ट उतरौला के निर्देश पर वारंटी दीपराज उर्फ कल्लू पुत्र बिंद्रा को गिरफ्तार किया। यह मामला धारा 279, 338 भादवि. और 184, 196 एमवी एक्ट से संबंधित है। सभी अभियुक्तों को नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार इस तरह की कार्रवाई को आगे भी जारी रखा जाएगा ताकि अपराधियों पर सख्ती बरती जा सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर के दिशा निर्देशन में चीनी मिल परिसर तुलसीपुर, बलरामपुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता विमल प्रकाश आर्य, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर द्वारा की गयी। कार्यक्रम में मेघाली सिंह, सिविल जज जूनियर डिवीजन, बलरामपुर, मो. शकील खान, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, बलरामपुर, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार तुलसीपुर, आशीष कुमार सिंह, कल्याणकारी अधिकारी चीनी मिल तुलसीपुर, सुखराम निषाद, एडवोकेट तुलसीपुर, सत्य नारायण मिश्रा, भूतपूर्व ब्लाक प्रमुख तुलसीपुर, कर्ताराम मिश्रा, भूतपूर्व प्रधान बरदौलिया, मोहम्मद आरिफ पी.एल.वी. एवं चीनी मिल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सुखराम निषाद, एडवोकेट तुलसीपुर द्वारा उपस्थित कर्मचारीगण को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह के बारे में अवगत कराया गया। सत्य नारायण मिश्रा, भूतपूर्व ब्लाक प्रमुख तुलसीपुर द्वारा चीनी मिल कर्मचारियों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार तुलसीपुर द्वारा शासन की योजनाओं के बारे में चीनी मिल कर्मचारियों को अवगत कराया गया। मो. शकील खान, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, बलरामपुर द्वारा चीनी मिल कर्मचारियों को स्थायी लोक अदालत के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विमल प्रकाश आर्य, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर द्वारा स्थायी लोक अदालत, सुलह-समझौता केन्द्र, पारिवारिक विवादों के समाधान, बंदियों के अधिकार, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनता को प्राप्त सुविधाओं के बारे में, भारतीय दण्ड संहिता, उपभोक्ता अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम आदि के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अन्त में ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, तहसीलदार तुलसीपुर, बलरामपुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जीवन-संघर्ष से पलायन, अकर्मण्यता की परिणीति

अकर्मण्यता शारीरिक, मानसिक व्याधि और दशा है जो जीवन को निरर्थक बनाती है। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेस कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैस निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैस जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैस बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंस सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंस मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए स यदि व्यक्ति की आकांक्षा, सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है, जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैस यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है, मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंस सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है, और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है, भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है, ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।

# सूर्य उपासना का पर्व है छठ पूजा



**हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं। छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है।**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। छठ पूजा हिन्दुओं के प्रमुख त्योहारों में से एक है। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर छठ पूजा के दिन सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है।

छठ पूजा का महत्व बहुत ज्यादा है। यह व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है। छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है। छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है। हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व दीपावली को पर्वों की माला माना जाता है। पांच दिन तक चलने वाले ये पर्व छठ पूजा तक चलते है। उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं। छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते हैं। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकल कर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है। लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा। एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में हुई थी। जिसकी शुरुआत सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था। महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है।

## विचार

# साझा संस्कृति के सरल संत थे जैन मुनि श्री सुदर्शन लाल

**विनोद बंसल**



**बेहद दुबला-पतला शरीर होने के बावजूद वृद्ध और रोगी वरिष्ठ संन्यासियों की घंटों तक पांव दबा कर और मालिश आदि से सेवा करने में वे कभी थके नहीं। वे जीवन में कभी किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय नहीं गए किंतु आश्चर्य है कि वे अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, प्राकृत, उर्दू व फारसी जैसी 10 भाषाओं के मर्मज्ञ थे। अपना परिवार नहीं बनाया किंतु परिवारों के बनने-बिगड़ने के कारणों की गहन सूझबूझ के कारण उन्होंने अनेक परिवारों को टूटने से बचाया। मात्र 4 वर्ष की आयु में मां के दिवंगत हो जाने के कारण वे स्वयं तो मां के प्यार से सदैव वंचित रहे किंतु, हजारों भक्तों को उन्होंने मां जैसा प्यार दिया। वे स्वयं के दुखों पर कभी नहीं रोए किंतु जिस भक्त ने अपना दर्द अश्रुपूर्ण भाव से उनके चरणों में व्यक्त किया।**

भारतीय चिंतन में संतों का सर्वोच्च स्थान है। जब कोई व्यक्ति अपने सांसारिक सुखों को त्याग कर आध्यात्मिक जगत के अन्वेषण में लग जाता है या यूं कहें लोक कल्याण हेतु अपने सारे जीवन की सुख-सुविधाएं छोड़ स्वयं को प्रभु को समर्पित कर देता है तब वह संत कहलाता है। हमने अपने जीवन में अनेक ऐसे संतों को सुना, दिखा और उनसे प्रेरणा ली होगी जो काम, क्रोध, लोभ अहंकार इत्यादि पर नियंत्रण कर समाज को प्रेरणा देते रहे। लेकिन, ऐसे संत आज के जमाने में विरले मिलते हैं जिन्होंने जीवन में कभी माइक या लाउडस्पीकर का प्रयोग किया। पंखे, कूलर, एसी का प्रयोग नहीं किया। चारपहिया गाड़ी की तो बात अलग, साइकिल और बैलगाड़ी तक में यात्रा नहीं की।

बिजली से चलने वाले किसी प्रकार के यंत्र-सुविधाओं का जीवन में कभी प्रयोग नहीं किया। पैरों में जूते-चप्पल छोड़िए, खड़ाऊ तक नहीं पहनीं। सत्य निष्ठा का पालन और प्रतिवर्ष वर्षाकाल के चातुर्मास को छोड़ शेष 8 महीनों में एक स्थान पर एक महीने से अधिक वे रुके नहीं। ऐसे थे उनके कठोर सिद्धांत। इसके बावजूद, चाहे उत्तर भारत की झुलसा देने वाली गर्मी हो या हड्डियों तक को कंपकंपा देने वाली पहाड़ों की भीषण सर्दी, 25000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा उन्होंने नंगे पांव पैदल चल कर जनता को धर्म, आध्यात्मिक और समाज जीवन के मूल्यों के प्रति जागृत, प्रेरित और संवेदनशील बनाया। ऐसे थे जैन मुनि श्री सुदर्शन लाल जी महाराज।

4 अप्रैल 1923 को रोहतक के सनातनी वैष्णव परिवार में जन्मे महाराज श्री का नाम ही परिजनों ने ईश्वर रखा था। ईश्वर यानी सर्वधार, सर्वगुण संपन्न, न्यायकारी, दयालु, निर्विकार, अभयकारी, समदर्शी और सबका कल्याण करने वाला। उन्होंने अपना यह नाम वास्तव में सार्थक किया। पूरा जीवन ईश्वर की आराधना व ईश्वरीय गुणों के प्रचार और जीवों के प्रति करुणा, संवेदना और उत्थान में लगा दिया। अपने 76 वर्षों के जीवनकाल में यूं तो शुद्ध शाकाहारी भोजन, अखंड ब्रह्मचर्य का पालन, सूर्यास्त के पश्चात भोजन-पानी की तो बात अलग, दवाई तक का सेवन नहीं किया। किसी प्रकार की धन-संपदा, बहुमूल्य वस्तु, जमीन-जायदाद या बैंक खाता इत्यादि नहीं रखा।

बेहद दुबला-पतला शरीर होने के बावजूद वृद्ध और रोगी वरिष्ठ संन्यासियों की घंटों तक पांव दबा कर और मालिश आदि से सेवा करने में वे कभी थके नहीं। वे जीवन में कभी किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय नहीं गए किंतु आश्चर्य है कि वे अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, प्राकृत, उर्दू व फारसी जैसी 10 भाषाओं के मर्मज्ञ थे। अपना परिवार नहीं बनाया किंतु परिवारों के बनने-बिगड़ने के कारणों की गहन सूझबूझ के कारण उन्होंने अनेक परिवारों को टूटने से बचाया। मात्र 4 वर्ष की आयु में मां के दिवंगत हो जाने के कारण वे स्वयं तो मां के प्यार से सदैव वंचित रहे किंतु, हजारों भक्तों को उन्होंने मां जैसा प्यार दिया। वे स्वयं के दुखों पर कभी नहीं रोए किंतु जिस भक्त ने अपना दर्द अश्रुपूर्ण भाव से उनके चरणों में व्यक्त किया, उसके दुखों को उन्होंने जरूर हर लिया। जीवन में कभी बीपी, शुगर व हृदय संबंधी कोई रोग उनके दूर-दूर तक नहीं फटकीं क्योंकि उनकी जीवनचर्या और भोजन बेहद संयमित थे।

वे कहते थे कि व्यक्ति को विवेक और धैर्य सदैव जागृत रखने चाहिए। युवाओं के लिए उन्होंने कहा कि ऊंची उड़ान भरो किंतु पांव जमीन पर रखो। वृद्धावस्था के लोगों को एक संदेश उन्होंने दिया कि स्वयं से जुड़ो और दूसरों से बचो अर्थात परिवार में न्यूनतम हस्तक्षेप करो। उन्होंने कहा कि जवानी, धन, पद और विवेक इन चारों में से यदि किसी एक पर भी अंकुश नहीं रखा तो विनाश हो सकता है। यदि अपनी अहं भावनाओं को नियंत्रण रखोगे तो क्रोध स्वयं नियंत्रित हो जाएगा।

एक पर्यावरण विशेषज्ञ की भांति वे समझाते थे कि वाहनों और फैक्ट्री में तेल की बढ़ती खपत और भोजन में मांसाहार की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण वातावरण में विषैली गैसें यानी ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ती जा रही है जिससे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इसे रोकना बहुत जरूरी है। राष्ट्रभक्ति, करुणा और समाजसेवा के विचार का बीजारोपण तो उनके बचपन में ही हो गया था। एक बार बिहार के बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु उन्होंने अपनी गुल्लक तोड़ कर सारी जमा राशि उसके लिए दे दी थी।

1947 में भारत विभाजन के समय उन्होंने अपने प्रेम और सौहार्द भरे प्रवचनों के माध्यम से आसपास के क्षेत्र में बढ़ती द्वेष भावना को रोकने में अहम भूमिका निभाई। वह एक समाज सुधारक की भांति दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या और जातिगत भेदभाव के प्रबल विरोधी थे। उन्होंने असंख्य टूटे परिवारों को जोड़ा और अपने भक्तों और उनके परिजनों को मृत्यु के उपरांत नेत्र और देहदान की सदैव प्रेरणा देते रहे। स्वशिक्षा, स्वदेशी, स्वच्छता और सदाचार उनके जीवन में तो सदैव साथ रहा ही किंतु, उनके भक्तों ने भी बड़ी संख्या में अंगीकार किया। वह कहते थे कि खूब कमाओ किंतु उसका कुछ हिस्सा जरूरतमंदों की सेवा में अवश्य लगाओ।

## बंगाल सैपर्स : सैन्य इंजीनियरिंग का बहादुरी भरा सफर

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

भारतीय सेना के महत्वपूर्ण सैन्य संगठन बंगाल सैपर्स का सैन्य इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बहादुरी भरा इतिहास रहा है। बंगाल सैपर्स के जवान राष्ट्र के लिए बलिदान देने में कभी पीछे नहीं रहे, तभी तो देश पर मर मिटने वालों की सूची में बंगाल सैपर्स का नाम सबसे ऊपर है। युद्ध का समय हो या शांतिकाल अथवा देश पर आया प्राकृतिक संकट, हर मौके पर बंगाल सैपर्स के जवान डयूटी पर मुस्तैद दिखाई देते हैं। तकनीकी ज्ञान से ओतप्रोत इस सैन्य संगठन ने समय- समय पर अपने तकनीकी कौशल की मिसाल पेश की और देश को संकट से बचाने में मदद की।

7 नवम्बर सन 1803 में बंगाल पायनियर्स नाम से देश की रक्षा के लिए उप्र के कानपुर में स्थापित इस सैन्य संगठन का नेतृत्व सबसे पहले ब्रिटिश अधिकारी टी वुड ने किया था। इस सैन्य संगठन का मुख्य कार्य युद्ध के दौरान अपने तकनीकी कौशल से मिनटों में नदी-नहरों पर पुल बनाना, देखते ही देखते सड़के व सुरंगें बना देना तथा जान पर खेलकर युद्ध में घायल सैनिकों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना जैसे साहसिक कार्य शामिल हैं। इतना ही नहीं, बंगाल सैपर्स के जवान कई बार दुर्गम हिमालय की चोटियों पर जाकर विजय पताका फहरा चुके हैं। विपरीत मौसम और कठिन रास्तों पर चलकर दुश्मनों से लोहा लेना इन्हें बखूबी आता है। इस सैन्य संगठन का 19 फरवरी 1819 में पुनर्गठन होने पर इसका नाम बदल कर बंगाल सैपर्स और मायनर्स कर दिया गया। साथ ही इसका मुख्यालय भी कानपुर से इलाहाबाद स्थानांतरित हो गया। जब रूड़की में गंगनहर निर्माण के लिए इंजीनियरों की आवश्यकता हुई तो 1 नवम्बर 1853 को यह संगठन रूड़की आ गया। रूड़की आने के बाद भी इसके नाम में कई बार परिवर्तन हुए और अन्ततः इसका नाम बंगाल इंजीनियर ग्रुप एवं केन्द्र रूड़की हो गया।

तीसरे मराठा युद्ध के दौरान सन् 1819 में बंगाल सैपर्स के जवानों ने शौर्यपूर्ण प्रदर्शन किया। जिस पर सन् 1826 में इस सैन्य संगठन को देश का पहला बैटल ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद पहले अफगान युद्ध में जब सन 1839 में गजनी के किले पर आक्रमण किया गया तो बंगाल सैपर्स के बहादुर जवानों ने इतिहास रचते हुए गजनी के किले को फतह कर लिया। इस कारनामे के लिए भारतीय सिपाही के रूप में पहला इण्डियन ऑर्डर आफ मैरिट सूबेदार देवी सिंह को प्रदान किया गया। अपनी बहादुरी के लिए सम्मान पाने वाले अन्य बंगाल सैपर्स जवानों में विश्राम सिंह, शेख रजब, कालू बेग, गुरदयाल सिंह, कादिर बख्श, बलदान सिंह, दयाल सिंह, शिव सहाय व गणेश के नाम प्रमुख हैं। बंगाल इंजीनियर ग्रुप एवं केन्द्र रूड़की, जिसे बीईजी भी कहा जाता है, उसके जवानों की वीरतापूर्ण यादें यहां के संग्रहालय में देखी जा सकती हैं। सन् 1803 से स्थापित इस संग्रहालय में बीईजी के बहादुरी पूर्ण सफर का अवलोकन किया जा सकता है। 200 वर्षों से ज्यादा के इतिहास को संजोकर रखने और संग्रहालय के रूप में उसे सुरक्षित रखने की मिसाल बंगाल सैपर्स ने ही कायम की है। इस संग्रहालय के बाहर देश में पहली बार रूड़की से पिरान कलियर के बीच 22 दिसम्बर सन् 1851 को चलाई गई रेल के वैगन भी धरोहर के रूप में रखे हुए हैं। जबकि रेलवे स्टेशन के बाहर उस समय के रेल इंजन का मॉडल जनता के लिए दर्शनार्थ बनाया गया है। फील्ड मार्शल अर्ल होरेशियो हरबर्ट किचनर की सिडनी में निर्मित साढ़े आठ फीट की प्रतिमा से सुसज्जित इस संग्रहालय में यह भी उल्लेख है कि बीईजी परिसर में मौजूद युद्ध स्मारक की आधारशिला किचनर ने ही 12 नवम्बर सन 1907 में रखी थी। यह स्मारक गजनी के किले में स्थित मीनार की अनुकृति है, जिसके चारों तरफ गुबंद, स्तम्भ, प्याज की शक्ल में ओरियंटल आर्ट कॉलेज लाहौर द्वारा डिजाइन किए गए हैं। यह युद्ध स्मारक बंगाल सैपर्स के लिए मन्दिर की तरह है। जहां हर सैनिक सिर झुका कर देश पर बलिदान हुए उन वीरों को याद करता है जो बंगाल सैपर्स की शान माने जाते हैं। बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप एवं केन्द्र रूड़की के स्थापना दिवस एवं अन्य राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर यहां के अधिकारी और सैनिक युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देना नहीं भूलते।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# त्वरित टिप्पणी: यूपी मदरसा एक्ट को सुप्रीम मान्यता

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



यूपी मदरसा एक्ट वैध है या अवैध? सुप्रीम कोर्ट ने इस पर बड़ा फैसला सुनाते हुए अपनी सुप्रीम मान्यता की मुहर लगा दी है और इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के (22 मार्च 2024) फैसले को पलटते हुए यूपी मदरसा एक्ट की संवैधानिकता को बरकरार रखते हुए मान्यता दी है। अब इस निर्णय से दो बातें पूरी तरह साफ हो गईं हैं, एक- यूपी सरकार की तरफ से संचालित मदरसा बोर्ड सही है। दो- मजहबी शिक्षा के नाम पर इस्लामवादी अपना कुछ भी एजेंडा नहीं चला सकते, जिसकी शिकायतें प्रायः अब तक मदरसा संचालन की आड़ में सामने आती रही हैं।

दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट को संविधान के मौलिक ढांचे के खिलाफ बताया था। इसके साथ ही 22 मार्च 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट में जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार को एक योजना बनाने का भी निर्देश दिया था, ताकि वर्तमान में मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके। अपने इस निर्णय में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा कानून को पूरी तरह से धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए प्रदेश में चल रहे 13 हजार 364 मदरसों में पढ़ाई करने वाले 12 लाख से अधिक छात्रों को राज्य सरकार द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त नियमित स्कूलों में प्रवेश दिलाने का आदेश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराजन ने कहा था कि प्रदेश सरकार यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को समाप्त करने के पक्ष में नहीं है। बल्कि सरकार चाहती है कि बोर्ड अधिनियम से उन प्रावधानों को खत्म कर दिया जाए जो उल्लंघनकारी है। यूपी सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा मदरसा बोर्ड को लेकर दिए गए आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। इस दौरान प्रदेश सरकार की ओर पक्ष रख रहे नटराजन ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट को 2004 में बने मदरसा अधिनियम को पूरी तरह से असंवैधानिक घोषित नहीं करना चाहिए था।

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा था कि यूपी मदरसा बोर्ड के जरिए दी जाने वाली कामिल और फाजिल डिग्री न यूनिवर्सिटी की डिग्री के समकक्ष है और न ही बोर्ड की ओर से पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के समकक्ष है। इस स्थिति में मदरसे के छात्र उन्हीं नौकरियों के लिए योग्य हो सकते हैं, जिनके लिए हाई स्कूल/इंटरमीडिएट योग्यता की जरूरत होती है। पूरे मामले पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए फैसला 22 अक्टूबर सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया है। अपना फैसला सुरक्षित रखते वक्त उच्चतम न्यायालय ने कहा भी कि राज्य सरकार की मंशा मदरसों को मुख्यधारा में लाने की है। अगर ऐसा नहीं होता तो इन संस्थाओं में गणित, विज्ञान जैसे विषय नहीं पढ़ाए जाते। फिर आज सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की तीन जस्टिस की बेंच ने अपने निर्णय में कहा है कि किसी भी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट साफ कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा को नियमित करने के लिए कानून बना सकती है। इसमें सिलेबस, छात्रों का स्वास्थ्य जैसे कई पहलू शामिल हैं।

यहाँ सुप्रीम कोर्ट की कही इस बात पर भी गंभीरता से गौर करना चाहिए कि मदरसा मजहबी शिक्षा भी देते हैं, लेकिन उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा ही होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि किसी भी छात्र को धार्मिक शिक्षा के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है, इसलिए किसी को भी धार्मिक शिक्षा लिए जाने के लिए बाध्य ना किया जाए। उच्चतम न्यायालय ने अपने इस निर्णय में एक जो बड़ा कार्य किया है वह है मदरसा बोर्ड की डिग्रियों को असंवैधानिक करार कर देना।यूपी मदरसा एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक्ट में मदरसा बोर्ड को फाजिल, कामिल जैसी डिग्री देने का अधिकार दिया गया है, यह अपनी जगह ठीक हो सकता है लेकिन विश?वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एक्ट के खिलाफ है। इसे हटा देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की तीन जस्टिस की बेंच ने कहा है कि डिग्री देना असंवैधानिक है, बाकी एक्ट संवैधानिक है। सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने अपने फैसले में यह साफ कह दिया है कि बोर्ड सरकार की सहमति से ऐसी व्यवस्था बनाए, जहां मदरसा के धार्मिक चरित्र को प्रभावित किए बिना सेक्युलर शिक्षा दी जा सके। यानी उच्चतम न्यायालय का निर्णय साफ है कि मदरसे, भविष्य में मदरसा बोर्ड से चलेंगे जरूर लेकिन वह ऐसी कोई शिक्षा नहीं देंगे जो कि मजहबीकरण के नाम पर देश विरोध, गैर मुसलमानों के प्रति असंवेदनशील बना देने जैसी बच्चों की मानसिकता को तैयार करने का काम करती है। सुप्रीम कोर्ट का यहां कहना सही है कि सेकुलर शिक्षा, पंथ निरपेक्ष शिक्षा, धर्म निरपेक्ष शिक्षा मदरसों में कैसे दी जाए यह व्यवस्था बनाना, उसको देखना और उसे विधिवत संचालित करना, करवाना राज्य सरकार का काम है और इस कार्य को राज्य सरकार को करना ही होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएपी न मिलने से किसान नाराज, हाईवे किया जाम

**महोबा उपजिला कृषि अधिकारी पर किसानों ने लगाया लापरवाही का आरोप**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



यूपी के महोबा जिले की साधन सहकारी समिति में डीएपी खाद न मिलने से परेशान किसानों के सब्र का बांध आखिरकार टूट ही गया खाद न मिलने से परेशान किसान आक्रोशित हो उठे हैं। डीएपी खाद की मांग को लेकर देर रात से लाइनों में लगे किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर खाद दिये जाने की मांग की है । हाइवे पर जाम लगाये जाने की सूचना पर पहुँचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को जल्द खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।दरअसल आपको बता दें इन दिनों रबी की फसल की बुवाई का सीजन चल रहा है और जिले भर का किसान खेतों में बुबाई के लिए डीएपी खाद खरीदने के लिए सहकारी समितियों में घंटों लाइन लगाने को मजबूर है बावजूद इसके किसानों को खाद नहीं मिल पा रही जिसके चलते सदर तहसील क्षेत्र की साधन सहकारी समिति दो नंबर कबरई में देर रात से ही किसान नंबर लगाकर डीएपी खाद की मांग को लेकर बैठे हुए हैं। किसानों का आरोप है कि यहां पर सचिव द्वारा डीएपी खाद की जमकर कालाबाजारी की जा रही है जिसके चलते किसान परेशान हो रहे हैं । खाद न मिलने के चलते रबी की फसल की बुवाई नहीं हो पा रही है। सैकड़ो महिलाएं भूख प्यास के बावजूद खाद लेने को लेकर लाइनों में खड़ी हुई हैं। समय पर खाद उपलब्ध न कराए जाने से आक्रोशित होकर किसानों ने कबरई कस्बा में जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए खाद उपलब्ध कराने की माँग की है। किसानों द्वारा हाइवे में जाम लगाने की सूचना पर पहुँचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किसानों को जल्द खाद दिलाने का आश्वासन देकर समझाने का प्रयास किया गया लेकिन किसान समिति सचिव पर खाद की कालाबाजारी का आरोप लगा हाइवे में बैठकर जल्द खाद उपलब्ध कराने की माँग कर रहे हैं। उप कृषि निदेशक अभय कुमार सिंह ने यादव ने बताया कि किसानों ने खाद को लेकर हाइवे में जाम लगाया है किसानों को समझाया जा रहा है सभी किसानों को जल्द खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

# हेडमास्टर के अभद्र व्यवहार के चलते तीसरे दिन बच्चे नहीं गये स्कूल

**मौदहा, समृद्धि न्यूज़।**

**अभिभावकों ने हेडमास्टर के तबादले की मांग की**

हमीरपुर-विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सिजनौडा में प्रधान अध्यापक व अध्यापको के बीच तना तनी से शिक्षण कार्य प्रभावित होरहा है। जिस की शिकायत बेअर होने से अब अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर प्रधान अध्यापक के स्थान्तरण की माँग पर अडे हैं। आज तीसरे दिन बच्चो से स्कूल खाली रहा है। पत्रकार को प्रधान अध्यापक ने आड़े हाथ लिया। दिन के साढे ग्यारह बजे सिर्फ स्कूल में चार अध्यापक थे।इन में एक पुरूष अध्यापक था। प्रधानाचार्या बच्चों के पठन.पाठन में रुचि नहीं ले रही हैं और न हीं मध्यान भोजन बच्चों को मानक के अनुसार दिया जा रहा है।

शिकायत पर अभिभावकों के साथ अभद्र व्यवहार करने से नाराज होकर ग्राम वासियों ने तहसील दिवस पर ज्ञापन सौंपते हुए प्रधानाचार्या के विरुद्ध कार्यवाही करने की जोरदार मांग की है। विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा गुप्ता ने लगातार कई महीनो से बच्चों को न तो दूध दिया गया और न ही फल बितरित किए गए एमडीएम में भी बेहद लापरवाही करते हुए समय से विद्यालय न आना पठन.पाठन में रुचि न लेते हुए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही।वहीं आपस में भी अक्सर विवाद होता है। अभिभावकों द्वारा विद्यालय पहुंचने पर उनके साथ अभद्रा का व्यवहार कर रही है और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही। जिससे आहत होकर दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील दिवस पर पहुंचकर प्रधानाचार्य के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की।वहीं ग्राम प्रधान प्रहलाद निषाद ने बताया 27 अक्टूबर से कोई भी बच्चा विद्यालय नहीं जा रहा हैं। उप जिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता ने जांच करा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने मारपीट कर दुकानदार को किया जख्मी

**राठ।** कस्बे के रामलीला मैदान में सड़क किनारे बैठकर सब्जी बेच रहे दुकानदार को आधा दर्जन युवकों ने मारा-पीटा। सब्जी दुकानदार ने मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के भटियाना मोहल्ला निवासी हरदयाल ने बताया कि वह रामलीला मैदान में सब्जी बेचता है। जिससे उसके परिवार का भरण-पोषण होता है। शुक्रवार रात साढ़े दस बजे शराब के नशे में छह युवक उसकी दुकान पर आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो बेहरमी से मारा.पीटा। आरोप लगाया कि उक्त युवकों ने उसकी जेब फाड़ 40 हजार रुपए छीनकर ले गए। वह रुपए थोक सब्जी व्यापारी को देने के लिए रखा था। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि दुकानदार का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### सिर पर चोटी कटवाने की बात कह दबंगों ने बजरंग दल के नेता को मारपीट कर किया जख्मी

**राठ।** सिर से चोटी कटवाने की बात को लेकर तीन दबंगों ने बजरंग दल के प्रखंड सहसंयोजक कार्यकर्ता के साथ जमकर मारपीट कर दी। बचाने आये मे साथी के साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान 36 हजार रुपए कही गिरने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।लिखित शिकायत की है कोतवाली के बहगांव गांव निवासी रामजी गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि वह बजरंग दल का प्रखंड सहसंयोजक कार्यकर्ता है। रविवार को वह गांव के ही जितेंद्र अहिरवार के साथ मजदूरों का रुपए देने के लिए जा रहे थे। गांव के बाहर निकलते ही गांव के प्रेमचंद यादवए महेश यादव और सुरेश यादव ने अपनी बाइक खड़ी कर रास्ता रोक लिया। तीनों आरोपी कहने लगे तुम बजरंग दल में शामिल क्यों होए सिर की चोटी क्यों रखे होए चोटी कटवा लेना। बात ना मानी तो गांव में रहने नहीं देंगे। यह कहते हुए आरोपियों ने गाली गलौज कर दी। जब विरोध जताया तो बाइक से खींचकर जमीन पर पटक दिया और लातघुसों से मारपीट कर दी। जिससे वह चुटहिल हो गए। राम जी गुप्ता ने आरोप लगाते हुए बताया कि मारपीट के दौरान मजदूरों के लिए जेब में रखे 36 हजार रुपए भी कहीं गिर गए हैं। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### मोबाइल फोन पर बात कर रही पुत्री को देख हत्या करने वाले पिता को उम्रकैद

**हमीरपुर।** बिवार थाना क्षेत्र के भुगैचा गांव में छह साल पहले किसी अनजान युवक से फोन पर बात कर रही पुत्री को डंडे से मारपीट कर रस्सी से गला कसकर हत्या करने के मामले में आज अदालत ने पिता को उम्रकैद की सजा सुनायी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला ने मंगलवार को बताया कि 17 जुलाई 2018 को भुगैचा गांव की सुंदी पत्नी सियाराम पाल ने बिवांर थाने में तहरीर देकर बताया कि 16 जुलाई की शाम सात बजे वह व उसका पति बकरी वाले बाड़े से घर आए तो 18 वर्षीय पुत्री प्रीति उर्फ प्रियंका मोबाइल में किसी लड़के से बात कर रही थी। जिस पर मेरे पति ने आवेश में आकर डंडे से उसके गिर में प्रहार किया इसके बाद गले में रस्सी कसकर मार दिया। वादिया ने बताया कि पुत्री दो.तीन वर्ष से मौदहा के किसी युवक से बात करती थी। जिस पर मेरे पति ने कई बार पुत्री को मना किया था। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार ने मुकदमें की सुनवाई करते हुए बेटी के हत्यारे पिता सियाराम पाल को बेटी प्रियंका की हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा व पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

### अवैध तमंचा-कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन मे अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई उ.नि. दिनेश कुमार सिंह व उ.नि. कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 185/24 धारा 308(2)/352 बीएनएस से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त रोहित यादव पुत्र मइयादीन यादव उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम लुहेडी थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम इमलिया थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा देशी 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हुई अवैध शस्त्र व कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय में मुअसं. 246/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्वयाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

**महोबा।** यूपी के महोबा में प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने पर एक युवती द्वारा प्रेमी के दरवाजे पर पहुंचते ही जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती के परिजनों ने प्रेमी पर 2 बर्ष तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। तो वही पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने पर दो सगे भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है ।दरसअसल मामला श्रीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां रहने वाले युवक गोलू ताम्रकार ने युवती को अपने प्रेम प्रसंग के जाल में फंसाकर करीब दो बर्षों तक शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही अब शादी के लिए इंकार करने पर युवती ने आक्रोशित होकर प्रेमी गोलू ताम्रकार के दरवाजे पर पहुंचकर आत्महत्या कर ली है। युवती की मौत के बाद परिजनों ने प्रेमी ओर उसके भाई पर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रिया कलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर शिवपाल सिंह द्वारा गठित की गई उ.नि. यूटी संदीप विमल मय हमराह हे.कां. अनिल कुमार यादव, कां. विजय शंकर त्रिपाठी व कां. नितेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे दो नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. निर्दोष कुमार पुत्र स्व. इन्द्रेश राजपूत उम्र 28 वर्ष 2. नरेन्द्र राजपूत पुत्र भगवती उम्र 25 वर्ष निवासीगण ग्राम पवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को शमशान घाट ग्राम पवा थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी 220/- रूपये, मालफड 1020/- रूपये कुल 1240/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना श्रीनगर में मुअसं. 244/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई ।

# छत से गिरकर युवक की मृत्यु, बिना पोस्टमार्टम कराया अंतिम संस्कार

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा के मराठी पुरा स्थित काशीराम कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गई।शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार के लिए परिजन गाँव खंडेह ले गए हैं।

सौरभ निगम (32) मूल निवासी थाना मुस्करा के बिहूनी गांव का रहने वाला था।उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। शौरभ अकेले ही मौदहा के मराठी पुरा मोहल्ला स्थित काशीराम कॉलोनी के भवन खंड संख्या 113 / 53 में किराए से रह रहा था।यह कॉलोनी इदरीश नाम के व्यक्ति को आवंटित है।पडोसियों के अनुसार बीती रात सौरभ के कॉलोनी में कई लोगों की आवाज सुनाई दे रही थी। करीबी रिश्तेदार पुत्तन निगम तथा राहुल निगम ने बताया कि आज उन्हें पता चला शौरभ अपने कॉलोनी की ऊपरी मंजिल से किसी समय गिर गया। सुबह जब उसे देखा गया तो तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने उसे बेहद गंभीर अवस्था में हमीरपुर सदर अस्पताल के लिए रेफर किया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि।घटना की जानकारी मौखिक रूप से उन्हें दी गई थीए लेकिन कोई भी लिखित सूचना उन तक नहीं आई और न ही उसकी मौत की सूचना दी गई।घटना संज्ञान में आई है तो जांच की जाएगी।

# महायज्ञ की शुरुआत, कलश यात्रा से शुरु

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के गायत्री मंदिर में प्रज्ञा महापुराण व गायत्री महायज्ञ की शुरुआत आज विशाल कलश यात्रा के साथ हो गई। वहीं पांच कुंडली विष्णु महायज्ञ एवं भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा बैंड बाजे घोड़े के साथ उत्साह पूर्वक ग्राम वासियों ने निकाला। नगर के गायत्री मंदिर में हर्ष साल की तरह इस वर्ष भी प्रज्ञा महापुराण कथा व नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हो गई। यह कलश यात्रा गायत्री मंदिर से शुरू होकर थाना चौराहा व नेशनल चौराहा से तहसील मार्ग होती हुई पुनः गायत्री मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में पीत वस्त्र धारण किए सैकड़ो महिलाएं अपने हाथों में कलश लेकर मंगल गीत गुनगुनाती हुई चल रही थी इसके अलावा कलश यात्रा में शामिल देवी देवताओं की झांकियां कलश यात्रा का मुख्य आकर्षण रही। इस कलश यात्रा में गायत्री परिवार के सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया। मंगलवार से गायत्री मंदिर में प्रज्ञा महापुराण कथा व यज्ञ का आयोजन होगा।

### मिशन शक्ति फेज-5.0: मां चन्द्रिका महाविद्यालय में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यशाला

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, वन्दना सिंह द्वारा जनपद महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु प्रचलित मिशन शक्ति अभियान के फेज़ 5.0 कार्यक्रम के तहत शहर के मां चन्द्रिका महिला महाविद्यालय, महोबा में विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर नारी सशक्तिकरण पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक



द्वारा कालेज की छात्राओं के साथ पारस्परिक संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सुरक्षित रहने के तरीकों और पुलिस विभाग से मिलने वाले सहयोग और हेल्प लाइन नंबर की व्यापक जानकारी के साथ साइबर क्राइम और किसी परिचित या अपरिचित द्वारा प्रलोभनों से सावधान रहने का सुझाव दिया गया। साथ ही बाल विवाह, पाक्सो एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया साथ ही रास्ते पर किसी भी शोहदे के परेशान किये जाने की घटना के बारें में बताते हुए इस तरह की किसी भी समस्या आने पर तत्काल अपने अभिभावकों एवं स्थानीय पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया।

# कृषि विभाग ने चार माह में नहीं कराया रत्तीभर काम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**अटल भूजल योजना में पहली बार शामिल हुआ कृषि विभाग**

**डीडी कृषि ने डीएओ व सभी बीएसए को कड़ा पत्र लिखकर दी चेतावनी**

अटल भू जल योजना के तहत जिले में पहली मर्तबा कृषि विभाग को शामिल कर जल व नमी संचय की योजना को चार माह बाद भी इसमे रत्ती भर काम नही हुआ है। इसके लिये एक करोड़ तीस लाख रुपये का बजट भी आवंटित किया गया था,शासन से पूछतांछ के बाद डीडी कृषि ने इस मामले में जिला कृषि अधिकारी व भूमि संरक्षण अधिकारी को कड़ा पत्र लिखकर एक सप्ताह के अन्दर जवाब मांगा है।

जानकारी के मुताबिक जिले में नमी संरक्षण व जल संचय के लिये अटलभू जल योजना तीन साल से संचालित है। इसके लिये भूगर्भ जल विभाग के सहायक अभियंता योगेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। यह योजना जिले के 57 गांवों में संचालित है। जिसमे कई विभाग शामिल किये गये है हालाकि इस केंद्रीय योजना में करोड़ो खर्च होने के बाद भी किसानों को पर्याप्त लाभ नही मिल पा रहा है। शासन का मानना है कि बुंदेलखंड में कृषि क्षेत्र में जल संचय करना बहुत ही आवश्यक है इसके लिये कृषि बिभाग को शामिल कर जो फसले नर्सरी जैसे धान,सब्जिया उगाकर पैदा की जाती है उसमे दोहरी पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है। इसलिये शासन ने धान व अन्य इस प्रकार की फसल को सीधे बोकर उगाने के लिये किसानों को प्रेरित करने को कहा था यह आदेश जून माह में आ गया था शासन ने यह भी कहा था फसल में जो निराई से खरपतवार निकलता है उसकी माल्चिंग कर यानी खरपतवार को खेत में ही दफन कर देना है ताकि यह खरपतवार खाद का रुप ले ले और खेत में लंबे समय तक नमी कायम रह सके। शासन ने इसके लिये पहले चरण में केवल सौ हेक्टेएअर भूमि का लक्ष्य रखा था जिसमे बहुत ही कम भूमि में काम हुआ है। किसानों को समझाबुझाकर धान की रोपाई न कर उसकी बोआई करने के लिये प्रेरित करना था मगर जिले में इस मर्तवा ज्यादातर किसानों ने रोपाई से ही धान की बोआई की है। इसके लिये शासन ने एक करोड तीस लाख रुपये की धनराशि आवंटित की थी इसमे भूमि संरक्षण अधिकारी को शामिल किया गया था ताकि बंधे आदि बना कर जल संचय किया जा सके इस बजट में गोष्ठियां कराने का कार्यक्रम शामिल था हालाकि इसकी रुपरेखा जिलाकृषि अधिकारी ने बनायी थी। पांच माह बाद इस योजना में रत्ती भर काम न होने के बाद शासन ने उपकृषि निदेशक से जानकारी की तो मामले की वास्तविकता सामने आयी है। डीडी कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि इस मामले में भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम दिवतीय व राठ को कड़ा पत्र लिखने के साथ डीडी भूमिसंरक्षण को पत्र लिखा गयाहै इसी प्रकार जिलाकृषि अधिकारी को पत्र लिखकर एक सप्ताह में काम कराने को कहा गया है।

**नोडल अधिकारी नहीं उठाते कभी फोन, लोग परेशान**

**हमीरपुर।** इस महत्वपूर्ण योजना के नोडल अधिकारी भूगर्भ जल योजना के सहायक अभियंता योगेश कुमार को नामित किया गया है मगर वह फोन नही उठाते है। जिससे योजना की सही जानकारी नही हो पाती है शासन ने इसके लिये पूरा स्टाफ दिया है मगर इस मामले की जानकारी किसानों को नही है न ही किसानों को किसी गोष्ठी में बताने का प्रयास किया जाता है। इस मामले सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला का कहना है कि इस मामले में वह जानकारी करेगे। इधर अटलभू गर्भ योजना के अधिशासी अभियंता शिवम दिवेदी का कहना है कि सहायक अभियंता के नियंत्रित अधिकारी झांसी में बैठते है इसलिये वह उनको आदेश नही दे सकते मगर यह योजना महत्वपूर्ण है इसके संचालन की जिम्मेदारी एई की है इसकी जानकारी देना चाहिये।

# यातायात पुलिस टीम ने सेन्ट जोसेफ कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यशाला का किया आयोजन

**छात्रों को यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर के तहत यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में प्रभारी यातायात महोबा सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित सेन्ट जोसेफ कॉलेज महोबा में छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के बीच सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी यातायात सुरक्षा सम्बन्धी बातों का ध्यान रखें, हमेशा सड़क के दोनो ओर देख कर की सड़क को पार करें, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट का प्रयोग करें, ध्यान रहे इस दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस जागरुकता कार्यशाला में मौजूद सभी को इन नियमों का पालन किये व कराये जाने की अपील की गई एवं ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया एवं यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान सेन्ट जोसेफ कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं एवं सम्मानित शिक्षकगण मौजूद रहे।

### दबंग पर बुजुर्ग को अपमानित कर पिटाई करने का आरोप

**महोबा।** कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम महेबा निवासी नंदलाल पुत्र बलुआ ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विगत 02-11-2024 को शाम करीब 6:00 बजे बेलाताल से दिवाली मोनिया मेला देखकर वापस गांव लौट रहा था तभी गांव के बाहर शराब के नशे में धुत्त गांव के दबंग दो भाइयों ने रास्ते में रोक कर बेवजह गाली गलोज करना शुरू कर दिया विरोध करने पर उक्त दबंगों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित अपने पुत्र के साथ बेलाताल पुलिस चौकी शिकायती पत्र लेकर गया तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा उल्टा उसको राजीनामा करने के लिए प्रताड़ित किया गया। पीड़ित बुजुर्ग ने एसपी से मामले की जांच कर दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने एवं दबाब बनाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

# एसपी ने जिले में तैनात उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह को निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद के थाना कोतवाली नगर महोबा में तैनात उ.नि. सत्यपाल सिंह को उ.नि. से निरीक्षक के पद पदोन्नत होने पर पुलिस कार्यालय महोबा में पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ.नि. सत्यपाल सिंह को उ.नि. नागरिक पुलिस पद से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान कर उनके कंधे पर प्रतीक चिन्ह रैंक/तीसरा स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान की गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी गयी साथ ही नयी जिम्मेदारियों के साथ सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से अपने कर्तव्यों के निर्वहन व जनता के साथ मधुर व्यवहार करने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर मौजूद रहे।

# औषधि निरीक्षक एवं आबकारी अधिकारी की संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टरों की जांच, दिए निर्देश




**महोबा।** जिला अधिकारी के निर्देश में जिला आबकारी निरीक्षक पुलिस बल की टीम के साथ औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा डॉक्टर परिचय पर दावों की बिक्री निर्धारण कराने, टिंचर एवं नशीले पदार्थो का विक्रय के संबंध में निम्न मेडिकल स्टरों की जांच की गई। मयंक मिश्रा मेसर्स शिव शक्ति फार्मेसी नियर बस स्टैंड गांधीनगर महोबा, विपिन सिंह मेसर्स आशीर्वाद मेडिकल स्टोर इन फ्रंट ऑफ डिस्ट्रिक्ट वूमेन हॉस्पिटल नयापुरा नैकाना महोबा, राहुल तिवारी मैसेज मां वैष्णो फार्मेसी इन फ्रंट ऑफ डिस्ट्रिक्ट वूमेन हॉस्पिटल नयापुरा नैकाना महोबा। उक्त प्रतिष्ठानों पर जांच के दौरान टिंचर एवं नशीले पदार्थों का विक्रय करते नहीं पाए गए तथा डॉक्टर पर्चे के विक्रय बिजक उपलब्ध कराने एवं एक-एक संदिग्ध औषधि का नमूना जांच एवं विश्लेषण हेतु लेकर राजकीय जन् विश्लेषक लखनऊ उत्तर प्रदेश को प्रेषित किया गया उक्त कार्यवाही से 6 दिवसों के अंदर डॉक्टर पर्चे पर विक्रय की गई औषधीय के विक्रय बीजक डॉक्टर नाम सहित सत्यापित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं अन्यथा की स्थिति में औषधि एवं प्रसारण सामग्री अधिनियम 1940 के नियम 65 का उल्लंघन मानते हुए लाइसेंसों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी।

**मिशन शक्ति अभियान फेज-5**

# महिलाओं/बालिकाओं के स्वावलंबन को चलाया जा रहा अभियान

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र-2024 से चलाए जा रहे मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेज-5 के तहत चलाये जा रहे 09 विशेष अभियानों यथा-ऑपरेशन गरुड, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डिस्ट्राय,ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन मजनू, ऑपरेशन नशा मुक्ति, ऑपरेशन रक्षा व ऑपरेशन ईगल के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया साथ ही छोटे बालकों/बालिकाओं को गुडटच-बैडटच के विषय में बारें में बताते हुए इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया जा रहा है । सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया ।

# ट्रैक्टर एजेंसी में लगी आग, तीन करोड़ की क्षति

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी में लगी आग से जला पड़ा सामान।

▸ कड़ी मशक्कत के बाद तीन मंजिला भवन में लगी आग पर पाया काबू

मंगलवार की अलसुबह जब सभी लोग गहरी नींद में सो रहे थे उसी दौरान जालौन रोड स्थित महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी में लगी भीषण आग लगने से लगभग तीन करोड़ रुपए का सामान जल कर खाक हो गया। गनीमत यह रही समय से फायर बिग्रेड की गाड़ी ने पहुंचकर एजेंसी में लगी आग को बुझाने में सफलता प्राप्त कर ली थी जिससे कुछ नुकसान होने से बच गया।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के जालौन रोड स्थित तीन मंजिला भवन में महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी है जिसके वेसमेंट में टीवीएस मोटर साइकिल का सर्विस सेंटर संचालित होता है। बताया जाता है कि टीवीएस के सर्विस सेंटर में विद्युत शॉर्ट शर्किट से प्रातः चार बजे आग लग गयी जब वहां से धुआं बाहर निकला तो प्रातः मार्निग वॉक पर निकले लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी के मालिक राघवेंद्र सिंह उर्फ भाईजी को मोबाइल पर सूचना दी इसके बाद उन्होंने अपने कर्मियों को घटना की जानकारी दी तो थोड़ी ही देर में फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गयी जहां दमकल कर्मियों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी के तीन मंजिला भवन में लगी आग पर काबू पाया। तब तक आग की लपटें तीनों मंजिल में पहुंच चुकी थी जिसमें वेसमेंट में संचालित टीवीएस सर्विस सेंटर में सर्विस के लिये रखी लगभग आधा सैकड़ा दोपहिया वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गये थे जबकि दर्जन भर दोपहिया वाहनों को किसी तरह से वेसमेंट से बाहर निकाल लिया गया था जिससे उनमें नुकसान नहीं हो पाया।इसके अलावा दूसरी व तीसरी मंजिल में भी रखा सामान भी आग की भेंट चढ़ चुका था। महिंद्रा ट्रैक्टर ऐजेंसी के मालिक राघवेंद्र सिंह उर्फ भाईजी ने बताया कि उक्त आगजनी की घटना में लगभग तीन करोड़ रुपये का नुकसान होने की संभावना जता रहे थे।

## अश्लील हरकत करने का विरोध किया तो युवती व मां को पीटा

**जालौन,उरई।** घर के सामने खड़ी युवती की देखकर अश्लील फब्तियां करने एवं विरोध करने पर युवती व मां को मारपीट कर घायल करने की शिकायत पर आरोपियों को खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी मुस्कान ने पुलिस को बताया की वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी तभी वहां से निकल रहे मंगल, टिंकू आदि उसे देखकर अश्लील फब्तियां करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने बसोरे, कुमकुम, श्यामू, मीनू, ममता को लाठी, डंडे और सरिया लेकर बुला लिया। सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने आई मां को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की।

# गाजियाबाद की घटना पर वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिव बरन सिंह के नेतृव में गाजियाबाद में निहत्थे वकीलों पर बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज करने की घटना का विरोध करते हुए उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज दोषी पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया जावे वह एसआईटी गठित करके निष्पक्ष जांच करके दोषी पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। जिसमें बार एसोसिएशन महामंत्री दीपक सिंह बाबा, सजन शुक्ला,रामप्रसाद वर्मा, रवि कश्यप, राना सिंह, बालचंद्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार ने सहकारी समिति का किया निरीक्षण

**कालपी,जालौन।** उर्वरक की वितरण व्यवस्था की हकीकत को परखने के लिए नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने इटौरा की सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। तथा खाद की बिक्री करने के लिए जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। विदित हो कि कालपी क्षेत्र की इटौरा में स्थित ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड का नायाब तहसीलदार तारा शुक्ला के द्वारा निरीक्षण किया गया तथा अभिलेखों में उर्वरक की बिक्री करने की हकीकत देखी।

इटौरा सहकारी समिति लिमिटेड का औचक निरीक्षण में वर्तमान स्टाक निकल रहा। जबकि 400 बोरियां खाद गोदाम में उतरी थी। लेकिन 4 सौ खाद की बोरियों का आनलाइन कोड उपलब्ध नहीं हो सका था।

# एडीओ पंचायत ने सामुदायिक शौचालयों का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

▸ सामुदायिक शौचालय की स्थिति खराब मिलने पर दो दिन में सही कराने के निर्देश

सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभू नाथ पाठक के द्वारा क्षेत्र के सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवनों का निरीक्षण किया गया जहां पर उन्होंने पाई गई कमियों को दो दिवस के अंदर दूर करने के निर्देश दिए। मंगलवार को उन्होंने सबसे पहले परसा द्वितीय के पंचायत भवन का निरीक्षण किया।

जहां पर पंचायत सहायक मौजूद मिले उन्होंने पंचायत सहायक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा उन्होंने आय जाति निवास आदि के आवेदन की स्थिति का भी अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने मेलारायगंज सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया जहां पर स्थिति ठीक नहीं थी। जिसको लेकर उन्होंने ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को दो दिवस के अंदर सामुदायिक शौचालय की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। इस सम्बंध में एडीओ पंचायत ने बताया कि परसा एवं मैलारायगंज का सामुदायिक शौचलय एवं पंभवन का निरीक्षण किया गया पंचायत सहायक कार्य करते पाया गया लाभार्थी निवास प्रमाण पत्र का आवेदन करायें पाये गये। मैलारायगंज सामुदायिक शौचालय की स्थिति खराब पाई गयी दो दिवस में सही कराने के निर्देश दिये गये।

# भाकियू की मांग पर एसडीएम कर रहे कार्रवाई

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील ईकाई द्वारा 21 अक्टूबर को दिए गए मांग पत्र पर उप जिलाधिकारी द्वारा भारतीय किसान यूनियन प्रतिनिधि मंडल से बिंदवार वार्ता की गई उप जिला अधिकारी की कार्यशैली से किसान संतुष्ट दिखे। मांग पत्र में उठाये गए बिंदुओं पर कार्रवाई हो रही है और शीघ्र तहसील सभी समस्याओं के समाधान करवाया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह जिला सचिव संतोष सिंह तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर हरी रामपाल सिद्धौर ब्लॉक अध्यक्ष राम मदन जिला सचिव मुन्नालाल नगर अध्यक्ष हैदरगढ़ राइस शमशाद खान से वार्ता हुई। खतौनी अंश निर्धारण में जो गड़बड़ी हुई है उस पर उप जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक गांव पंचायत में खुली बैठक करा करके संबंधित विभाग के अधिकारी रहेंगे तब जाकर किसानों का समाधान होगा ताकि उनका अंश सही हो सके जो खतौनी में दर्ज हैं हर गांव पंचायत में एक बैठक का आयोजन करवाऊंगा। उप जिलाधिकारी द्वारा या आश्वासन दिया गया कि एक पत्र रेल मंडल प्रबंधक को लिखूंगा आपकी समस्या जायज है समाधान करा ने का प्रयास करूंगा इन बिंदुओं से और कार्यवाही का समय दिया गया यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो किस पुनः धरना प्रदर्शन के लिए बढ़ेंगे इसी के साथ आज का धरना समाप्त किया गया।

## पत्रकार की हत्या व उत्पीड़न के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कालपी,जालौन।** एक पत्रकार की हत्या व दो पत्रकारों के साथ मारपीट की घटना से क्रोधित पत्रकारों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सुशील कुमार सिंह कालपी को सौंपकर आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। तहसील परिसर में क्षेत्रीय पत्रकारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि जनपद फतेहपुर में दबंगों के द्वारा पत्रकार की हत्या कर दी गई और जनपद हमीरपुर में प्रभावशाली व्यक्तियों के द्वारा पत्रकारों के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना की गई इन दोनों घटनाओं से जनपद जालौन और कालपी के पत्रकारों में नाराजगी है। ज्ञापन में मांग की कि फतेहपुर मे पत्रकार की हत्या के आरोपी व हमीरपुर में पत्रकारों के साथ मारपीट करने वाले दोषियों पर जल्द और सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये।

# अपर जिला पंचायत राज अधिकारी ने घाटों का किया निरीक्षण

मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़



अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे ने मंगलवार को ग्राम पंचायत धरौली एव राजस्व ग्राम बसंतनगर स्थित छठ पूजा घाट पर हो रही साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा घाट पर बिलीचिंग पावडर आदि छिड़कवाने का निर्देश दिया।

बताते चले कि लोकआस्था के इस महापर्व पर ग्राम पंचायत धरौली एव बसंतनगर मे होने वाली छठ पूजा मे सैकड़ो महिलाए अपने पति दीर्घायु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती है तथा सूर्यास्त एव सूर्योदय के साथ घाट पर पहुंच कर पूजा करती है तीन दिनों तक चलने वाले इस महापर्व से पूर्व हो रही व्यवस्थाओ का जायजा लेने आये अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे ने साफ सफाई के साथ घाट पर प्रकाश की व्यवस्था एव ब्लीचिंग के छिड़काव के निर्देश् दिये। इस मोके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, जिला सलाहकार हर्षित मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत राव आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बिना लोन चुकाए उसी भूमि पर दोबारा केसीसी बनवा कर लिया लोन, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** एक बैंक में पहले से केसीसी बने होने के बावजूद किसान ने कूटरचित दस्तावेज के सहारे उसी भूमि पर दूसरे बैंक से भी बनवा लिया। धोखाधड़ी कर के सी सी बनवाने वाले किसान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत आर्यावर्त ग्रामीण बैंक पोखरा शाखा प्रबंधक ने बताया कि कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत सुजारा गांव निवासी हौसला प्रसाद पुत्र गुरुदेव ने मेरी शाखा से भूमि खाता संख्या 1176 रकबा 00.900 हेक्टेयर में अपने भाग की भूमि को बंधक बनाकर कर गत दिनांक 30 /3 /2016 को के सी सी बनवाकर 100000 रुपए लोन ले लिया इस दौरान यह अनुबंध किया था कि बिना ऋण की अदायगी किए भूमि को नहीं बेचेंगे और ना ही दोबारा ऋण लिया जाएगा वसूली के दौरान पता चला कि विना लोन की अदायगी किए ही बंधक भूमि पर विजया बैंक शाखा हैदरगढ़ से दोबारा के सी सी बनवाकर 118000 रुपए का लोन ले लिया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### स्वास्थ्य अधिकारी बनी छात्रा ने ली जानकारी



**जालौन,उरई।** मिशन शक्ति के अंतर्गत आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कालेज की छात्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बनकर स्वास्थ्य विभाग की जानकारियां हासिल की। मिशन शक्ति के अंतर्गत सरकारी विभागों में कामकाज की कार्यप्रणाली को समझने और नवाचार के माध्यम से बालिकाओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न विभागों में एक दिन के लिए बालिकाओं को अधिकारी बनने का मौका दिया जा रहा है। इसी क्रम में आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा नवम की छात्रा शुभांशी तिवारी को एक दिवसीय प्रतीकात्मक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया। उन्होंने पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया को समझा। अस्पताल में भ्रमण कर मरीजों का हालचाल जाना। इसके अलावा डॉक्टरों से ओपीडी के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के कार्य क्षमताओं का आंकलन एवं संवर्धन के बारे में चर्चा की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी केडी गुप्ता ने शुभांशी को चिकित्सा कार्य संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय की आचार्या श्वेता गुप्ता, राजा सर आदि मौजूद रहे।

### फुटपाथों पर दुकानदारों का कब्जा, यातायात व्यवस्था चरमराई

**जालौन ,उरई।** सड़क के दोनों ओर फुटपाथ इसलिए छोड़ा जाता है। जिससे राहगीरों को परेशानी न हो तथा वह आराम से पैदल यात्रा कर सके। इसके साथ ही दुर्घटनाओं को रोका जा सका। नगर के फुटपाथों पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है जिससे नगर की यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है तथा जाम के झाम से जनता परेशान हैं। नगर के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले देवनगर चौराहा से अंदर की ओर आनी वाली सड़क मुख्य मार्ग है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से बस समेत बड़े वाहनों के साथ छोटे वाहनों की संख्या ज्यादा रहती है। मुख्य मार्ग पर दोनों ओर दुकानदारों ने फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। फुटपाथ पर कब्जा कर अवैध से स्थायी रूप से सीढ़ियां लगा ली गयी है। इसके साथ ही टीन शेड लगाकर, सामान रख कर कब्जा कर रखा है। सड़क के दोनों फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण बड़े वाहनों के क्रासिंग में दिक्कत होती है। इसके ही बुजुर्ग व बच्चों को फुटपाथ के अभाव में चलने में दिक्कत होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सड़क पर दोनों ओर फुटपाथ गायब होने से मरीज को लेकर निकलने वाले वाहनों को दिक्कत होती है। मजे की बात तो यह प्रशासन अतिक्रमण हटा कर औपचारिकता तो करता है किन्तु एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद वह भूल जाता है।

# समेकित प्रोत्साहन योजना के लिए संपर्क करें आमजन

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव राज्यकर विभाग द्वारा जारी शासनादेश के माध्यम से प्रदेश में बंद पड़े अथवा घाटे में चल रहे छविगृहों को पूर्ण रूप से तोड़कर उसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमाहाल सहित व्यवसायिक काम्पलेक्स के निर्माण,पुराने बंद पड़े एवं संचालित सिनेमाघरों के भवन की आंतरिक संरचना में परिवर्तन (रिमॉडल) कर पुनः संचालित होने वाले सिनेमाघरों, प्रदेश में बंद पड़े एकल सिनेमाघरों को बिना किसी आन्तरिक संरचना में परिवर्तन किये यथास्थिति में पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघरों व्यावसायिक, गतिविधियों सहित/ रहित,न्यूनतम 75 आसन क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण, जिन जनपदों में एक भी मल्टीप्लेक्स निर्मित/ संचालित नही है। उन्होंने समस्त को सूचित किया है कि सभी बंद पड़े एवं चालू सिनेमा के स्वामी/ लाइसेंसी/ प्रबन्धक/ संचालक या अन्य इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी उपरोक्त शासनादेश का लाभ उठाए एवं अन्य सहयोग व सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर खण्ड-एक में सम्पर्क स्थापित कर सकते है।उक्त जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) महेंद्र कुमार सिंह ने दी है।

# निगरानी के लिये बने कंट्रोल रूम से व्यवस्था हुई बेहतर

**गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने गौशालाओं के केयरटेकर से संवाद करके वहां की स्थिति का लिया जायजा**

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी।

उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, सदस्य राजेश सिंह ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की गौशालाओं की व्यवस्था के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रस्तुतीकरण के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने अपने प्रयासों के बारे में जानकारी दी और गौवंशों की बेहतर देखभाल के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने सबसे पहले गौशालाओं की निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से गौशालाओं के केयरटेकर से संवाद भी किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले में निराश्रित गौवंशों के लिए गौशालाओं और गौ आश्रय स्थलों की निगरानी लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में कुल 413 गौशालाएं और अस्थायी गौ आश्रय स्थल स्थापित किए गए हैं, जिनमें 42 हजार से अधिक गाय और नंदी रह रहे हैं। इन गौशालाओं में 82 नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो निराश्रित गौवंशों की समस्याओं से किसानों और आम नागरिकों को निजात दिलाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। इसके अलावा, जिला प्रशासन ने सड़कों और खेतों में घूम रहे निराश्रित गौवंशों के ब्लॉक स्पॉट को चिन्हित किया है और इन पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कैटल कैचर के माध्यम से इन गौवंशों को पकड़कर गौशालाओं और अस्थायी गौ आश्रय स्थलों में भेजा जा रहा है। साथ ही, इन गौशालाओं में 24 घंटे केयरटेकरों की तैनाती की गई है, ताकि गौवंशों की देखभाल सुनिश्चित की जा सके। केयरटेकरों के नाम और मोबाइल नंबर को बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है, ताकि किसी भी नागरिक को किसी भी समय जानकारी मिल सके। गौशालाओं में गौवंशों की देखभाल के लिए भूसा, हरा चारा और पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

# परिक्रमा की तैयारियां तेज, ताबड़तोड़ निरीक्षण शुरू




अयोध्या,समृद्धि न्यूज।

मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में सोमवार देर शाम आगामी चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा/कार्तिक मेला को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी।

इसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर व अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त श्री दयाल ने कहा कि वर्तमान समय में चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के कार्य गतिमान है, जिस कारण परिक्रमा मार्ग के दोनों ओर निर्माण सामाग्रियां छिटपुट स्थानों पर पड़ी हुई है उसे तत्काल हटवाते हुये मार्ग को सुगम बनाया जाय तथा परिक्रमा मार्ग में जहां जहां पर जीएसवी डाली गयी है और गिट्टिया उखड़ी हुई है वहां पर बालू डालकर परिक्रमार्थियों के नंगे पैर चलने योग्य बनाया जाये। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि परिक्रमा के दौरान पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीमों की तैनाती करते हुये पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रहे जिलाधिकारी श्री सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रथम बार हो रहे परिक्रमा में ऐतिहासिक भीड़ होने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुये सभी तैयारियां पूर्ण की जाए तथा परिक्रमा हेतु आने वाले परिक्रमार्थियों को सभी सुविधाएं परिक्रमा मार्ग पर ही उपलब्ध रहे इसकी भी व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए।



## डीएम ने सफदरगंज मंडी में विभिन्न धान क्रय केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने आज तहसील नवाबगंज क्षेत्र में भ्रमणशील होकर सफदरगंज मंडी में विभिन्न धान क्रय केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उपस्थित क्रय केंद्र प्रभारियों से धान क्रय की अद्यावधिक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## पत्रकार के भाई के निधन पर साथियों ने जताया शोक

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को कालपी के प्रमुख पत्रकार ईशा राजा के बड़े भाई हैदर राजा खाद वाले का लंबी बीमारी के दौरान निधन हो गया उनके निधन की खबर सुनकर पत्रकारों एवं व्यापारियों ने शोक जताया है।
विदित हो कि कालपी नगर के मुहल्ला काजीपुरा निवासी 56 वर्षीय हैदर रजा एक वर्ष से गम्भीर बीमारी से ग्रस्त चल रहे थे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने बड़े पुत्र दिव्यांशु सिंह उर्फ लवकुश को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता
विनोद कुमार वर्मा पुत्र स्व. श्री सतगुरु शरण वर्मा म.नं.- 401 शिवाजीपुरम पल्हरी चौराहा थाना कोतवाली नगर, जिला, बाराबंकी।

# नारायन कॉलेज के तेजस सिंह ने जीती स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता

इटावा,समृद्धि न्यूज।



नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के तत्वाधान में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के कक्षा 6 के छात्र तेजस सिंह ने अचूक निशाने को साधते हुये लक्ष्य को भेदा तथा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज तथा जिले का नाम रोशन किया।

इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन किया। इस विशेष सभा में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं एवं अध्यापकगण के मध्य तेजस सिंह को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज-कल जहां बच्चे अपने लक्ष्य को भूल कर अपना बहुमूल्य समय मोबाइल के प्रयोग में व्यतीत करते हैं वहीं तेजस सिंह जैसे होनहार छात्र अपने समय का सदुपयोग करते हुये लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। सभी विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिये। तेजस सिंह ने स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप जीत कर स्वामी विवेकानन्द के आदर्श को जीवन्त कर दिया क्योंकि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये। छात्र/छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिये इसी तरह के अनुशासन का पालन करना चाहिये। इस अवसर पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे तेजस सिंह के पिता रवीन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया तथा उन्होने कहा कि विद्यालय ही मात्र ऐसी जगह है जहां सही दिशाए उत्तम ज्ञान एवं गुरूजनों के मार्गदर्शन से बच्चे अपने लक्ष्य को न सिर्फ बनाते हैं बल्कि आत्म विश्वास के साथ उसे प्राप्त भी कर लेते हैं।

तेजस सिंह का अगला लक्ष्य राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लक्ष्य को भेदना तथा विजेता बनना है। मनु भाकर को अपना आर्दश मानने वाले तेजस सिंह ने कहा कि उसका लक्ष्य ख्याति प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय शूटर बनना है तथा देश का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार ने तेजस सिंह को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों का सामान किया पार

**जालौन,उरई। सूने** घर में अज्ञात चोरों ने छत से चढ़कर घर में घुसकर लाखों के जेवरात सहित 30 हजार रुपये नकद चुराए। पीड़ित ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर लिए नमूने लिए। नगर के मोहल्ला तोपखाना कोंच चौराहा पर धन सिंह पैलेस की गली निवासी राजेंद्र कुमार पाठक ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा विपिन उर्फ गुड्डू अपने परिवार के साथ मकान में रहता है। दीपावली के पर्व पर बेटा व उसकी पत्नी 31 अक्टूबर को पूजा कर मकान का ताला डालकर अपने पैतृक गांव खकसीस पूजा करने चले गए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरैयाविलियम विकास खण्ड कुम्भी गोला खीरी**

पत्रांक/ टेन्डर/ ग्रा.पं.-सरैयाविलियम/2024-25 — दिनांक-05.11.2024

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरैयाविलियम में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री (ईंट, रोड़ा, इण्टरलॉक बालू, मौरंग, गिट्टी, सीमेन्ट आदि) की आवश्यकता है इच्छुक फर्म दिनांक 06.11.2024 से 14.11.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय 11:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। दिनांक 14.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत सरैयाविलियम में समिति के समक्ष खोला जायेगा टेण्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सरैयाविलियम से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | स्वीकृति लागत | स्वीकृति धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | अनिल की दुकान से सर्वेश के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 110 मी. | 596475.00 |
| 2. | अवधेश शुक्ला के मकान से दीनबन्धु के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 90 मी. | 490431.00 |
| 3. | राजपाल के मकान से महेन्द्र के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 52 मी. | 310711.00 |
| 4. | कमलेश मिश्रा के मकान से मेन रोड तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 60 मी. | 323183.00 |
| 5. | छत्रपाल के मकान से बृजेश के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य | 70 मी. | 382049.00 |

रामदेवी
प्रधान
ग्राम पंचायत सरैयाविलियम
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

कमलेश राना
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सरैयाविलियम
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

# गुगरापुर के विद्युत संविदा कर्मी की मौत, हत्या का आरोप

- एसडीओ कार्यालय के सामने शव रखकर परिजनों ने काटा हंगामा
- तीन लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज, एक आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शव का पंचनामा भरते उपनिरीक्षक।

विद्युत उपकेन्द्र गुगरापुर में संविदा पर तैनात लाइनमैन अचेत अवस्था में पावर हाउस परिसर के भीतर मिला। आनन फानन परिजनों ने उसे नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने लाइनमैन का शव एसडीओ कार्यालय के सामने रखकर जमकर हंगामा काटा और विभागीय कर्मियों पर जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर एसडीओ, जेई, कोतवाल, चौकी प्रभारी भारी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लगभग 08 घंटे बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्राम मरहरिया निवासी धर्मवीर उर्फ पिंटू (43) पुत्र बलवंत कुमार गुगरापुर स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर लाइनमैन के पद पर संविदा पर तैनात था। उसके भाई प्रदीप ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग 03 बजे कर्मियों ने फोन कर उसके भाई को उपकेन्द्र पर बुलाया। इसके बाद लगभग 05 बजे सुबह उसके बाद फोन आया कि तुम्हारा भाई अचेत अवस्था में केन्द्र पर पड़ा हुआ है। जिससे परिजन आनन फानन मौके पर पहुंच गए और अचेत अवस्था में पड़े धरमवीर उर्फ पिंटू को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई।



मृतक धर्मवीर उर्फपिंटू।

इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। इसके बाद गुस्साएं परिजनों ने लाइनमैन के शव को गुरसहायगंज स्थित एसडीओ कार्यालय के सामने रख दिया और विद्युत कर्मी पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, कोतवाल आलोक कुमार दुबे, चौकी प्रभारी नौरंगपुर मोहन लाल, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। एसडीओ ब्रजेश कुमार सरोज, जेई विकास कुमार सहित कोतवाल ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन नहीं माने और आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग पर अड़े रहे। लगभग आठ घंटे तक चली मसक्कत के बाद परिजनों ने शव को उठने दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली पुलिस ने आशीष तिवारी, अभिषेक दीक्षित, सदर सिंह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों का प्रचार करने के लिए किया निर्देशित



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सपा सुप्रीमो के निर्देशानुसार मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक के आवास पर विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर संपन्न हुआ बैठक की अध्ययता की विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल ने कहा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया किसानों को सरकार खाद तक मुहैया नहीं करा पा रही है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता बिल्कुल तैयार बैठी है। बैठक संचालन किया हिमांशु यादव इस मौके पर बजरंग सिंह चौहान अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी धीरज कठेरिया अमन खान तस्लीम वारसी मोनू यादव हृदय नारायण दुबे साकेत जाटब लाखन सिंह जितेंद्र सादव सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वर्चस्व की लड़ाई में दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज, तीन साल बाद हुआ आमना-सामना

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा सराय गुर्जर माल में पुरानी प्रधान की रंजिश के चलते हुई मारपीट जिसमें दर्जन व लोग घायल हुए ग्राम सभा सराय गुर्जर माल में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर 2021 में प्रधान की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी जिसमें एक पक्षी द्वारा मारपीट भी की गई थी। अभियोग दर्ज हुआ था मामला न्यायालय में चल रहा है 3 वर्ष बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आए और मारपीट हुई जिसमें मुकेश नरेश जयवीर राजपाल दीपक गोविंद अंकित को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया दूसरे पक्ष मुन्नी देवी ने बताया कि रविवार शाम 4 बजे अपने पुत्र गौरव व गोविंद के साथ अपने माई के आई हुई थी रात में संदर्भ शाक्य प्रताप सिंह शाक्य उर्फ श्यामू मुकेश जयवीर सतवीर राजपाल आकाश उर्फ सूर्यांश शाह के दरवाजे पर आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे बचाने आए दोनों पुत्रों पर प्रहार कर प्रेयर कर घायल कर दिया कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया जांच कार्यवाही की जाएगी।

# शारीरिक खेलों के लिए महाविद्यालय का ग्राउंड चयनित

- अध्यक्ष मनोज दुबे ने ग्राउंड का निरीक्षण कर साफ सफाई के दिए निर्देश

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका स्थापना उत्सव के शारीरिक खेलों के लिए इस बार सौरिख रोड स्थित बटेश्वर दयाल महाविद्यालय के खेल ग्राउंड को चुना गया है, तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर के साथ अध्यक्ष मनोज दुबे ने ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए पालिका कर्मचारियों को ग्राउंड की साफ सफाई और अलग अलग खेलो के अनुसार रेखांकित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि इस बार जूनियर एवं सीनियर वर्ग में नौ प्रकार के शारीरिक खेलों को सम्मिलित किया गया है जिसमें सबसे ज्यादा आकर्षित करने वाले कबड्डी एवं वॉलीबॉल टूर्नामेंट होंगे .व्यापक स्तर पर प्रतिभाओं की खोज के लिए इस बार विद्यालय स्तर के अलावा वार्ड स्तर पर भी आयोजन हो रहा है।



जहां वार्ड स्तर के क्वालीफाइंग मैच 11 से 14 नवंबर के बीच होंगे वही विद्यालय स्तर के शारीरिक खेल प्रतियोगिताएं 16 से 18 नवंबर के बीच होगी। सभी खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 22 नवंबर को संकल्प उत्सव मंच पुरस्कृत किया जायेगा तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा खेलों को सम्मिलित किया गया है जिसमें दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेक, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो खो प्रमुख है। शारीरिक खेलों के निर्णायक मंडल के लिए राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है. नगर सीमा क्षेत्र में रहने वाले युवा अपने वार्ड सभासद के पास आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करके अपना निशुल्क पंजीकरण करा दें या संकल्प उत्सव हेल्पलाइन 011 69312047 पर कॉल करके भी नाम लिखा सकते है संकल्प उत्सव स्थापना उत्सव के लिए विद्यालयों को अपनी प्रविष्टि जमा करने की आज अंतिम तिथि है अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अनिवार्य रूप से शाम 4 बजे तक ऑपरेटर प्रवेश यादव के पास प्रतियोगियों की सूची जमा कर दे साथ ही छायाप्रति पर रिसीविंग अवश्य प्राप्त कर ले।

# पुत्र न होने पर विवाहिता को पिलाया जहरीला पदार्थ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शादी के बाद विवाहिता ने एक पुत्री को जन्म दिया। इससे ससुराली खुश नहीं हुए। ससुराल के कुछ लोगों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया। जिसके बाद जब वह अपनी माँ के साथ दवा लेकर वापस अपने मायके जा रही थी। तभी रास्ते मे उसे रोककर जहरीला पदार्थ पिला दिया और छोड़कर भाग गए।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासिनी आफरीन वानो पुत्री मो. इशरत ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराये मुकदमे में कहा है कि उसका विवाह गांव के ही मोहम्मद रफीद के साथ हुआ था। जिसके बाद 11 अगस्त 2024 में आफरीन ने पुत्री को जन्म दिया। जो की ससुरालीजनों को नागवार गुजरा और उन्होंने उसे घर से बेघर कर दिया। 19 अगस्त की दोपहर लगभग 01 बजे वह अपनी माँ के साथ एक निजी अस्पताल से दवा लेकर घर जा रही थी। तभी उसके ससुर हारून उर्फ मंगली, सास हसबुनिशा, देवर काशिद और जेठ वासिद ने उसे रास्ते मे पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। साथ ही अपने साथ लाये जहरीले पदार्थ को पिलाकर वहां से भाग गए। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### आवारा पशुओं के झुण्ड ने वृद्ध महिला पर किया हमला



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** ठठिया थाना क्षेत्र के पुरानी ठठिया में खेतों की रखवाली कर रही एक वृद्ध महिला पर आवारा जानवरों के एक झुण्ड ने हमला बोल दिया। आवारा पशु ने महिला को सींग में फंसाकर उठा कर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार चल रहा है। पुरानी ठठिया निवासी सुनीता देवी (60) पत्नी श्रीकृष्ण मंगलवार की दोपहर अपने खेतों में तैयार खड़ी फसल को देखने गई थी। इसी दौरान आवारा जानवरों का झुण्ड उसके खेत में घुस गया। जब महिला ने उनको भगाने का प्रयास किया, तो आवारा जानवरों ने उसपर हमला बोल दिया। एक आवारा पशु ने महिला को सींग में फंसाकर उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़े। ग्रामीणों ने लाठियां पटकर आवारा पशुओं को भगा दिया। घायल महिला का मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में उपचार चल रहा है।

### फोटोग्राफर से अभद्रता कर चोरी की बाइक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वीडियोग्राफी का कार्य करने गए युवक से अभद्रता कर बाइक चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सराय प्रयाग के नौधना निवासी मंजीत सिंह पुत्र दयाराम ने बताया कि वह वीडियो व फोटो ग्राफी का कार्य करता है। 04 नवंबर की शाम वह वीडियो ग्राफी करने के लिए ग्राम बलनपुर रोहली निवासी रामसिंह जाटव के घर गया था। जहां गांव के पांच लोग उसकी बाइक पर शराब रखकर पी रहे थे। जब उसने मना किया तो उन लोगों ने गाली गलौज की और देख लेने की धमकी दी। इसके बाद वह वीडियोग्राफी करने चला गया। जब वापस लौटा तो उसकी मौके पर नहीं थी। उसने धमकी देने वालों पर बाइक चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल



**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** ठठिया कस्बे के निकट मंगलवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर तिर्वा आ रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। ठठिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी अखिलेश (25) पुत्र रामकुमार बाइक पर सवार होकर किसी काम से तिर्वा आ रहा था। जब उसकी बाइक ठठिया के निकट पहुंची। तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के राहगीरों ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है।

# सुहेल देव भासपा की मासिक बैठक हुई आयोजित

## जिला प्रतिनिधि गुंजन यादव ने कहा कि पार्टी संगठन जनपद में बहुत कमजोर है



**समधन , समृद्धि न्यूज़।**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में पार्टी संगठन को विस्तार करने जुझारू लगनशील कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर चर्चा की गई। मंगलवार को क्षेत्र के रामाश्रम स्थित श्यामवती विधालय परिसर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की एक मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश के पंचायती राजमंत्री के जिला प्रतिनिधि गुंजन यादव ने कहा कि पाटी संगठन जनपद में बहुत कमजोर है इसके लिये जुझारू कार्यकर्ताओं को जिले स्तर से लेकर ब्लांक स्तर तक विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी देकर पाटी को मजबूत व सशक्त बनाया जाये जिससे ग्राम पंचायत स्तर की हर छोटी- बड़ी जनता की समस्याओं का निदान कराया जा सके।

पार्टी की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निर्मला राठौर ने बैठक मे महिला कार्यकर्ताओं से हर मासिक बैठक में भाग लेने की अपील करते हुऐ कहा कि वहां जनता से जुडी समस्याओं को अवगत कराये जिसका मंत्री से निराकरण कराया जा सके। इस अवसर पर अखिलेश प्रजापति, रवि राजपूत, मिशवाउल ख़ान, मोहित कुमार, सुमन यादव, अवधेश कुमार, चन्दन सिंह, अर्पित कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## झगड़ रहे युवक ने चौकी इंचार्ज पर फावड़े से किया हमला

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** गश्त पर जा रहे उमर्दा चैकी इंजार्च पर सोमवार की शाम नैकापुर गांव के पुल के पास झगड़ रहे एक युवक ने फावड़े से हमला बोल दिया। हमले में संयोग से चैकी इंजार्च को कोई गंभीर चोट नहीं आई। मामले में चैकी इंजार्च ने इंदरगढ़ थाने में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उमर्दा चैकी इंचार्ज हरेकृष्ण ने इंदरगढ़ थाने में नैकापुर गांव निवासी लालू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह सोमवार की शाम अपनी बाइक से गश्त पर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नैकापुर गांव के पुल के पास पहुंची, तो उन्होने देखा कि दो युवक आपस में झगड़ रहे हैं। इसपर उन्होने अपनी बाइक खड़ी करके झगड़ा कर रहे युवकों को रोकने का प्रयास किया। इसमें एक युवक लालू शराब के नशे में था। उसने फावड़े से उनपर हमला किया। जिसमें उन्हे कोई गंभीर चोट नहीं आई। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# दुर्घटना में पूर्व बसपा जिला कोषाध्यक्ष की मौत से शोक

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर ट्रॉली में बाइक टकराने से बसपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष की मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। पार्टी के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक संवेदना व्यक्त की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया।

थाना तालग्राम के ग्राम भोजापुर निवासी कंचन लाल जाटव (58) पुत्र फतेह बहादुर सोमवार की देर रात खिरिया पुल के पास अपने खेत से ट्रैक्टर ट्रॉली में पुआल भरकर गांव भोजापुर जा रहा था। जबकि ट्रॉली में भरे पुआल पर उसकी पत्नी सुदामा, पुत्र प्रताप व भतीजा बैठा था। कपूरापुर गांव के समीप ट्रॉली से पुआल का ढेर नीचे गिर गया। इससे उसने ट्रैक्टर ट्रॉली को खड़ा कर दिया। इसी बीच सभी लोग दोबारा ट्रॉली में पुआल भरने लगे। तभी पीछे से आ रही बाइक ने कंचन लाल के टक्कर मार दी। उन्हे एम्बुलेंस से सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने कंचनलाल को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई। थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने मंगलवार की सुबह पंचनामा भरकर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक कंचनलाल जाटव बसपा सरकार में जिला कोषाध्यक्ष थे। पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक सवेंदना व्यक्त की। भाई विजय कुमार, मानसिंह और राघवेंद्र कुमार में सबसे बड़े भाई से छोटे थे। उनकी एक पुत्री सरोज है।

# दौलत और हुकूमत के सामने, दिल झुक गया है मोहब्बत के सामने

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा तालग्राम में मंगलवार को हजरत कालन शहीद रहतुल्लाह अलैह के उर्स के दूसरे दिन हिन्दू मुस्लिम एकता इंतजामिया कमेटी की जानिब से कव्वाली का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ चेयरमैन मोहसिन खान जानू ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में भाईचारा कायम होता है। आपसी सदभाव बढती है। पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव ने कहा कि हमारे नगर में सदैव गंगा जमुनी तहजीब कायम रही। जिसमें इस तरह के आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। इसके बाद के कव्वाल इमरान ताज ने मिलकर कोशिश सुबह शाम करो, ऊंचा इस हिंदुस्तान का नाम करो। मंदिर हो या मस्जिद हो या गिरजाघर, गुरुद्वारा, हिंदुस्तान तो एक है हमारा तुम्हारा। इसके बाद कव्वाल ताहिर चिश्ती ने दौलत के सामने न हुकूमत के सामने, दिल झुक गया है मेरा मोहब्बत के सामने। तमाम उम्र की मेहनत बसूल हो जाए, बस एक सजदा कबूल हो जाए आदि कलाम पढ़कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कमेटी बालो ने दरगाह को सजाया और अकीदतमन्दों ने चादर चढ़ाकर मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ की। इसके अलावा दरगाह ग्राउंड में मीना बाजार लगाया। जहां महिलाओं व बच्चो ने जमकर खरीददारी की।



कार्यक्रम में मौजूद कमेटी के लोग व चेयरमैन।

# समितियां के लिए उपलब्ध हुई 1330 मी. टन एनपीके

## इसी सप्ताह सभी समितियों पर एनपी हो जाएगी उपलब्ध

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में सहकारी समितियो के लिए कृभको कंपनी की 1330 मी टन एनपीके प्राप्त हुई है। जिसका आवंटन समितियो के लिए कर दिया गया है। उक्त प्राप्त मात्रा का प्रेषण समितियां में शुरू हो गया है। इसी सप्ताह में सभी समितियो पर एनपी उपलब्ध हो जाएगी। इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी डीएपी प्राप्त होगी।

उन्होंने बताया है कि किसान भाई गेहूं की फसल के लिए 150 किलोग्राम नाइट्रोजन 60 किलोग्राम फास्फोरस तथा 40 प्रोग्राम पोटाश की मात्रा प्रति हेक्टेयर डालें। एक हेक्टेयर गेहूं के लिए दो से तीन बोरी डीएपी एवं एक बोरी पोटाश पर्याप्त है। यदि किसान भाइयों को डीएपी मिलने में असुविधा होती है तो फास्फोरस की पूर्ति के लिए तीन बोरी सुपर एवं 20 किलो यूरिया को मिलाकर खेत में डाल सकते हैं जो की एक बोरी डीएपी के बराबर होगा। इसके अलावा बाजार में कई कंपनी की ट्रिपल सुपर फास्फेट उपलब्ध है जिसमें डीएपी के बराबर ही फास्फोरस होता है। अतः किसान भाई ट्रिपल सुपर फास्फेट ञस्क्र का प्रयोग फास्फोरस की पूर्ति के लिए कर सकते हैं। जनपद में 1865 मी डीएपी की उपलब्धता है। इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में एनपी एवं सुपर उपलब्ध है। सभी सहकारी समितियो पर नैनो डीएपी उपलब्ध है जिसका उपयोग किसान भाई गेहूं की बुवाई के लिए कर सकते हैं। नैनो डीएपी बीज उपचार के लिए 5 मिली प्रति किलोग्राम बी की दर से करना चाहिए। उपचारित बीजों को 20 से 30 मिनट तक छांव में सूखने के उपरांत ही बुवाई करें। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरक मिलने में कोई समस्या आती है। तो वह जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 8272 8930 15 पर बात कर सकते हैं। विक्रेता द्वारा कालाबाजारी अथवा उर्वरक होते हुए न देना पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम बोले, न्यायालयों में बाहरी व्यक्तियों से न कराया जाए कार्य

- जिलाधिकारी ने गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




गांधी सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी

एक वर्ष से 03 वर्ष तक अवधि के 1439 और 03 वर्ष से 05 वर्ष तक अवधि के 626 एवं 05 वर्ष से अधिक 928 मुकदमो का प्राथमिकता में लेकर शीध्रातिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। न्यायालयवाइज पुराने मुकदमों के निस्तारण की दिनांक वाइज सूची तैयार की जाये। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कही। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में पेशकारों के साथ आरसीसीएमएस पोर्टल और राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली आदि के संबंध में बैठक हुई। उन्होंने निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर प्रत्येक शनिवार कानूनगो, लेखपाल व नजारतवालो के साथ बैठक कर आईजीआरएस और न्यायालय संबंधित प्रकरणो का निदान किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आरसीसीएमएस पोर्टल पर प्रतिदिन आर्डर शीट भरी जाये आरसीसीएमएस पोर्टल पर आदेश की प्रति पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर सहित सम्पूर्ण आदेश अपलोड किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि प्रत्येक माह निस्तारित वाद पत्रावलियों को अभिलेखागार में समय से दाखिल कराया जाये। रेस्टोरेशन की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाये। कोई भी वाद अदम पैरवी में खारिज न किया जाये। सभी वाद गुणदोष के आधार पर लिखित व मौखिक बहस का समय प्रदान करते हुए ही निस्तारित किये जाये।

उन्होने निर्देश दिये कि केश की डिटेल आने पर वादी व प्रतिवादी के फोन नम्बर में अपडेट किया जाये। उन्होने कहा कि विभिन्न वादों की पत्रावलियों के ऊपर राजस्व संहिता की धारा यथा धारा-34, धारा-80, धारा-67, धारा 24 एवं धारा-116 में वाद के निस्तारण की निर्धारित समयसीमा का उल्लेख बड़े-बड़े अक्षरों में किया जाये। दाखिल-खारिज वादों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा 45 दिन के अन्दर प्रत्येक दशा में किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि न्यायालयों में बाहरी व्यक्तियों (प्राइवेट व्यक्तियों) से कार्य न लिया जाये।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मढ़िया विकास खण्ड कुम्भी गोला खीरी

पत्रांक / टेन्डर/ 2024-25 — दिनांक-05.11.2024

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मढ़िया में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री (ईंट, रोड़ा, इण्टरलॉक बालू, मौरंग, गिट्टी, सीमेन्ट आदि) की आवश्यकता है इच्छुक फर्म दिनांक 06.11.2024 से 14.11.2024 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय 11:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। दिनांक 14.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत मढ़िया में समिति के समक्ष खोला जायेगा टेण्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मढ़िया से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | स्वीकृति लागत | स्वीकृति धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | हरिशचन्द्र के मकान से खिलावन के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य | 33 मी. | 155286.00 |
| 2. | वेद प्रकाश के मकान से राम नरेश के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य | 87 मी. | 398565.00 |

चन्द्रभाल
प्रधान
ग्राम पंचायत मढ़िया
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

अखिलेश कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मढ़िया
वि.ख. कुम्भी गोला, खीरी।

# डीसी मनरेगा ने आरआरसी सेंटर का निरीक्षण कर मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की

- बीडीओ को निर्देशित किया कि रोजगार सेवकों को वेतन उनके कार्य के हिसाब से दें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

अखबार में खबर प्रकाशित होने के बात अधिकारियों ने पहुंचकर आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया तथा विकास खंड कार्यालय पर मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अतरौलिया में बन रहे आरआरसी सेंटर की खबर को दैनिक समृद्धि न्यूज अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

जिसका संज्ञान लेते हुए मंगलवार को डीसी मनरेगा रणजीत सिंह कई ग्रामों में मनरेगा की जानकारी हेतु निरीक्षण के लिए पहुंचे। जिसमें ग्राम पंचायत कनासी, ग्राम पंचायत कुरार में आरआरसी सेंटरों की हकीकत जान विकास खंड कार्यालय पर मनरेगा से संबंधित एपीओ, रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायकों की तत्काल प्रभाव से बैठक बुलाई। जिसमें तकनीकी सहायकों सहित रोजगार सेवक भी बैठक में मौजूद रहे। जिसको देखकर डीसी मनरेगा रणजीत सिंह का पारा चढ़ गया और उन्होंने विकास खंड अधिकारी को निर्देशित किया कि वह सभी रोजगार सेवकों का मानदेय उनके काम के हिसाब से दें। वहीं मनरेगा योजना में 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराएं तथा जॉब कार्ड के हिसाब से कार्य पूर्ण न होने पर सभी रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण तलब किया जाये और लगातार विकास खंड अधिकारी को निर्देशित करते रहे कि वह उनके कार्यों के हिसाब से ही मानदेय का भुगतान करें। वहीं जिले में विकास खंड नवाबगंज की मनरेगा में स्थिति को खराब देखते हुए अधिकारियों के दबाव के बाद विकास खंड अधिकारी विद्यालय गए। उन्होंने आरओ मनरेगा को खरी खोटी सुनाई तथा मनरेगा के बारे में मनरेगा श्रमिकों को 100 दिन रोजगार देने का प्रावधान पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं विकासखंड अधिकारी को डीसी मनरेगा रणजीत सिंह ने निर्देशित करते हुए बताया कि वह ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को तथा ग्राम सचिवों को नोटिस जारी करें और उनके कार्य के हिसाब से मानदेय दिया जाए।

समृद्धि न्यूज की खबर का असर


बैठक लेते डीसी मनरेगा व मौजूद बीडीओ

यदि रोजगार सेवक कार्य नहीं करते हैं तो उनको कार्य से हटाने की व्यवस्था भी ग्राम प्रधानों तथा रोजगार सेवकों की है। ऐसे ही कई बिंदुओं पर चर्चा की।

इस मौके पर डीसी मनरेगा रणजीत सिंह, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक राघवेंद्र सिंह, मनोज कुमार, विनय सिंह, सुशील कौशल, रोजगार सेवक कुंवर पाल सिंह, नितिन कुमार, राजवीर सिंह, कर्मवीर सिंह राजपूत, सरजू यादव, गोविंद कुमार आदि रोजगार सेवक बैठक में मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में चार युवकों को अर्थदण्ड से किया दंडित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।




अपर जिला जज कक्ष संख्या-8 न्यायाधीश मेराज अहमद ने मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में देवेंद्र कुमार राजपूत पुत्र श्रीराम, पीयूष पुत्र देवेंद्र, विजय पुत्र उमाशंकर, उमाशंकर पुत्र पुत्तनलाल निवासी श्याम नगर कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास से दण्डित किया है।

बीते 21 वर्ष पूर्व मुकदमा वादी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि पड़ोसी देवेंद्र से मेड़ के सबन्ध में विवाद चल रहा था। 29 मार्च 2003 को सुबह 6 बजे मेरी पत्नी कल्पना दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। उसी समय देवेंद्र, पीयूष, उमाशंकर, कौशलेंद्र लाठी-डंडे व टकोरा से एक राय होकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। मेरी पत्नी घायलावस्था में घर से अंदर घुस गई। हमलावर भी घर के अंदर घुस गए। चीख पुकार की आवाज सुनकर कुछ लोग आ गए। जिस पर उक्त लोग भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने देवेंद्र, पीयूष, विजय, उमाशंकर को तीन-तीन वर्ष का कारावास व 3500-3500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# अनियंत्रित रोडवेज बस की टक्कर से प्रधान घायल

- ग्रामीणों ने बस को पकड़ा, चालक-परिचालक पुलिस हिरासत में
- बस में 85 सवारिया बैठी थी और बैग में 27000 रूपये की नगदी और मशीन थी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।


थाने में मौजूद बस चालक

अनियंत्रित रोडवेज बस की टक्कर लगने से प्रधान घायल हो गया। ग्रामीणों ने दौड़कर बस को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना देकर उसके सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रजलामई निवासी ग्राम प्रधान संजीव कुमार उस वक्त एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए जब बाइक द्वारा घर वापस लौट रहे थे। गांव के सामने गुजरते समय फर्रुखाबाद से एटा जा रही एटा डिपो की बस के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी। जिससे ग्राम प्रधान बाइक सहित सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर भागने की कोशिश कर रहे बस चालक को ग्राम खुड़नाखार के निकट दौड़ाकर पकड़ लिया। ग्रामीणों को देख चालक परिचालक मौके से फरार हो गये। दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। जिस पर शमशाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। ग्रामीणों की मानें तो शमशाबाद थाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया। घायल ग्राम प्रधान संजीव कुमार को परिजन निजी वाहन द्वारा उपचार के लिए शमशाबाद ले गए, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण प्राइवेट वाहन द्वारा फर्रुखाबाद ले गए। वहीं समाचार लिखे जाने तक उपचार जारी था। उधर बस चालक हरसिंहपुर गोआ निवासी कुंजबिहारी ने बताया कि वह परिचालक प्रबल के साथ फर्रुखाबाद से एटा जा रहे थे। खुड़ना धमगमा में अज्ञात बोलेरो सवार लोगों ने बस के आगे गाड़ी लगाकर बस रोक ली और एक्सीडेंट करने की कहकर तोड़फोड़ की और मारपीट शुरू कर दी।

बस में बैठी सवारियों ने उसे बचाया। मारपीट करने वाले लोग परिचालक प्रबल से बैग छीनकर मौके से भाग गए। बस में 85 सवारिया बैठी थी और बैग में 27000 रूपये की नगदी और मशीन थी। फर्रुखाबाद डिपो अनुबंधित बस चालक ने थाना पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

# रंजिशन बाइक सवार पर अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से बोला हमला, झोंका फायर

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

बाइक सवार युवक पर अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। विरोध करने पर फायर झोंक दिया। जिससे बाइक सवार बाल-बाल बच गया। घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के गांव नटवारा निवासी सर्वेश कुमार पुत्र तेजराम ने गांव के ही कोटेदार आराम सिंह पुत्र अलबेले सिंह तथा अज्ञात बाइक सवार सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कहा उसकी कोटे को लेकर कोटेदार से पूर्व से रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते आए दिन गाली-गलौज तथा मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। शिकायती पत्र के अनुसार 11 नवंबर की सुबह 11.30 बजे के करीब सर्वेश कुमार द्वारा किसी कार्य से बाहर गया था। घर वापस लौटते समय धर्म चौराहा नटवारा के निकट स्थित मंदिर जहां से गुजरते समय अचानक एक बाइक पर सवार दो अज्ञात लोगों द्वारा पीछा कर रोकने की कोशिश की गई। वहीं अज्ञात बाइक सवारों ने बाइक रोककर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शिकायती पत्र के अनुसार अज्ञात बाइक सवार लोगों ने धमकाते हुए कहा तेरी कोटेदार से पंगा लेने की हिम्मत कैसे हुई। मिट्टी में मिला दूंगा। यह कहते हुए आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों से हमला किया गया। हालांकि पीड़ित ने बचते बचाते हुए खुद को संभाला। इसी दौरान आरोपियों ने तमंचे से फायर कर दिया। बाइक सवार आरोपियों के हमले से बचने के लिए बाइक सहित गड्ढे में कूद गया। चीख पुकार सुन आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जब आरोपियों को ललकारा तो अज्ञात बाइक सवार जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उक्त घटना को लेकर पीड़ित ने राशन विक्रेता तथा बाइक सवार अज्ञात लोगों सहित तीन लोगों के खिलाफ थाना मऊदरवाजा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की माँग की।


हमले में घायल युवक

# दबंगों ने समरसेविल का पाइप कुल्हाड़ी से तोड़ा, कीमती सामान भी ले गये

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना जहानगंज के अंतर्गत गाँव गड़ाखेरे में अरुण राजपूत की समरसेबिल लगी है। रात मैं दबंग समरसेबिल पर पहुंचे तथा कोठरी का ताला तोड़ने की काफी कोशिश की, लेकिन ताला नहीं टूटा। जिसके बाद वह कीमती सामान उठा ले गये। जब सुबह अरुण राजपूत ट्यूबवेल पर पहुंचे, तो देखा की समर की पाइप लाइन टूटी पड़ी है और कुछ सामान भी गायब है। तब पता करने पर पता चला की गाँव के राजू पुत्र जोगराज, रवि पुत्र जोगराज से उसी दिन दोपहर में चकरोड को लेकर कहासुनी हो गयी थी। उसी रंजिश को लेकर यह लोग रात में मेरी समरसेबिल पर आये और समर पर लगी पाइप लाइन तोड़ डाली और बाहर पड़ा कुछ कीमती सामान भी अपने साथ ले गये। जब हम इस बात की शिकयत करने गये, तो यह लोग लड़ाई के लिये आमादा हो गये। तब हम चौकी राजपूताना पर गये तथा एक शिकयत पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई करवाई नहीं की है।


जानकारी देता पीड़ित तथा तोड़ा गया पाइप


स्टार बैज लगाकर सम्मानित करते सीओ व थानाध्यक्ष

## हेड मोहर्रिर की उप निरीक्षक पद पर हुई पदोन्नति

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाने में तैनात हेड मोहर्रिर रमेश चंद्र यादव की उ.नि. के पद पर पदोन्नति होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सीओ जय सिंह परिहार, अंडर ट्रेनिंग सीओ अजय वर्मा, थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या ने उनके कंधों पर स्टार बैज लगाकर उन्हें सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। सीओ ने रमेश सिंह की कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि वह 1992 से पुलिस विभाग में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने विभाग द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। उनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। विभाग द्वारा जारी करेक्टर रोल में उनकी अति उत्तम सेवा के लिए यह पदोन्नति की गई है। थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या ने बताया कि यह उनका का दूसरा प्रमोशन है। पहले प्रमोशन में वे कांस्टेबिल से हेड मोहर्रिर बने थे और अब हेड मुहर्रिर से उपनिरीक्षक बने हैं। उन्होंने बताया कि डेढ़ माह की प्रशिक्षण अवधि पूरी करने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें उपनिरीक्षक का कार्यभार सौंपा जाएगा।

# ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मकान में घुसा, किशोरी की मौत

- छात्रा का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम, पोस्टमार्टम के लिए दी तहरीर

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के गांव परमापुर निवासी कक्षा 9 की छात्रा की ट्रैक्टर ट्राली में दबकर मौत हो गई। शव घर पहुंचते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया।



बताया जा रहा है कि चांदनी पुत्री बृजपाल उम्र 17 वर्ष जो अपनी दुकान के सामने झोपड़ी के अंदर कढ़ाई कर रही थी, तभी गांव के ही निवासी हरि सिंह उर्फ हरिराम का नाती ट्रैक्टर लेकर आया तथा चढ़ाई पर चाढ़ते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर झोपड़ी में घुस गया। जिसमें दबकर छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवारीजन आनन-फानन में छात्रा को लेकर निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहीं छात्रा की हालत में सुधार नहीं हुआ तथा इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतका पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी। वहीं मां बृजरानी, दादी रामलली, बहन पिंकी, भाई रामजीत आदि का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष ने बताया सूचना मिलने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।


रोते बिलखते मृतका के परिजन

# एंबुलेंस चालक व सह चालक ने युवक को पीटा, तोड़ी सोने की चैन

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।

सरकारी एंबुलेंस चालक की दबंगई सवारी का इंतजार कर रहे दंपत्ति व उसकी पुत्री व साली के साथ गाली-गलौज कर युवक के साथ मारपीट की और गले में पड़ी सोने की चैन आधी तोड़ ली। पीड़ित का आरोप है कि वह फर्रुखाबाद जाने के लिए हजियापुर चौराहे के पास सवारी का इंतजार कर रहा था। गलत जगह से एंबुलेंस मोड़ने का विरोध करने पर उक्त एंबुलेंस चालक व सह चालक ने घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव रोशनाबाद निवासी अंकुर गंगवार अपनी पत्नी स्वाति और साली दीक्षा के साथ हाजियापुर चौराहे पर फर्रुखाबाद जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। हाजियापुर चौराहे पर एम्बुलेन्स संख्या यूपी 32ईजी/1872 का चालक वाहन को मोड़ रहा था। अंकुर ने एम्बुलेन्स चालक को वाहन मोड़ते समय आवाज लगाई और वाहन पीछे करने से मना किया। इसी बात से गुस्साए एम्बुलेन्स चालक ने गाड़ी को आगे किया और तेजी से पीछे वैक करते हुए एक बाइक पर बैठी पीड़ित की पुत्री के टक्कर मार दी। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो एंबुलेंस चालक व सह चालक ने अंकुर को पकड़ लिया और गला दबाकर एंबुलेंस की तरफ खींच ले गये। इस दौरान चालक व सह चालक ने गाड़ी से डंडा निकालकर मारपीट कर दी।

परिजनों ने किसी तरह बचाया। इस दौरान आरोपीगणों ने पीड़ित के गले में पड़ी सोने की चैन आधी तोड़ ली और अपने साथ लेकर भाग गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपियों पर कार्यवाही करने का भरोसा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी।

# रतनपुर ग्राम पंचायत में शौचालय को लेकर 14 लाख हुआ घोटाला

- पूर्व प्रधान व सचिव का भ्रष्टाचार हुआ उजागर
- वर्ष 2016-17 व 2017-18 में कराया गया था निर्माण कार्य
- नाम मिसमैच कर कराए गए फीडिंग, आधार कार्ड से पहले नहीं होती थी फीडिंग
- लाभार्थी के नाम से चेक के द्वारा होता था पेमेंट

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश में योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती नजर आ रही है, लेकिन अब दबे हुए भ्रष्टाचार उजागर हो रहे हैं। जिसमें देखा जा रहा है कि विकास खंड राजेपुर की ग्राम पंचायत रतनपुर पमारान में भारी भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। जिसमें देखा जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 व 2017-18 में लगभग 318 शौचालयों का निर्माण कार्य करवाया गया था। जिसमें ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा बड़ा खेल किया गया। बताते चलें कि उस समय चेक से सीधे लाभार्थी को भुगतान किया जाता था तथा आधार से पेमेंट नहीं होता था ना ही फीडिंग होती थी। जिसमें देखा गया कि एक ही व्यक्ति के नाम पर मात्रा बदलकर शौचालय निकाल लिए। जिसमें एक-एक व्यक्ति के नाम पर तीन-तीन शौचालय नाम बदलकर निकाले गए हैं। जिसका साक्ष्य ग्रामीणों ने दिया है।

जिसमें बताया गया है कि अनिल पुत्र ओमपाल के नाम पर क्रमांक 12, 13 पर शौचालय निकला है तथा श्याम मोहन पुत्र शिवकुमार का क्रमांक 35, 37, 39 क्रमांक पर शौचालय निकला तथा छविराम पुत्र रामनरेश 40, 46, 47 पर पैसा निकाल लिया गया। ऐसे ही गांव में 28 से अधिक व्यक्ति हैं। जिनमें एक ही नाम पर नाम की स्पेलिंग में बदलाव कर भ्रष्टाचार किया गया है। जिससे यह बड़ा प्रश्न साबित होता है कि इस भ्रष्टाचार के पीछे किसका हाथ है जिसके द्वारा या बड़ा भ्रष्टाचार किया गया। जिसमें लगभग 120 शौचालयों में लगभग 14 लाख से अधिक रूपये का घोटाला हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों मे रोष देखा जा रहा है। अब देखना यह है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर क्या कार्यवाही होती है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल


सीएचसी में भर्ती घायल

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गम्भीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम चाचूपुर निवासी भईया लाल गांव के साथी गोपाल के साथ कस्बा गए थे। देर रात घर वापस आते समय गांव के पास ही अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। हेलमेट नहीं लगाए होने के चलते बाइक चला रहे भैया लाल की गर्दन व सिर में गंभीर चोटें आईं। गंभीर हालत में भैयालाल को चिकित्सक ने जिला अस्पताल लोहिया से हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे लेकर हायर सेंटर के लिए रवाना हो गये।

# अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे जिला खनन अधिकारी

## ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागा, थाने में खड़ा कराया



थाने में खड़ा मिट्टी भरा ट्रैक्टर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे जिला खनन अधिकारी को देखकर खनन कर रहे ट्रैक्टर चालक मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर को थाने में दाखिल किया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के सिरौली रोड पर जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप को अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप अपनी टीम के साथ खनन वाले स्थान पर पहुंचे। जहां उनको एक ट्रैक्टर में एक चालक मिट्टी भरकर लाता दिखायी दिया। जैसे ही उसने जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप की गाड़ी को देखा तो वह ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। वहीं उन्होंने अपने चालक से ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने लेकर आए और थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया तथा अवैध खनन की धाराओं में कार्रवाई करने के लिए थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी को सौंप दिया। जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप ने बताया कि खनन प्रक्रिया में जो भी वैधानिक कार्रवाई होती हैं वह सिरौली के पास से पकड़े गए ट्रैक्टर को दाखिल कर की जायेगी।

# नगर में निकली गोवर्धन महाराज की शोभायात्रा

▸ जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

31वां गोवेर्धन महोत्सव व शोभायात्रा हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी श्री गोवेर्धन महाराज की शोभायात्रा अंगूरीबाग से प्रारम्भ हुई।

भक्तगण शोभायात्रा में नाचते, गाते, झूमते हुए आगे आगे चल रहे थे। अंगूरी बाग से शुरु हुई शोभायात्रा में आयोजक मण्डल का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया और शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। गोवर्धन महाराज की शोभायात्रा अंगूरीबाग से साहबगंज चौराहा, घुमना, चौक, नाला मछरट्टा होते हुए वापस अंगूरीबाग पहुंची।



गोवर्धन शोभायात्रा में शामिल झांकियां



मौजूद भक्तगण

शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां केंद्र का बिन्दु रही। यात्रा के संरक्षक महेन्द्र सिंह कुशवाहा व अध्यक्ष नरेन्द्र आर्य, महामंत्री दिलीप जैन, दुष्यंत सिंह तोमर, मोहन लाल शाक्य, राजू भारद्वाज, अवधेश वर्मा, बबलू कुशवाहा ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर श्याम सुंदर गुप्ता, बॉबी दुबे, दिलीप जैन, अमर जैन, कुलभूषण श्रीवास्तव, बबलू कुशवाहा, राजू पाल, प्रमोद शाक्य, राकेश सक्सेना, रवि चौहान, अजय मल्होत्रा, मनोज यादव, जीतू राजपूत, निक्की राठौर, रजत कपूर, बिरजू पाल, आदेश अवस्थी, रमेश चन्द्र कुशवाहा, सर्वेश श्रीवास्तव, डॉ. महेन्द्र श्रीवास्तव, राहुल कुशवाहा, गोलू सैनी, हरकिशन श्रीवास्तव, उमेश गौतम, भूरा गुप्ता, पंकज कुमार, नितिन राजपूत, आदित्य दीक्षित, दिलीप चन्द्र अग्निहोत्री, निलिख शाक्य, विपिन शाक्य, रामवीर शाक्य, धीरज कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कम्युनिस्ट पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा पार्टी की केंद्रीय समिति के विरोध पखवारा के अंतर्गत सरकार की जनविरोधी, कारपोरेटपरस्त, साम्प्रदायिक नीतियों के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपकर प्रदर्शन किया। दिये ज्ञापन में दर्शाया कि एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को खारिज करने, पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम आधे करने, बढ़ती मंहगाई को रोकने, नौजवानों को रोजगार देने, केन्द्र तथा राज्यों में सभी सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में रिक्त पदों को भरने, मनरेगा के अंतर्गत वर्ष में 200 दिन काम तथा 600 रुपये दैनिक मजदूरी उपलब्ध कराने, सरकारी संस्थानों तथा बुनियादी सेवाओं का निजीकरण न करने, देश में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा व दुर्व्यवहार तथा बच्चियों के प्रति बढ़ रहे यौन-उत्पीड़न के मामलों को रोकने, देश में बढ़ते धार्मिक उन्माद, साम्प्रदायिकता व माब-लिंचिंग को रोकने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में सुनील कुमार कटियार, रामकुमार, नरवीर सिंह, प्रमोद कुमार शाक्य, बलवीर सिंह, मदनलाल वर्मा, संतोष कुमार, राधेश्याम अलबेला, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते कम्युनिस्ट नेता

# देहव्यापार के खिलाफ स्थानीय लोग हुए लामबंद



एडीएम को ज्ञापन सौंपती महिलायें

▸ एडीएम को ज्ञापन देकर की कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचालघाट मोहल्ले में चल रहे देहव्यापार के अवैध धंधे से त्रस्त मोहल्ले के निवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए एडीएम को ज्ञापन सौंपा और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग उठाई। पतित पावनी मां गंगा के निकट मुस्लिम युवक के इशारे पर एक महिला अपने मकान में अवैध रुप से देहव्यापार का धंधा चला रही है। स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर पड़ोसी महिला पर आरोप लगाया और उसके खिलाफ ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग उठायी। आये दिन लगातार घर के बाहर युवकों का जामावड़ा लगा रहता है जिससे आसपास का माहौल खराब होता है। बड़ी संख्या महिलाओं ने इस अवैध धंधे के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की और एडीएम को ज्ञापन सौंपा। अपर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि मोहल्ले के लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जायेगा।

# राष्ट्रीय नदी गंगा की वर्षगांठ पर मनाया गया उत्सव

▸ छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व जागरुकता कार्यक्रम किये प्रस्तुत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पतित पावनी मां गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने की वर्षगांठ के अवसर पर गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन गंगा घाट पांचाल घाट पर हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम, गोष्ठी, शपथ अभियान, घाट पर हाट कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण हुआ।

विभिन्न विभाग के अधिकारीगण, विद्यालय के छात्र-छात्राओं, युवाओं, गंगा योद्धाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गंगा संरक्षण एवं स्वच्छता पर बल दिया गया। गंगा अवतरण का नाटक आकर्षक रहा। मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि गंगा सिर्फएक नदी नहीं है बल्कि हमारी संस्कृति की पहचान भी है।

बहुत सी जनसंख्या गंगा के किनारे ही निवास करके अपना जीवन यापन करती है। गंगा को निर्मल अविरल बनाने के लिए हम सभी को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने कहा कि जिस तरह से हम मां गंगा के धार्मिक रूप को देखते हैं उसी तरह से हमें मां गंगा के अन्य पहलुओं को भी देखना चाहिये। डीसी मनरेगा रणजीत सिंह ने कहा कि मां गंगा के जल को शुद्ध रखने के साथ-साथ उसमें रह रहे हैं, जीव जन्तुओं की भी रक्षा करनी चाहिए और उन्हें बचाने का प्रयास करना चाहिए। गंगा को स्वच्छ बनाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रहती है। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया गंगा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन निरंतर पांचवीं बार जनपद में किया जा रहा है।



कार्यक्रम में मौजूद विधायक व अन्य

गंगा विचार मंच के सहसंयोजक भूपेंद्र प्रताप सिंह, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन, प्रशिक्षक गीता कटियार एवं अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएं खेल प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में यूपी डास्प, कृषि विभाग, एनआरएलएम, नमामि गंगे एवं अन्य विभागों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। संचालन रोहित दीक्षित एवं कवरेज शांतनु कटियार ने किया। इस अवसर पर कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज, एनकेपी इंटर कॉलेज, रखा बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं अन्य विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## खबरें एक नजर में

### स्व रविन्द्र नाथ सिंह मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के सौजन्य से पांचवें स्व रविन्द्र नाथ मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ डीसीए सचिव एवं यूपीसीए महिला क्रिकेट के चेयरमैन इशरत महमूद खान के द्वारा फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया गया। टॉस जीतकर डीसीए किंग्स के कप्तान मयंक यादव ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। असद शाह ने शानदार शतक लगाकर उनका यह फैसला गलत साबित कर दिया। डीसीए हीरोज की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 202 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। असद शाह ने 78 गेंदों में 12 चौकों एवं 6 छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 114 रनों की पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज मानवेन्द्र ने भी 23 गेंदों में 34 रनों का योगदान दिया। डीसीए किंग्स की तरफ से मयंक यादव एवं अंश शुक्ला ने 2-2 एवं करन ने 1 विकेट लिया। 203 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसीए हीरोज की पूरी टीम 21 ओवरों में 129 रनों पर आल आउट हो गई। समीर शुक्ला ने सर्वाधिक 33 रनों का योगदान दिया। हीरोज ने यह मुकाबला 74 रनो से जीत लिया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका में अकील अहमद एवं संजय श्रीवास्तव व स्कोरर प्रदीप गुप्ता रहे। मैच का आंखों देखा हाल गोविन्द चौहान के द्वारा सुनाया गया। इस अवसर पर आयुष चित्रांश, मनीष सिंह, पंकज सिंह,शादाब खान टीटी एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### कुठौंदा-दहगुवां संपर्क मार्ग की मरम्मत कराने की सुध भूला लोनिवि

**जालौन ,उरई समृद्धि न्यूज।** विकास खंड के कुठौंदा दहगुवां से कुठौंदा बुजुर्ग के मार्ग की मरम्मत के लिए जिला पंचायत विभाग द्वारा सफाई करा दी। सफाई कराने के बाद विभाग मरम्मत कराना भूल गया है। ग्रामीणों ने मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। जिला पंचायत विभाग द्वारा कुठौंदा दहगुवां से कुठौंदा बुजुर्ग के 970 मीटर मार्ग का निर्माण 2019-20 में कराया गया था। सड़क के निर्माण को हुए अभी 5 वर्ष भी नहीं हुए हैं। इसके बाद भी सड़क खराब हो गयी है। खराब हो चुकी सड़क के कारण ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग, दहगुवां आदि गांव के लोगों को दिक्कत हो रही है। ग्रामीण गजेन्द्र सिंह सेंगर, रामधनी कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह हरिश्चंद्र, रामलला द्विवेदी, रामेन्द्र सिंह, अमरेंद्र सिंह बताते हैं कि सड़क की मरम्मत कराने के लिए लगभग 10 दिन पूर्व सफाई करायी गयी थी। सफाई कराने के बाद अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि सड़क की मरम्मत कराने के लिए मुख्यमंत्री ने 31 अक्टूबर की समय सीमा निर्धारित की थी। समय सीमा बीतने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गयी है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सड़क की शीघ्र मरम्मत करायी जाये जिससे यातायात व्यवस्था ठीक हो सके।

### डीएम ने विद्युत ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का किया निरीक्षण

**उरई ,जालौन।** सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज ट्रांसफार्मर वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया और वहां की मरम्मत प्रक्रिया की गुणवत्ता परखते हुए अधिकारियों को कड़ी हिदायतें दीं। इस दौरान, उन्होंने किसानों के खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत को प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया, ताकि वे समय पर सिंचाई कर सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी दी गई कि वर्कशॉप में 199 खराब ट्रांसफार्मर रखे गए हैं, जिनमें से अब तक 80 ट्रांसफार्मर रिपेयर किए जा चुके हैं। एक दिन में केवल 25 ट्रांसफार्मर की मरम्मत की जा रही है, जिससे प्रक्रिया में धीमी गति देखी जा रही है।

जिलाधिकारी ने डिप्टी कलेक्टर मनोज को तैनात करते हुए खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत को दो शिफ्टों में करने के आदेश दिए, ताकि प्रगति में सुधार किया जा सके। वर्कशाप उरई में उपस्थित निजी नलकूफउपभोक्ताओ को आज ही 24 ट्रांसफार्मर वितरण किये गये हैं। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता ट्रांसफार्मर वर्कशॉप, जगदीश प्रसाद को अनुपस्थित पाया, जिस पर उन्होंने उनकी वेतन रोकने का आदेश देते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

# हिन्दू संगठनों ने भाजयुमो नेता की सुरक्षा की उठायी मांग

▸ मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजयुमो नेता अंकित तिवारी को कट्टरपंथी मुस्लिम समुदाय की ओर से सोशल मीडिया पर धमकी दी जा रही है। जिससे अंकित तिवारी का परिवार खौफजदा है।

सभी सनातनी व हिन्दू संगठन के लोगों ने अंकित तिवारी के पक्ष में कट्टरपंथियों का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा।

संगठन ने मांग की है कि अंकित तिवारी व उनके परिवार की सुरक्षा की जाये। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच संगठन के संरक्षक दुर्वासा आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी एवं जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने संगठन के सदस्यों के अलावा हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा एवं भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी आदि लोगों ने फतेहगढ़ पहुंचकर जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को ज्ञापन देकर अंकित तिवारी की सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। हिन्दू संगठन में विश्व हिंदू परिषद, हिन्दू महासभा, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच, बजरंग दल, हिन्दू सेना, हिंदू राष्ट्र शक्ति संगठन, भारतीय किसान यूनियन आदि ने अंकित तिवारी के पक्ष में ज्ञापन सौंपा और माहौल खराब करने वाले लोगों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी, संत रामानुजाचार्य, विमलेश मिश्रा, विपिन अवस्थी, कोमल पांडे, अखिलेश मिश्रा, नरेंद्र सोमवंशी, राजेश दीक्षित, सौरभ मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, शिवम अवस्थी, अनमोल दुबे, सुशील सिंह चौहान, ओमेंद्र गुप्ता, संतोष त्रिवेदी, भानु प्रताप, सचिन शर्मा, क्रांति पाठक, नितिन वर्मा, सुमन राजपूत, रेखा सिंह, पारुल गुप्ता सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते विभिन्न संगठनों के लोग

# जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनाया देशबंधु चितरंजन दास का जन्मदिन

▸ चितरंजन दास ने शुरुआती जीवन में वकालत की और अलीपुर बम मामले में अरविन्दो घोष का बचाव कर उन्हे सजा से बचाया: उत्तम कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा पांचाल घाट ओपी लॉन के निकट शिवाजी कटियार के निवास पर स्वतंत्रता सेनानी देश बंधु चितरंजन दास का जन्मोत्सव मनाया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन हुआ। संचालन शिवाजी कटियार ने किया। अध्यक्षता करते हुए उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि चितरंजन दास का जन्म 1870 में कलकत्ता में हुआ था। शुरुआती जीवन में वकालत की। अलीपुर बम मामले में अरविन्दो घोष का बचाव कर उन्हे सजा से बचाया। सप्ताहिक पत्र वंदे मातरम में विपिन चन्द्र पाल व अरविन्दो घोष की मदद की। 1920 की लड़ाई में असहयोग आंदोलन में शामिल हुए। उनके जन्मदिन पर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर शिवाजी कटियार, रामनारायन मिश्रा, कन्हैया लाल श्रीवास्तव, रविन्द्र सिंह गंगवार, पृथ्वीनारायन, डॉ. महेंदी हसन, कृष्ण कुमार मिश्रा, शिव कुमार वर्मा, नरेन्द्र कुमार शर्मा मौजूद रहे।

# नहाय खाय के साथ छठ पूजा की हुई शुरूआत



जेसीबी से घाट का समतलीकरण करवाते समिति के पदाधिकारी

▸ पांचाल घाट पर जेसीबी से समिति के लोगों ने करवाया समतलीकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

पूर्वांचल विकास समिति के तत्वाधान में छठ पूजा को लेकर पांचाल घाट की समतल व साफ-सफाई की व्यवस्था की गई। लोक आस्था का पर्व छठ पूजा दीपावली के चौथे दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को नहाय खाय से शुरु होती है। इस दिन घर का शुद्धीकरण किया जाता है। इसके बाद छठ व्रती स्नान कर शुद्ध सात्विक भोजन ग्रहण कर अपना व्रत शुरु करते है। नहाय खाय के दिन व्रती चावल के साथ लौकी की सब्जी, चना की दाल, मूली आदि का सेवन करते है। नहाय खाय को छठ पूजा की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन नमक वाला भोजन केवल एक बार ही किया जाता है। इस दिन व्रती के भोजन के उपरान्त ही परिवार के बांकी सदस्य इस महाप्रसाद का सेवन करते है। पूर्वांचल समिति के सदस्यों की निगरानी में प्रशासन द्वारा जेसीबी उपलब्ध कराकर घाट का समतलीकरण किया गया। समिति के अध्यक्ष केदार शाह, प्रमोद झा, समीम अहमद, बीबी सिंह, रामबाबू आदि सदस्यों ने घाट पर पहुंचकर जेसीबी से समतीकरण करवाया।

# भाईदूज के तीसरे दिन सवारियां करती रही बसों का इंतजार



बसों का इंतजार करती सवारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली त्योहार के बाद जैसे ही रोडवेज बसों के आवागमन को लेकर सवारियों की वृद्धि हुई। भाईदूज के तीसरे दिन पर भी सवारियां ज्यादा निकलने के चलते पूरे दिन बसों का इंतजार करना पड़ा।

रोडवेज बस स्टैण्ड पर दिल्ली के अलावा अन्य मार्गों के लिए सवारियां निकली, तो बसे कम पड़ गयी। सवारियों को कई घंटों तक बसों का इंतजार करना पड़ा। रोडवेज बस स्टैण्ड पर देर शाम बड़ी संख्या में सवारियां दिखायी पड़ी, जो बसों का इंतजार कर रही थी। पूछताछ केंद्र प्रभारी ने बताया कि बसें पर्याप्त है। आने-जाने में कुछ लेट लपेट हो रही है। जबकि सवारियों ने बताया कि कई घंटे इंतजार करने के बाद बसें आती है और तुरन्त भर जाती है। ऐसे में पूरे दिन आवागमन को लेकर सवारियों को बसों का इंतजार करना पड़ा। यही हाल प्राइवेट बस स्टैण्ड पर रहा। दिल्ली जाने वाली प्राइवेट बसें मंगलवार को फुल होकर गयी।

## 21वां मानस सम्मेलन आज से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 21वां मानस सम्मेलन एवं रामकथा की अमृत वर्षा 6 नवम्बर बुधवार को डीपीवीपी कॉलेज मदारवाड़ी में सम्पन्न होगी। रामकथा में हमीरपुर के अरिमर्दन शास्त्री मानस भूषण व सतना मध्यप्रदेश के आदित्य कुमार त्रिपाठी, महोबा की राजकुमारी, दिल्ली की कीर्ति रामायणी, फर्रुखाबाद की साधना शर्मा, सर्वेश शुक्ल अपने मुखार बिंदु से प्रवचन करेगें। कार्यक्रम की व्यवस्था भारत सिंह के अलावा सभी सहयोगीगण करेगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश निराला ने दी है।

# वर्तमान में समस्याओं का हल प्रेम व शांति में समाहित है: एएसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वर्तमान की समस्याओं का हल प्रेम व शांति में समाहित है, बोलते हुए पुलिस अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया दीपावली में लक्ष्मी जी का आह्वान करते हैं।

परिवार व समाज की सुख समृद्धि के लिए, परंतु धन बल के साथ भाईचारे की भावना आपस में वित्तवाद संबंधों में एक रास्ता वह शांति हमदर्दी व सहयोग की भावना ही भैया दूज का संदेश देते हैं। भैया दूज स्वयं के आत्मिक भाव को जागृत करने का विशेष त्यौहार है। केंद्र प्रभारी बहन सुमन ने आए हुए सभी मेहमानों को शुभकामनाएं दीं तथा भाई दूज पर मंगल तिलक किया। बीके बहन राधिका ने भैया दूज पर अपने विचार प्रकट किए। बीके मीरा बहन ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुशील शाक्य विधायक अमृतपुर ने कहा कि मैं ब्रह्माकुमारी हेड क्वार्टर माउंटआबू गया था। वहां शांति का अनुभव बहुत किया और यहां पर आने से मैंने देखा आध्यात्मिक जुड़ने से मन में बहुत शांति और ऊर्जा प्राप्त होती है और शांति मिलती है। जितनी परेशानी जीवन में आती है वह सब दूर होने लगती है। साथ-साथ बहुत खुशी मिलती है। मैं चाहता हूं कि आप लोग भी आध्यात्मिक से जुड़ें तथा अपने जीवन में खुशी और शक्ति को अपनायें। उन्होंने कहा कि हमने देखा बहन सुमन ने हमसे छोटे होते हुए भी अपने जीवन को परमात्मा के कार्य में लगा दिया। डीएस राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



विधायक सुशील शाक्य को सम्मानित करती बीके सुमन



कार्यक्रम में मौजूद श्रोता

## गौसेवा आयोग अध्यक्ष ने गायों को खिलाया गुड़-चना

**जालौन ,उरई समृद्धि न्यूज।** अध्यक्ष उप्र गौ-सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता, सदस्य राजेश सिंह ने जिलाधिकारी के साथ ग्राम चमारी स्थित गौशाला का निरीक्षण कर निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पानी, भूसा व हरा चारा की पर्याप्त व्यवस्था देख गौवंशों को गुड़ चना खिलाया। साथ ही गौशाला में साफसफाई के उचित प्रबंध होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बीमार गौवंश की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी को दें, साथ ही समय समय पर चिकित्सक गौवंशों का स्वास्थ परीक्षण करते रहे।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैने अपने बड़े पुत्र सुमित चौहान उर्फ अभिषेक सिंह के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**शैलेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बृजपाल सिंह निवासी ग्राम ताजपुर थाना मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रानीपुर गौर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 05/11/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर गौर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06/11/2024 से 12/11/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/11/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | बम्बा से संतोष के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 1.65 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 2- | अजय के घर से राजेन्द्र के बाग तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.96 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 3- | लालमन के घर से बादाम सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.68 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 4- | लालमन के घर से बादाम सिंह के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.52 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 5- | पदम सिंह के घर से गोपाली के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.60 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |
| 6- | पदम सिंह के घर से गोपाली के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.44 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (कमलेश कुमार यादव) ग्रा0पं0 रानीपुर गौर, कायमगंज ग्राम विकास अधिकारी (शशि देव सिंह)**

# एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका पर चर्चा की आवश्यकता

एजेंसी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एशिया को मजबूत बनाने में बौद्ध धर्म की भूमिका को लेकर कहा कि हमें इस बात पर चर्चा की आवश्यकता है कि बौद्ध धर्म एशिया और दुनिया में वास्तविक शांति कैसे ला सकता है। एक ऐसी शांति जो न केवल शारीरिक हिंसा से मुक्त हो बल्कि सभी प्रकार के लालच और घृणा से भी मुक्त हो।

राष्ट्रपति ने मंगलवार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि शिखर सम्मेलन बुद्ध की शिक्षाओं की हमारी साझा विरासत के आधार पर हमारे सहयोग को मजबूत करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा। भारत धर्म की पवित्र भूमि है। हर युग में भारत में महान गुरु और रहस्यवादी, द्रष्टा और साधक हुए हैं जिन्होंने मानवता को अंदर शांति और बाहर सद्भाव खोजने का मार्ग दिखाया है। इन पथ प्रदर्शकों में बुद्ध का अद्वितीय स्थान है। बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ गौतम का ज्ञान प्राप्त करना इतिहास में अद्वितीय घटना है। उन्होंने न केवल मानव मन के कामकाज के बारे में अतुलनीय समृद्ध अंतर्दृष्टि प्राप्त की, बल्कि उन्होंने बहुजन सुखाय बहुजन हिताय की भावना से सभी लोगों के साथ इसे साझा किया।

### साधकों ने बुद्ध के प्रवचनों में अलग-अलग अर्थ निकाले

राष्ट्रपति ने कहा कि सदियों से यह स्वाभाविक ही रहा है कि अलग-अलग साधकों ने बुद्ध के प्रवचनों में अलग-अलग अर्थ निकाले और इस तरह कई तरह के संप्रदाय उभरे। व्यापक वर्गीकरण में, आज हमारे पास थेरवाद, महायान और वज्रयान परंपराएं हैं, जिनमें से प्रत्येक में कई विचारधारा व संप्रदाय है। इसके अलावा, बौद्ध धर्म का ऐसा उत्कर्ष इतिहास के विभिन्न कालखंडों में कई दिशाओं में हुआ। एक विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में धम्म के इस प्रसार ने एक समुदाय, एक बड़ा संघ बनाया। एक तरह से बुद्ध के ज्ञान की भूमि भारत इसका केंद्र है। लेकिन, ईश्वर के बारे में जो कहा जाता है, वह इस बड़े बौद्ध संघ के बारे में भी सच है, इसका केंद्र हर जगह है और परिधि कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया कई मोर्चों पर अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है, न केवल संघर्ष बल्कि जलवायु संकट भी तो एक बड़े बौद्ध समुदाय के पास मानव जाति को देने के लिए बहुत कुछ है। बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदाय दुनिया को दिखाते हैं कि संकीर्ण सांप्रदायवाद का मुकाबला कैसे किया जाए। उनका मुख्य संदेश शांति और अहिंसा पर केंद्रित है। यदि कोई एक शब्द बौद्ध धम्म को व्यक्त कर सकता है, तो वह है करुणा जिसकी आज दुनिया को जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं का संरक्षण हम सभी के लिए महान सामूहिक प्रयास रहा है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारत सरकार ने अन्य भाषाओं के साथ-साथ पाली और प्राकृत को भी 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया है।

## दिल्ली में एक हजार से अधिक छठ घाट बनाए गए : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने छठ महापर्व के मद्देनजर छठ व्रतियों की पूजा करने के लिए राजधानी के विभिन्न हिस्सों में कुल एक हजार से अधिक घाट बनाए हैं, ताकि उन्हें उनके घर के आसपास ही यह सुविधा मिल सके। यह जानकारी मुख्यमंत्री आतिशी ने आज यहां प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान दी। मुख्यमंत्री आतिशी बताया कि देश के अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में भी छठ महापर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसे में नहाय खाय के साथ चार दिन का ये पावन पर्व आज से शुरू हो गया है। उन्होंने छठ व्रतियों, खासकर पूर्वांचली भाई-बहनों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दीं। आतिशी ने बताया कि एक समय था, जब दिल्ली से हमारे पूर्वांचली भाई-बहनों को छठ के लिए दूर अपने गांव जाना पड़ता था लेकिन अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पिछले दस सालों से दिल्ली में इस महापर्व को धूमधाम से मनाया जा रहा है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र 'विकसित भारत' का आधार बनने जा रहा : प्रो. वीके पॉल

एजेंसी




नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य प्रो. वी.के. पॉल ने मंगलवार को कहा कि सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह से पुनर्जीवित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम केवल एक योजना नहीं चला रहे हैं, बल्कि संपूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं, जो भविष्य के लिए तैयार होगी और 2047 तक हमारे देश की विकसित भारत यात्रा में सहायक होगी।

नीति आयोग के सदस्य प्रो. वीके पॉल ने नई दिल्ली में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'स्वस्थ भारत, विकसित भारत' थीम पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। 'फिक्की हील 2024' को संबोधित करते हुए प्रो. पॉल ने कहा कि 'विकसित भारत' का अर्थ 32 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय में 2,500 डॉलर से 18,000 डॉलर तक की वृद्धि भी है। प्रो. पॉल ने कहा कि 'विकसित भारत' बनने की यात्रा के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र इसका आधार बनने जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र को सक्षम बनाने के लिए अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए। स्वस्थ भारत, विकसित भारत और निरामया भारत ऐसी भावना है, जिसे मैं उम्मीद करता हूं कि हम सभी साझा करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए डॉ पॉल ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि नई तकनीकों को मान्य किया जाए।डॉ पॉल ने उद्योग को एआई के उपयोग को मान्य करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा, सुनिश्चित करें कि हमारे डाटा पेश की गई एआई तकनीकें मान्य हों। डॉ पॉल ने यह भी कहा कि सरकार भारत में एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए काम कर रही है, जो औसत जीवन प्रत्याशा को 71 वर्ष से बढ़ाने में मदद करेगी व सरकार 2047 तक चिकित्सक अनुपात और बिस्तर अनुपात को बढ़ाने के साथ-साथ 85 वर्ष से अधिक होने की आकांक्षा रखती है। उन्होंने आयुष्मान भारत कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने पर प्रकाश डालते हुए कहा, आयुष्मान भारत वय वंदना कार्ड के साथ 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत का विस्तार किया गया है।

# दिल्ली में 10 दिनों तक प्रदूषण बढ़ने का अनुमान, रोकथाम और निगरानी के लिए 588 टीमें तैनात

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में 33 विभागों के साथ प्रदूषण की रोकथाम को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण वैज्ञानिकों के मुताबिक राजधानी में अगले 10 दिन तक प्रदूषण बढ़ने वाला है। ऐसे में प्रदूषण की रोकथाम के लिए सभी विभागों को सतर्क किया है। 6 नवंबर से 6 दिसंबर 2024 तक खुले में कोई आग ना जलाए, इसके लिए एंटी ओपन बर्निंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए 588 टीमों का गठन किया गया है।

गोपाल राय ने कहा कि दिवाली के बाद दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में एक्यूआई का स्तर 300-400 बना हुआ है लेकिन एक्सपर्ट का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में मौसम प्रतिकूल हो रहा है, तापमान कम हो रहा है। ऐसे में एक्यूआई का स्तर बढ़ने पर कैसे विंटर एक्शन प्लान के नियमों को दिल्ली में लागू किया जाए, इसके लिए दिल्ली के 33 विभागों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में अभी तक प्रदूषण रोकने के लिए किए गए कार्रवाई की समीक्षा की गई और आने वाले दिनों में कैसे सक्रियता और सतर्कता से प्रदूषण पर लगाम लगाकर रखी जाए, इस पर चर्चा की गई। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि सभी विभागों से कहा गया है कि वह प्रदूषण के रोकथाम के लिए काम कर रही अपनी-अपनी टीमों के साथ भी बैठक करें और अगले 10 दिन तक उन्हें भी अलर्ट रखें। दिल्ली में धूल प्रदूषण, व्हीकल पॉल्यूशन समेत अन्य प्रदूषण की रोकथाम का अभियान चलाया जा रहा है। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली में खुले में कूड़ा या अन्य सामग्री जलाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए 6 नवंबर से 6 दिसंबर तक एन्टी ओपेन बर्निंग अभियान चलाया जाएगा। कल से इस अभियान में दिल्ली नगर निगम, रेवेन्यू विभाग, एनडीएमसी, दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी, इरिगेशन फ्लड डिपार्टमेंट डीएसआईडीसी की 588 टीमें अलग-अलग लगाई जा रही हैं। ये टीमें फील्ड में आग की घटनाओं को रोकने का काम करेंगी। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली के अंदर नाइट ड्यूटी करने वाले सुरक्षा गार्ड को हीटर दिया जाएगा, ताकि वे ठंड से बचने के लिए आग न जलाएं। इसके लिए सभी सरकारी व प्राइवेट एजेंसियों को आदेश दिया गया है। 500 वर्ग मीटर से अधिक की निर्माण साइट पर नाइट में काम करने वालों को भी हीटर देना अनिवार्य होगा।

## मध्यप्रदेश में शासकीय नियुक्तियों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक में महिलाओं को मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की ओर से मिलने वाली शासकीय नियुक्तियों में 35 फीसदी आरक्षण को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस संबंध में संवाददाताओं को बताया कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा में महिलाओं की नियुक्ति के लिए आरक्षण को 33 फीसदी से बढ़ाकर 35 फीसदी कर दिया गया है। ये अहम निर्णय सभी विभागों में नियुक्ति के लिए होगा। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए कैबिनेट द्वारा प्रदेश में आज 254 नगद नए उर्वरक केंद्र खोलने की स्वीकृति दी गई है। इससे डिफाल्टर किसानों को भी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सारणी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की 4 पुरानी इकाइयों के स्थान पर 660 मेगावॉट का नया पावर प्लांट लगाने की अनुमति दी गई है।

# हिंदुओं को बांटने की अखिलेश यादव की कोशिश होगी नाकाम : सिंह

समृद्धि न्यूज

- 'एक रहेंगे तो नेक रहेंगे' के नारे ने अखिलेश यादव की नींद उड़ा दी

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता एसएन सिंह ने मंगलवार को कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की हिन्दू समुदाय को जाति में बांटने की कोशिश सफल नहीं हो पायेगी। श्री सिंह ने कहा कि 'एक रहेंगे तो नेक रहेंगे' के नारे ने अखिलेश यादव की नींद उड़ा दी है। उनकी बैचैनी का आलम यह हैं कि अब तो उनके 'नवरत्न' भी उनको सुझाव नहीं दे पा रहे हैं।

उन्होंने कहा सब लोग जानते थे कि अखिलेश की पार्टी का नाम समाजवादी और काम समाजबाटी का है। जब जनता के बीच भेद खुल गया तो अब वे अब हिन्दुओं को जाति में बांटने का काम करने लगे। वे जनता को भ्रमित करने के लिए रोज नये नारे गढ रहे हैं, लेकिन उनकी यह कोशिश निरर्थक साबित हो रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए सपा के राम चरित मानस की प्रतियां जलाना, साधु सन्यासियों का अपमान, राम भक्तों पर गोली, भगवान् श्री राम को हवा में उड़ाने और मठ माफियाओं को जोड़ने के प्रयास को जनता अब जान चुकी है। उन्होंने अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि जिसके लिए वो कर रहे हैं, वे भी आपके होने वाले नहीं है। जनता अब उनको समझ चुकी है तथा प्रदेश में विधानसभा के उप चुनाव में उनको भारी पराजय का सामना करना पड़ेगा जबकि जनता विकास को तरजीह देकर उप चुनाव में भाजपा को भारी जीत दर्ज करायेगी।

## खबरें एक नजर में

### निर्दोष लोगों की जान लेने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वालों के घरों को जमीन पर गिरा दिया जाएगा और निर्दोष लोगों की जान लेने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उत्तरी कश्मीर के बारामूला में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि अगर कोई आतंकवादियों को पनाह देगा तो उसका घर जमींदोज कर दिया जाएगा और कहा कि सरकार की ओर से इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्दोष लोगों की जान लेने वालों को बिना सजा के नहीं छोड़ा जाना चाहिए। बिना किसी का नाम लिए उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग ऐसे बयान देते हैं जो न्याय के खिलाफ जाते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि कुछ लोग बयान देते हैं कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अन्याय किया जा रहा है। मेरा मानना है कि यह न्याय की मांग है, ऐसा हो रहा है और भविष्य में भी ऐसा होता रहेगा।

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने केन्द्र सरकार की सिफारिश पर 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक शीतकालीन सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए सत्र की अवधि कम ज्यादा हो सकती है। 26 नवंबर (संविधान दिवस) पर संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### 67 लाख नकदी और निवेश के कागजात बरामद

रांची। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रांची पुलिस ने मंगलवार को शहर के नामकुम स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक रामजी यादव के तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार, अवैध नकदी की सूचना पर नामकुम स्थित यूनिवर्सिटी, मां कलावती अस्पताल और चुटिया थाना क्षेत्र के अमरावती कॉलोनी स्थित संचालक के आवास में छापेमारी की गयी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि छापेमारी के दौरान अबतक 67 लाख रुपये नकदी और जमीन में निवेश करने के कागजात बरामद किये गये हैं। पूरे मामले की जांच-पड़ताल जारी है। उल्लेखनीय है कि 30 अक्टूबर को इससे पूर्व रांची पुलिस ने नामकुम स्थित जीडी गोयनका स्कूल में छापेमारी कर एक करोड़ 14 लाख 99 हजार रुपये बरामद किया था।

### मैत्री फुटबॉल मैच के लिए खिलाड़ियों की भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ ने मंगलवार को हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी गाचीबोवली स्टेडियम में 18 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ खेले जाने वाले आगामी फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। टीम 11 नवंबर को प्रशिक्षण शिविर के लिए हैदराबाद में एकत्रित होगी। अक्टूबर की शुरुआत में, ब्लू टाइगर्स ने एक दोस्ताना मैच में वियतनाम का सामना किया, जहाँ उन्होंने 1-1 से ड्रॉ के बाद खेल समाप्त किया। वियतनाम के खिलाफ भारत के लिए फारुख चौधरी एकमात्र स्कोरर थे। भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अपने पिछले 11 मैचों में जीत हासिल करने में विफल रही है। भारत की आखिरी जीत 16 नवंबर, 2023 को फीफा विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत के खिलाफ हुई थी, जब उन्होंने अपने विरोधियों को 1-0 से हराया था। भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज़ ने टीम में तीन अनुभवी गोलकीपरों को शामिल किया है।

### नीति आयोग 15 दिवसीय 'जल उत्सव' की शुरुआत करेगा

नई दिल्ली। नीति आयोग जल प्रबंधन, संरक्षण और स्थिरता के प्रति जागरुकता और संवेदनशीलता पैदा करने के लिए 6 नवंबर से 15 दिवसीय 'जल उत्सव' की शुरुआत करने जा रहा है। नीति आयोग ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि यह जल उत्सव 20 राज्यों के 20 आकांक्षी जिलों अथवा ब?लॉकों में आयोजित किया जाएगा, जो राष्ट्र को एक स्थायी, जल-जिम्मेदार समाज बनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य हर घर में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अधिक जागरुकता पैदा करना, जल संसाधनों की सुरक्षा और कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए समुदायों को शामिल करना, स्कूली छात्रों को जल चैंपियन के रूप में सशक्त बनाना, परिवारों और समुदायों को स्थायी प्रथाओं की ओर मार्गदर्शन करना, जल प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं और अभिनव समाधानों को बढ़ावा देना, राष्ट्रव्यापी अनुकरण को प्रेरित करना है।

# शरद पवार ने संसदीय राजनीति से संन्यास लेने का संकेत दिया

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को संसदीय राजनीति से संन्यास लेने का इरादा व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके राज्यसभा के कार्यकाल का डेढ़ साल बचा है, इसलिए अब मुझे दोबारा राज्यसभा में जाने के लिए सोचना होगा। पार्टी के भीतर नया नेतृत्व तैयार करना जरूरी है, इसलिए उन्होंने यह पहल खुद से करने का निर्णय लिया है।

बारामती विधानसभा में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवार युगेंद्र पवार की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि उन्होंने 1967 से संसदीय राजनीति शुरू की और इसी क्षेत्र से विधायक बने थे। मैं तीस साल बाद अजीत पवार को इस क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपकर केंद्रीय राजनीति में चला गया था। शरद पवार ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा दोनों जगह कुल मिलाकर मैंने 14 बार चुनाव लड़ा और आप लोगों ने मुझे घर नहीं बिठाया। मैंने चुनाव न लड़ने का निर्णय पहले ही ले लिया था। राज्यसभा का कार्यकाल डेढ़ साल का बचा है, इसलिए मुझे दोबारा राज्यसभा में जाने के लिए सोचना होगा। बारामती विधानसभा क्षेत्र में राकांपा एपी की ओर से उपमुख्यमंत्री अजीत पवार चुनाव लड़ रहे हैं।

शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले जब यहां लोकसभा का चुनाव लड़ रही थी, तब अजीत पवार ने सुप्रिया सुले के सामने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को मैदान में उतारा था, लेकिन सुप्रिया पवार चुनाव जीत गई थी। बारामती विधानसभा क्षेत्र में सुप्रिया सुले को 48 हजार वोट की बढ़त मिली थी। बारामती लोकसभा की सीट पर ननद-भाभी के बीच लड़ाई की वजह पूरे देश की निगाहें इस सीट पर थीं। इसी तरह बारामती विधानसभा सीट पर इस समय अजीत पवार और युगेंद्र पवार की लड़ाई भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

## भारत के साथ दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौते को नेपाली सुप्रीम कोर्ट की झंडी

काठमांडू। नेपाल की तत्कालीन प्रचंड सरकार द्वारा भारत के साथ किए गए दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौते को नेपाल के सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी मिल गयी है। इस समझौते को रद्द करने की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे देशहित का समझौता बताया है।

चार जनवरी 2024 को भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के नेपाल दौरे के दौरान 10 वर्ष में 10 हजार मेगावाट विद्युत व्यापार समझौता हुआ था। इस समझौते को राष्ट्रघाती बताते हुए तत्कालीन विपक्षी दल सीपीएन (यूएमएल) के समर्थक सूर्यनाथ उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए इस समझौते को खारिज करने की मांग की थी। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जो कि उस समय विपक्षी दल के नेता थे उन्होंने अपनी पार्टी सीपीएन (यूएमएल) की केंद्रीय समिति में इस समझौते को राष्ट्रघाती बताते हुए इसे खारिज किए जाने का मुद्दा उठाया था।

# सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए : मल्लिकार्जन खरगे

एजेंसी



हजारीबाग। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने मंगलवार को झारखंड में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने हजारीबाग के मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। साथ ही राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाले बयान के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि 'ये मोदी की गारंटी हैज'. कहां है आपकी गारंटी। खरगे ने कहा कि गारंटी कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने दी थी। उनकी वजह से भूखे लोगों को आज अन्न मिल रहा है। उन्होंने मनरेगा योजना की गारंटी दी थी। लोगों को साल 100 दिन के रोजगार की गारंटी मिली थी। आज मोदी की सरकार इस योजना को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'आपके वादों का कद भी आपके जैसा है। कभी भी नाप के देखो तो कम निकलता है।

मल्लिकार्जुन ने कहा कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने 2022 में एससी-एसटी के आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव पास करके भेजा था। आज भी वह प्रस्ताव राजभवन में पड़ा है। उसे मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही। यदि आप एससी-एसटी-ओबीसी के हितैषी हो, तो आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी क्यों नहीं करते।

वर्ष 2022 में झारखंड सरकार ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, उसमें ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की सिफारिश की गई थी। एससी का आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और एसटी का आरक्षण 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। इसे अब तक मंजूरी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि देखिए आज महंगाई और पेट्रोल-डीजल का क्या हाल है। खरगे ने कहा कि भाजपा और एनडीए कांग्रेस की कॉपी करती है। उनकी एक भी योजना अपनी नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक में भाग्यलक्ष्मी योजना लेकर लाई।

# हॉकी इंडिया लीग ने अपनी वेबसाइट का किया शुभारंभ

एजेंसी




नई दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने मंगलवार को 2024-2025 के एचआईएल वेबसाइट का शुभारंभ और बहुप्रतीक्षित सीज़न के कार्यक्रम की घोषणा की। 28 दिसंबर को एचआईएल का पहला मैच राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में दिल्ली एसजी पाइपर्स और गोनासिका के बीच खेला जाएगा।

हाल ही में लॉन्च की गई एचआईएल वेबसाइट hockeyindialeague.com के जरिये दुनिया भर के प्रशंसकों को लीग की ताज़ा खबरें, मैच शेड्यूल, पूरी टीम की सूची और विशेष वीडियो प्रदान की जाएंगी। एक आकर्षक और मनोरंजक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई, यह वेबसाइट एचआईएल से जुड़ी सभी चीज़ों के लिए अंतिम स्रोत होगी, जो प्रशंसकों, खिलाड़ियों और हॉकी के प्रति उत्साही लोगों को पहले से कहीं ज़्यादा खेल के करीब रखेगी। खिलाड़ियों की व्यापक नीलामी के बाद, आठ पुरुष और चार महिला टीमें इस प्रतियोगिता के लिए कमर कस रही हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा और सबसे बेहतरीन एचआईएल सीजन होने का वादा करता है। पुरुषों की लीग 28 दिसंबर को राउरकेला में शुरू होगी, जिसमें मैच दो चरणों में जारी रहेंगे और 1 फरवरी 2025 को अंतिम मुकाबला होगा। इस बीच, महिला टीमें 12 जनवरी 2025 को रांची में अपनी लीग यात्रा शुरू करेंगी, जिसका ग्रैंड फिनाले 26 जनवरी को होगा।

### एचआईएल पुरुष लीग प्रारूप

पुरुषों की एचआईएल राउरकेला में शुरू होगी, जिसका पहला चरण 28 दिसंबर से 18 जनवरी तक चलेगा, जिसमें सभी आठ टीमें एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेंगी। 19 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे चरण में टीमों को दो पूल में पूल ए (दिल्ली एसजी पाइपर्स, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स, सूरमा हॉकी क्लब, वेदांत कलिंगा लांसर्स) और पूल बी (गोनासिका, हैदराबाद तूफान, तमिलनाडु ड्रैगन्स, यूपी रुद्रस) में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक टीम अपने-अपने पूल में मौजूद टीमों से भिड़ेगी, शीर्ष चार टीमें 31 जनवरी को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

### एचआईएल महिला लीग प्रारूप

महिला एचआईएल 12 जनवरी को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में शुरू होगी, जिसमें प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ दो बार खेलेगी। प्रतिस्पर्धी पूल चरण के बाद, शीर्ष दो टीमें 26 जनवरी को फाइनल में भिड़ेंगी। पुरुष और महिला दोनों टीमें अपने एक-एक मैच वैकल्पिक स्थल पर खेलेंगी, ताकि विभिन्न स्थानों पर प्रशंसकों के लिए एचआईएल का रोमांच बढ़ाया जा सके। एचआईएल की वापसी पर हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, हम सात साल के अंतराल के बाद एचआईएल को फिर से शुरू करने पर रोमांचित हैं। इस सीज़न में उच्च-स्तरीय मैच और कड़ी प्रतिस्पर्धा का वादा किया गया है, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतिभाओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिलेगा। हमारी नई वेबसाइट के लॉन्च से प्रशंसक एक्शन के और करीब आ गए हैं, लेकिन असली रोमांच आगे की यात्रा में है। हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, एचआईएल की वापसी भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हम रोमांचक मैचों और असाधारण प्रतिभाओं के प्रदर्शन को देखने के लिए उत्सुक हैं। नई वेबसाइट के साथ, लीग का अनुसरण करना आसान और अधिक मनोरंजक होगा, जिससे हमें एक अविस्मरणीय हॉकी सीज़न देने में मदद मिलेगी।

## जलगांव में निर्दलीय उम्मीदवार पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

मुंबई। जलगांव जिले के मुक्ताईनगर-बोडवड विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार विनोद सोनावणे पर बोडवड तहसील के राजूर गांव में अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार दोपहर में फायरिंग की और फरार हो गए। बोडवड पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी के सहयोग से मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार निर्दलीय उम्मीदवार विनोद सोनावणे बोदवड-मुक्ताईनगर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। आज दोपहर करीब 2 बजे सोनावणे राजुर गांव में अपने समर्थकों सहित प्रचार कर रहे थे, उसी समय अज्ञात बदमाश दोपहिया वाहन से मौके पर आए। इन दोनों ने विनोद सोनावणे पर फायरिंग की और तत्काल फरार हो गए। इस घटना के बाद विनोद सोनावणे अपने समर्थकों सहित बोदवड पुलिस स्टेशन पहुंचे और अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। बोडवड़ पुलिस स्टेशन की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का मुआयना किया और मामले की जांच कर रही है।

# हरमनप्रीत कौर की शीर्ष 10 में वापसी

एजेंसी



नई दिल्ली। अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के अंतिम मैच में न्यूजीलैंड पर अपनी टीम की छह विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापस आ गई हैं। पहले दो मैचों के बाद तीन पायदान नीचे खिसकने वाली कौर ने 63 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाकर संयुक्त नौवां स्थान हासिल किया, जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दिन-रात के मैच में अपने शानदार प्रदर्शन से महत्वपूर्ण रेटिंग अंक हासिल किए, जिससे भारत ने श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

शर्मा ने पिछले सप्ताह ही अपने करियर के सर्वोच्च 687 रेटिंग अंक हासिल किए थे और गेंदबाजों में अपना दूसरा स्थान मजबूत किया था, उन्होंने 39 रन देकर तीन विकेट चटकाने के बाद 16 अंक और जोड़कर 703 रेटिंग अंक हासिल किए। इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन हालांकि 770 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बड़ी बढ़त बनाए हुए हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना, जिन्होंने 100 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, ने 23 रेटिंग अंक जोड़े हैं और कुल 728 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं, जो कि श्रीलंका की चमारी अथापट्टू से सिर्फ पांच कम है। इंग्लैंड की नटाली साइवर-ब्रंट 760 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। भारत की विकेटकीपर यास्तिका भाटिया बल्लेबाजी रैंकिंग में 35 रन बनाकर 48वें से 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि न्यूजीलैंड के लिए ब्रुक हॉलिडे की 86 रनों की पारी ने उन्हें 12 पायदान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंचा दिया है और जॉर्जिया प्लिमर के 39 रनों ने उन्हें 85वें से 74वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

### कैंची धाम में भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने लगाई हाजिरी

नैनीताल। सुप्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी सुरेश रैना ने मंगलवार को जिले के पवित्र कैंची धाम पहुंचकर बाबा नींब करौरी महाराज की प्रतिमा के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया और बाबा की शिला पर फूल-माला चढ़ाईं। इस मौके पर क्रिकेटर सुरेश रैना ने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से मंदिर के क्रियाकलापों और दिनचर्या की जानकारी ली। रैना ने कहा कि बाबा के दर्शन से मन को शांति मिली और यहां आकर बहुत अच्छा महसूस हुआ। बाबा की महिमा से ही हर दिन हजारों भक्त यहां आकर लाभान्वित होते हैं। इस दौरान धाम के प्रबंधक प्रदीप साह और कैंची के ग्राम प्रधान पंकज निगलटिया ने रैना का स्वागत किया। बाबा नींब करौरी महाराज का पवित्र धाम कैंची धाम देश-विदेश के भक्तों के साथ ही देश के वीआईपी-वीवीआईपी के लिए आस्था के साथ का प्रमुख केंद्र बन गया है। बीते वर्ष क्रिकेटर विराट कोहली व उनकी धर्मपत्नी अनुष्का शर्मा के आने के बाद यहां इस वर्ष कई प्रमुख नेता, अभिनेता और क्रिकेट जगत के सितारे बाबा के दर्शन कर चुके हैं।